स्वदेश TODAY digital
रांची, बुधवार
08.05.2024
वर्ष : 09, अंक : 126, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

राज्य में तपती गर्मी के बीच राहत बनकर बरसीं बारिश की बूंदे ▶▶ 3



@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

# लोकसभा चुनाव 2024 : तीसरे चरण में 60 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

- तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर हुआ मतदान
- चुनावी मैदान में थे 120 महिलाओं समेत करीब 1,300 उम्मीदवार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मंगलवार को 11 राज्यों और केन्द्र शासित दादर-नगर हवेली तथा दमन एवं दीव की कुल 93 सीटों पर मतदान समाप्त हो गया। तीसरे चरण में कुल 17.24 करोड़ से अधिक मतदाता थे। 17.24 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.85 करोड़ पुरुष व 8.39 करोड़ महिलाएं थीं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.04 लाख से अधिक, 100 वर्ष से अधिक आयु के 39,599 मतदाता और 15.66 लाख दिव्यांग मतदाता थे। चुनाव आयोग की सूचना के अनुसार, शाम पांच बजे तक असम में सबसे अधिक 74.16 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत और गोवा में 72.52 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र में मतदान की गति सबसे धीमी थी और शाम पांच बजे तक 53.40 प्रतिशत वोट पड़े थे।

बता दें कि तीसरे चरण के चुनाव में 120 महिलाओं समेत करीब 1,300 उम्मीदवार मैदान में थे। जिन प्रमुख नेताओं की हार-जीत का फैसला ईवीएम में बंद हो चुका है, उनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला, श्रीपद यसो नाइक, एसपी सिंह बघेल, नारायण राणे और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। इनके अलावा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, दिग्विजय सिंह व एनसीपी की सुप्रिया सुले भी चुनाव लड़ रही थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात की गांधी नगर सीट से चुनाव लड़ा। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस चुनाव में विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार थे। वहीं, कांग्रेस पार्टी की ओर से पश्चिम बंगाल के बरहामपुर में अधीर रंजन चौधरी और मध्य प्रदेश के राजगढ़ में दिग्विजय सिंह मैदान में थे। गुना, मध्य प्रदेश से ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे और उत्तर प्रदेश की मैनपुरी से समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव उम्मीदवार थीं।

### दिग्गज केंद्रीय मंत्रियों और विपक्षी नेताओं की किस्मत ईवीएम में बंद



### झारखंड : सातवें चरण में राज्य में तीन लोकसभा सीटों पर होगा चुनाव, अधिसूचना जारी

**रांची :** निर्वाचन आयोग ने सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सातवें चरण का मतदान एक जून को होगा। इसमें झारखंड की तीन लोकसभा सीटों राजमहल (अजजा), दुमका (अजजा) और गोड्डा में चुनाव होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई, नामांकन की समीक्षा 15 मई और नाम वापसी की समय सीमा 17 मई रखी गयी है।

चुनाव प्रचार : मध्य प्रदेश में कांग्रेस पर जमकर बरसे मोदी, कहा –

# देश के लिए भयानक और खतरनाक हैं कांग्रेस के इरादे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मध्य प्रदेश के खरगोन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी के चुनावी स्टंट और फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी वाले बयान पर भी जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक पूर्व सीएम ने कहा हमारी सेना आतंकी हमले करती है, क्या देश का नागरिक ऐसी बात सुन सकता है। कांग्रेस के एक और साथी दल के नेता भारत को धमकी देते हैं और कहते हैं पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हुई है। उन्होंने कहा कि आखिर क्यों पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत और हमारी सेना से इतनी नफरत। पीएम मोदी ने आगे कहा - कांग्रेस के इरादे कितने भयानक हैं, उसकी साजिशें कितनी खतरनाक है, ये समझने के लिए आपको उन लोगों की बातें सुननी होगी, जो 20-25 साल कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता रहे हैं और ये लोग अब धमाधम कांग्रेस छोड़ रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा - कांग्रेसी देश में आग लगाने की बातें कर रहे हैं। कांग्रेस-इंडी गठबंधन को आस्था और देशहित की परवाह नहीं है। राष्ट्र विरोधी बातें करने में कांग्रेस के लोगों में होड़ लगी है। रैली में पीएम मोदी ने कहा - पाकिस्तान में आतंकी भारत के खिलाफ जिहाद की धमकी दे रहे हैं और यहां कांग्रेस के लोगों ने भी घोषणा कर दी है। एक खास धर्म के लोगों को एकजुट होकर मोदी के खिलाफ वोट करने को कहा जा रहा है। हताशा और निराशा ने कांग्रेस को उसके निम्नतम स्तर पर ले जाकर पटक दिया है।

### पीएम बोले – हताशा में कांग्रेस संविधान बदलने की उड़ा रही अफवाह

**पीएम** मोदी ने कहा कि हार की हताशा में कांग्रेस एक नयी अफवाह उड़ा रही है कि मोदी को 400 सीटें मिल गयीं तो वह संविधान बदल देगा। ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस वालों की बुद्धि पर वोट बैंक का ताला पड़ गया है। 2014 से 2019 और 2019 से 2024 तक मोदी के पास एनडीए के रूप में 400 सीटों का समर्थन रहा ही है। मोदी ने 400 सीटों का इस्तेमाल 370 हटाने, एससी-एसटी के आरक्षण को 10 वर्ष आगे बढ़ाने, एक आदिवासी बेटी को पहली बार देश का राष्ट्रपति बनाने और महिला आरक्षण के लिए किया। मोदी को 400 सीटें चाहिए जिससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक लग सके, कश्मीर में 370 फिर से न लागू कर सके, अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगा दे, देश की खाली जमीन और द्वीप दूसरे देशों को सौंप न दे और अनुसूचित जाति-जनजाति और ओबीसी के आरक्षण डाका न डाल पाये।



### आपके वोट ने भारत को पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत बनाया

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि वे आज जनता से विकसित भारत के संकल्प के लिए आशीर्वाद मांगने आये हैं। मैंने लाल किले से कहा था सबका प्रयास, देश सबके प्रयास और परिश्रम से ही आगे बढ़ेगा और आज देश जनता के समग्र प्रयासों से आगे बढ़ रहा है। जनता की दिन रात की मेहनत ही देश की ऊर्जा को बढ़ाती है और जब इस ऊर्जा को जनता के एक वोट की ताकत मिलती है तो देश का कायाकल्प होने लगता है।

चाईबासा में जोबा मांझी के समर्थन में राहुल गांधी ने की चुनावी सभा

# जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का : राहुल

राहुल गांधी ने संविधान की किताब दिखाकर कहा – इसे फाड़कर फेंकना चाहती है बीजेपी

स्वदेश संवाददाता

**चाईबासा :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इससे पहले राहुल ने जोहार कहकर संबोधन की शुरुआत की। चुनावी सभा के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जल, जंगल, जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आदिवासी को वनवासी बताकर उनसे यह अधिकार लेना चाहती है। हमारा संकल्प है कि हम उन्हें यह अधिकार दिलायेंगे।

राहुल गांधी ने सभा में भारतीय संविधान की पुस्तक दिखाते हुए कि कहा कि भाजपा इसे फाड़कर फेंकना चाहती है। इस देश में आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों को जो भी मिला है, वह इस किताब की बदौलत मिला है। हमारे बड़े नेताओं ने इस किताब के लिए कुर्बानी दी थी। संविधान की इसी किताब की बदौलत आपको आरक्षण, नौकरियां मिलती हैं। इस किताब को भाजपा खत्म करना चाहती है और हम इसके लिये जान देने को तैयार हैं।



### गरीब महिला को देंगे एक लाख

**राहुल** गांधी ने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति और करोड़पति बना रहे हैं, लेकिन हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। उन्होंने ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर्स को पहली नौकरी देने, मनरेगा में रोजाना की मजदूरी 250 से बढ़ाकर 400 रुपये करने का भी वादा किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर देश में 50 प्रतिशत के आरक्षण का लिमिट खत्म कर देंगे।

### देश में महंगाई कम नहीं हुई : चंपाई

**मुख्यमंत्री** चंपाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई कम नहीं हुई।



उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते गये। झारखंड की प्रथा और परंपरा को भी दबाने का काम किया गया। आज तक केंद्र सरकार ने आदिवासी हित में कोई का नहीं किया। हमने विधानसभा में आदिवासियों की परंपरा और अस्मिता को सुरक्षित करने के लिए सरना धर्म कोड का नियम बनाया। प्रधानमंत्री जब यहां आये तो सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं बोले। झारखंड सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाया लेकिन केंद्र के इशारे पर राजभवन में ही रोक दिया गया।

बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला, सुप्रीम कोर्ट बोला –

## लोगों का भरोसा उठ गया तो कुछ नहीं बचता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (7 मई) को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यवस्थागत धोखाधड़ी बताया। कोर्ट ने कहा कि आज नौकरियों की कमी है। अगर जनता का भरोसा चला गया तो कुछ नहीं बचता। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए यह भी कहा कि राज्य सरकार के पास यह दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है कि डेटा उसके अधिकारियों ने मेनटेन किया था और इसकी उपलब्धता के बारे में पूछा गया था।



बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। पिटीशन में मांग की गयी है कि हाईकोर्ट के फैसले को रद्द किया जाये।

## मंत्री के पीएस और जहांगीर छह दिनों की ईडी रिमांड पर

**रांची :** ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के गिरफ्तार पीएस संजीव लाल, उनके नौकर जहांगीर आलम को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ करने के लिए ईडी की ओर से दस दिनों की रिमांड मांगी गयी। इसके बाद कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। दोनों आरोपितों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजा गया। ईडी दोनों को बुधवार से रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।



उल्लेखनीय है कि ईडी ने सोमवार की सुबह मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल सहित कई अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी, जो देर रात तक चली थी। इस दौरान ईडी ने 35.23 करोड़ नगद बरामद किये थे। बरामद रुपये जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से बरामद हुए थे। ईडी ने यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में की गयी थी। ईडी मामले में झारखंड सरकार के कांग्रेसी मंत्री आलमगीर आलम से इसका हिसाब पूछने की तैयारी कर रही है। एजेंसी की ओर से उन्हें जल्द ही समन किया जायेगा।

छापेमारी में ईडी ने कई कागजात भी बरामद किये हैं, जिनमें बीडीओ की ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़े ब्योरे हैं। इन कागजात में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की ओर से बीडीओ की पोस्टिंग के लिए की गयी पैरवी का भी जिक्र है। इसके अलावा ईडी की ओर से राज्य के मुख्य सचिव को ग्रामीण विकास विभाग में गड़बड़ियों को लेकर एफआईआर दर्ज करने के लिए लिखी गयी एक चिट्ठी भी मिली है। माना जा रहा है कि सरकार ने ईडी की चिट्ठी पर कार्रवाई करने के बजाय उसे लीक कर विभाग के अफसरों तक पहुंचा दिया।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, तीन आतंकी ढेर

एजेंसी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मंगलवार तड़के हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को ढ़ेर कर दिया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया आतंकवाद विरोधी अभियान में अब तक मारे गये तीनों आतंकियों के शव बरामद कर लिये गये हैं। पहचान और संबद्धता का पता लगाया जा रहा है। कार्रवाई प्रगति पर है।



पुलिस ने बताया कि कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्हें ठिकाने से बाहर निकालने के लिए एक अभियान शुरू किया गया। इस दौरान जब आतंकियों ने खुद को सुरक्षाबलों से घिरा देखा तो उन पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की।

चुनावी सभा | गुमला में बोले सीएम चंपाई - लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक

# आदिवासी-मूलवासी के अस्तित्व बचाने के लिए बनाया सरना कोड

स्वदेश संवाददाता

**गुमला :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है। हमने आदिवासी-मूलवासी अस्तित्व बचाने के लिए सरना धर्म कोड बनाया, लेकिन भाजपा ने रोक दिया। ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ा। भाजपा पूरी तरह से आदिवासी-मूलवासी, पिछड़ा, दलित, गरीब विरोधी है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। चंपाई ने कहा कि 2014 से पूरे देश में झूठ की खेती हो रही है।



भाजपा ने झारखंड में सबसे ज्यादा शासन किया, लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गये। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार भाजपा है। रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते। दस साल से केवल जुमलेबाजी हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पांच साल में मिला मौका नहीं गंवाना है। भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है।

चंपाई ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्राइमरी स्कूल बंद किये। गांव के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई। इनकी मंशा आदिवासी कल्याण की नहीं है। भाजपा यहां का इतिहास मिटाना चाहती है। जंगल के भीतर भी योजना पहुंची। सर्वजन पेंशन स्कीम हम लाये। ये भाजपा वाले झारखंड को आगे बढ़ाना कभी नहीं सोचे। केवल खनिज का व्यापार किया। पूंजीपतियों को सब सौंप दिया। झारखंड खुद अपने पैरों पर खड़ा होगा।

## शेखर सुमन और कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा भाजपा में शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज के चुनाव के दौरान मंगलवार को एक्टर शेखर सुमन और कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा भाजपा में शामिल हो गये। भाजपा हेडक्वार्टर में पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में दोनों ने सदस्यता ली। शेखर सुमन बिहार की पटना साहिब सीट से भाजपा के सांसद रहे फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर 2009 में चुनाव लड़ चुके हैं। शेखर सुमन ने कहा कि मुझे कल तक नहीं पता था कि मैं क्या करूं, भगवान का आदेश आया और मैं आज भाजपा में शामिल हो गया। वहीं, राधिका खेड़ा ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रवक्ता पर दुर्व्यवहार करने और एक मीटिंग के दौरान शराब ऑफर करने का आरोप लगाया था। खेड़ा ने अपने खिलाफ साजिश का आरोप लगाते हुए रविवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करने के लिए दंडित किया गया था। खेड़ा ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने उन्हें परेशान किया, एक कमरे में बंद कर दिया और उनके साथ मारपीट की।



# मतदानकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण, कार्य दक्षता की हुई जांच



स्वदेश संवाददाता

**खूंटी :** लोकसभा आम चुनाव के मद्येनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए मंगलवार का प्रतिनियुक्त पोलिंग अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त 320 एवं 280 मतदानकर्मी शामिल हुए। यह उनका अंतिम दौर का प्रशिक्षण था। खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों के लिए बिरसा कालेज, खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों के लिए लोयला इंटर कालेज, खूंटी में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षण के दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और उनके कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही आइएलएमएस एप्प के माध्यम से मतदान कर्मियों की कार्य दक्षता की जांच की गयी। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि विविध चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा आप सभी को निर्वाचन की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया है। उम्मीद है कि आप सभी अपने कार्य दक्ष होकर चुनाव कार्यों का सफल निष्पादन करेंगे। उन्होंने मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने से लेकर मतदान केंद्रों पर आपकी सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किया गया है। आप सभी निर्भीक होकर चुनाव पर्व में अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को समय पर बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में बनाये जा रहे है डिस्पैच सेंटर पर पहुंचने का निर्देश दिया, ताकि मतदान कर्मियों को समयानुसार मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा सके। उपायुक्त ने मतदानकर्मियो को निर्देशित किया कि मतदान के दिन पूर्वाह्न पांच बजे संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान आरंभ करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियाजना निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मो परवेज ने मतदान कर्मियों को सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की बारीकियों से अगवत कराया।

**NEWS** IN Gallery

## झामुमो ने तोरपा प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान



**खूंटी :** झामुमो नेता सुदीप गुड़िया के नेतृत्व में तोरपा प्रखण्ड के फटका, गुंम्पीला गौरबेड़ा उनुक्दा, सरगेला गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को विजयी बनाने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि भाजपा को विकास से मतलब नहीं है। भाजपा जाति, धर्म, संप्रदाय के नाम पर राजनीति करती है। भाजपा खूंटी में 45 साल से अधिक समय से प्रतिनिधित्व कर रही है, लेकिन क्षेत्र का कोई विकास नहीं हो सका है। इसके करण हैं भाजपा के सांसद अर्जुन मुंडा। केन्द्रीय मंत्री रहते हुए भी खूंटी लोकसभा क्षेत्र पिछड़ा रहा। महागठबंधन के प्रत्याशी कलीचरण मुंडा को भारी मतों से चुनाव जीतना है। जिला परिषद सदस्य सोसंती कोनगाड़ी ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार पर चुप्पी साधनेवाली भाजपा सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकाना है।

## रांची पुलिस ने उग्रवादियों के खिलाफ चलाया अभियान बाइक बरामद



**रांची :** रांची पुलिस ने बुढ़मू थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी( टीएसपीसी) के उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना पर मंगलवार को छापेमारी की। पुलिस का भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे। उग्रवादियों को पुलिस टीम के जरिये काफी दूर तक पीछा किया गया। लेकिन उग्रवादी घने जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस टीम ने सर्च के दौरान उग्रवादियों का एक लुटा हुआ अपाची बाइक बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बुढमू, क्यूआरटी और झारखंड जगुआर की टीम ने इलाके में सर्च अभियान चलाया।

# आत्मविश्वास के साथ पढ़ने और अच्छी लेखन शैली को आत्मसात करें : तपन शांडिल्य

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची में डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर के द्वारा हाउ टू स्टडी लैंग्वेज विषय पर न्यू एकेडमिक बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान सह कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन के तौर पर डोरंडा महाविद्यालय रांची के प्राचार्य राजकुमार शर्मा आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज भाषा और साहित्य के विद्यार्थियों के साथ सबसे बड़ी समस्या पुस्तकों का न्यूनतम अध्ययन और अच्छी लेखन शैली का अभाव है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें रोजाना समाचार पत्रों को पढ़ने के साथ शुद्ध लिखने की कला को आत्मसात करना चाहिए। नियमित रूप से अच्छी पुस्तकों के अध्ययन से शब्दकोश का संग्रह होता है। आगे अपने संबोधन में उन्होंने कहा की शुरूआत में छोटे वाक्यों से लेखन की शुरूआत करते हुए सटीक लिखने की कला विकसित की जा सकती है। हमारे बोलने और लिखने में व्याकरण का सही बोध दिखना चाहिए तब वह सही अर्थों में प्रभावशाली भाषा दृष्टिगत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को एक अच्छे श्रोता बनने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें किसी भी विषय विशेषज्ञ की बातों को सुनने के उपरांत संबंधित विषय पर संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए। मुख्य वक्ता के रूप में राजकुमार शर्मा ने कहा कि मनुष्य जन्म लेते ही भाषा का प्रयोग शुरू कर देता है। उन्होंने रेने डेसकार्टेस को उद्धृत करते हुए कहा मैं सोचता हूं इसलिए मैं हूं यह दो प्रकार का है- इंटीग्रेटिव और इंस्ट्रुमेंटल। एकात्म जीवन किसी के अस्तित्व का माप है। अंग्रेजी भाषा विश्व की एक सामान्य भाषा है और यह एक संपर्क भाषा के तौर पर काम करती है. उन्होंने किसी के भी व्यक्ति विशेष के आत्मविश्वास और क्षमता के बीच को एक बड़ा अंतर बताया। उन्होंने कहा की सामान्यतः ऐसा देखा जाता है कि उत्तर भारत के लोगों में अंग्रेजी भाषा बोलने में आत्मविश्वास की कमी होती है जबकि यह स्पष्ट है कि उनमें योग्यता की कोई कमी नहीं है. उन्होंने विद्यार्थियों को शब्दकोश के प्रयोग के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इस संदर्भ में उन्होंने शब्दकोश के कुछ घटकों का भी उल्लेख किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर की समन्वयक पीयूषबाला ने स्वागत भाषण के साथ विषय प्रवेश कराया। उन्होंने इस कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में रजनी प्रो राजेश कुमार सिंह शुचि संतोष बरवार के साथ ईएलएल विभाग के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मैटिक्स एकेडमी कोचिंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन




स्वदेश संवाददाता

**रांची :** शिक्षा का गढ़ बनते रांची के लालपुर को अब एक नई सौगात मिला है। लालपुर स्थित आर एस टावर में मंगलवार 7 मई 2024 को एक नए कोचिंग इंस्टीट्यूट मैटिक्स एकेडमी की शुरूवात हुई । मैटिक्स एकेडमी कोचिंग इंस्टीट्यूट जिसका मूल मंत्र है छात्रों के लिए सफलता की राह आसान बनाना । मैटिक्स एकेडमी के फाउंडर सह निदेशक सूरज राम रंजन का कहना है कि हमारे राज्य के छात्र होनहार है बस एक बेहतर मार्गदर्शन मिल जाए तो वो किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं । कोफाउंडर और उप निदेशक सिकंदर पोद्दार का मानना है कि छात्रों को कम कीमत पर अच्छी शिक्षा मुहैया कराना ही मैटिक्स एकेडमी का लक्ष्य है। मैटिक्स एकेडमी मुख्य रूप से आईआईटी जेईई नीट बोर्ड और ओलंपियाड की तैयारी के लिए प्रतिबद्ध है। मैटिक्स एकेडमी की शुरूवात से यकीनन रांची और आस पास के छात्रों को लाभ मिलेगा।

# यूजीसी की राजभाषा निरीक्षण समिति ने किया सीयूजे का दौरा

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की दो सदस्यीय समिति ने मंगलवार को झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर सीयूजे के कुलपति प्रो. के.बी. दास ने समिति के सदस्य के तौर पर पधारे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव एवं राजभाषाई निरीक्षण अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह चौहान एवं यूजीसी के उप सचिव एवं राजभाषाई निरीक्षण समिति के सदस्य जितेन्द्र का स्वागत एवं सम्मान पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर किया। स्वागतोपरान्त निरीक्षण के प्रारंभ में कुलपति प्रो. के.बी. दास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पिछले एक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग, उपयोग एवं प्रचार सम्बन्धी कार्यों को लेकर पीपीटी के माध्यम से सीयूजे के प्रभारी हिंदी अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार ह्यसत्यार्थीह्न द्वारा प्रस्तुति दी गयी. बैठक में विश्विद्यालय के विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विभागों द्वारा हिंदी में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई. विश्वविद्यालय के हिन्दी कार्यान्वयन संबंधित उपलब्धियों पर निरीक्षण अधिकारियों द्वारा समाधान जताया गया और बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया गया। बैठक के उपरांत निरीक्षण समिति के सदस्यों ने विश्वविद्यालय स्थित विवेकानंद पुस्तकालय, प्रशासनिक कार्यालय, वित्त विभाग, परीक्षा विभाग एवं कुछ शैक्षणिक विभागों का निरीक्षण भी किया. निरीक्षण अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह चौहान ने हिंदी अधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार ह्यसत्यार्थीह्न के कार्यों की सराहना की तथा विश्वविद्यालय को हिंदी में अधिक से अधिक साहित्यों के लेखन के साथ साथ महापुरुषों की जीवनियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को विश्वविद्यालय की दीवारों पर लिखने की सलाह दी। निरीक्षण के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव केके राव, विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई क्यू ए सी) के निदेशक प्रो आर के डे, संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) प्रो मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष (छात्र कल्याण) प्रो रत्नेश विश्वक्सेन, वित्त अधिकारी पीके. पंडा, परीक्षा नियंत्रक बीबी मिश्रा, आंतरिक लेखा परीक्षा प्रो विमल किशोर, पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ सुजीत कुमार पाण्डेय, उप कुलसचिव अब्दुल हलीम, प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ अमृत कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

# चैंबर भवन में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक संपन्न

- **केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल झारखंड चैंबर की बैठक में आयेंगी रांची**



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** पूर्वी भारत में निवेश की संभावनाओं को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित किये जा रहे इंटरैक्टिव मीटिंग में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगी। इंटरैक्टिव मीटिंग का आयोजन 9 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होटल रैडिशन ब्लू में होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति और पूर्व अध्यक्षों की संयुक्त रूप से समीक्षात्मक बैठक हुई। मंत्री महोदया के एयरपोर्ट पर आगमन से लेकर कार्यक्रम स्थल पर उचित व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सदस्यों को कार्य की जिम्मेवारियां सौंपी गईं। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री और स्टेकहोल्डर्स के बीच संवाद होने से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना बनेगी और उद्यमियों का प्रोत्साहन होगा। बैठक का आयोजन मौजूदा आचार संहिता के अनुसार ही संपन्न होगी। इंटरैक्टिव मीटिंग में झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा राहुल साबू महासचिव परेश गट्टानी सह सचिव अमित शर्मा कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग साहित्य पवन संजय अखौरी पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया अरूण बुधिया पवन शर्मा विनय अग्रवाल कुणाल अजमानी उपस्थित थे।

# गांव, गरीब, किसान और युवा के लिए समर्पित है मोदी सरकार: संजय सेठ

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को इचागढ़ के विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कहा गांव, गरीब, किसान और युवा के लिए मोदी सरकार समर्पित है। झारखंड की सरकार अखंड भ्रष्टाचार में लिप्त है। गठबंधन की सरकार ने वादा किया था कि प्रत्येक साल पांच लाख युवाओं को नौकरी देंगे क्या हुआ। नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे उसका क्या हुआ । झारखंड के गठबंधन की सरकार ने यहां के गांव, गरीब, किसान और युवा के साथ धोखा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आईएनडीआईए गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के आप्त सचिव के घर से जिस तरह रुपए बरामद हुए हैं यह झारखंड को फिर से शर्मसार किया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है। उनके अधिकारी मनी लांड्रिंग के केस में जेल में है। उनके मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव के यहां 30 करोड़ से अधिक नगदी बरामद होती है। उन्होंने कहा कि मोदी की सरकार ने किसानों को साल में 6000 रुपये देती है झारखंड में रघुवर दास की सरकार थी तो किसानों को प्रति एकड़ 5000 रुपये दिया जाता था। जैसे ही गठबंधन की सरकार आई इस स्कीम को तुरंत बंद कर दिया। नरेंद्र मोदी ने गांव की महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था की।

# इमरजेंसी सेवा में तैनात पदाधिकारियों ने बैलेट के माध्यम से किया मतदान

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 20 में को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस दौरान इमरजेंसी सेवा में तैनात पदाधिकारियों ने मंगलवार को बैलेट पेपर से मतदान किया। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि पोस्टल बैलट के माध्यम से आकस्मिक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, मतदान कर्मियों आदि के द्वारा अपने-अपने केंद्र पर मतदान किया गया।

**पोस्टल बैलट से मतदान करने की प्रक्रिया का रखें ध्यान**

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों के मतदान हेतु 13 से 16 मई तक पुलिस लाइन रामगढ़ में दो सुविधा केन्द्रों पर व्यवस्था की गई है। 22 बड़कागांव, 23 रामगढ़, 24 मांडू, 25 हजारीबाग सहित अन्य विधानसभा के मतदान कर्मियों के लिए 13 मई से 16 मई तक गांधी मेमोरियल जिला सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस रामगढ़ में व्यवस्था है। आवश्यक सेवाओं, चालकों, कंडक्टर, सफाई कर्मियों सहित अन्य कर्मी 6 मई से 30 मई तक समाहरणालय परिसर रामगढ़ में कार्यालय अवधि के दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से अपना मतदान कर सकेंगे।

## रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित रखना मेरी पहली प्राथमिकता : संजीव कुमार



**सिल्ली/मुरी:** रेलवे सुरक्षा बल मुरी पोस्ट में नए थाना प्रभारी के रूप में संजीव कुमार ने अपना योगदान दिया। योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित रखना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। हमारे कार्यक्षेत्र में किसी प्रकार का गैर कानूनी कार्य होने नहीं दिया जाएगा और उस पर पूरी तरह से नकेल भी कसा जाएगा। बताते चले की संजीव कुमार पूर्व में चक्रधरपुर और चाईबासा रेलवे सुरक्षा बल में थाना प्रभारी के रूप में काम कर चुके हैं।

**सुनवाई** | हाई कोर्ट ने रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर जतायी नाराजगी, कहा -

# रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री की जड़ तक पहुंचना होगा




**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए। ड्रग्स की खरीदी-बिक्री की जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा। कोर्ट ने कहा कि पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स की खरीद-बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं, जिस कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। कोर्ट ने मामले में डीजी सीआईडी को ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी झालसा को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्रों में ड्रग्स की खरीद-बिक्री अभी भी चल रही है वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावा जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिलकर कार्रवाई करने को कहा है। राजधानी रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर छपी खबर को हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने कहा था कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल है उन्हें चिह्नित किया जाए और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी थी।

## झारखंड हाई कोर्ट ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के मामले में गृह विभाग के प्रधान सचिव को किया तलब

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बुधवार को प्रधान सचिव गृह विभाग को कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी के खाली जगह पर बाउंड्री वॉल भी बनाया जाएगा। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पुलिस पोस्ट के लिए 30 डिसमिल जमीन सरकार ने मुहैया कराई है, तो उसपर पुलिस पोस्ट का निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है। उसके बगल में बिजली सब स्टेशन का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन इसे ऑपरेशनल नहीं किया गया है, वहां बिजली क्यों नहीं दी जा रही है।

# श्री शिवेश्वर संकट मोचन हनुमान मंदिर बरगंवा का तीसरा वार्षिक उत्सव संपन्न

- **हनुमान मंदिर कलश यात्रा में सांसद संजय सेठ हुए शामिल**

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** श्री शिवेश्वर संकट मोचन हनुमान मन्दिर के तीसरे वार्षिक उत्सव पर 501 महिलाओ द्वारा कलश यात्रा निकाला गया। जिसका नेतृत्व नव युवक संघ पूजा समिति के संरक्षक मनोज कुमार सिंह पुरोहित रामानंद पांडेय एवम मुखिया अनिता तिर्कि ने संयुक्त रूप से किया। कलश यात्रा मे सांसद संजय सेठ शामिल हुए। सांसद ईचागढ़ जाने के क्रम में कलश यात्रा मे शामिल भक्तों को अपनी ओर से शुभकामना देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जिससे सनातन और संस्कार की रक्षा हो होते रहना चाहिए। कलश यात्रा मन्दिर से सपाही नदी पहुँचा फिर वहाँ से जल लेकर गाँव का भ्रमण करते हुए पुनः मन्दिर पहुँचे। यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे से वातावरण राममय हो गया। मन्दिर प्रांगण मे खीर का वितरण एवम शरबत का वितरण किया गया।शाम मे भजन संध्या कार्य क्रम का आयोजन भी किया गया। भजन संध्या कार्य क्रम की प्रस्तुति शिव शक्ति जागरण ग्रुप द्वारा किया गया।इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह रामानंद पांडेय अनिता तिर्की कृष्णा गोप बिकू सिंह विमल कुमार शंकर पांडेय विरेन सिंह राजू गोप सुरेन्‍ सिंह उमेश गोप अंशु गोप रवि पांडेय शारदा देवी सुषमा देवी ममता देवी कमलेश राम अशोक मुंडा प्रमोद सिंह शारदा देवी सुबोध सिंह शनि कुमार मीनू देवी भानु देवी विरेन सिंह महेश्वर स्वंसी बिनोद सिंह कृष्णा कुमार संदीप स्वाँसी रंथु गोप सहित सैकड़ो की संख्या मे श्रधालु उपस्थित थे।

NEWS IN Gallery

### सोशल मीडिया पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कर रहा ट्रेंड

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के कार्यालय द्वारा # मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभिया हैशटैग अभियान ट्वीटर (एक्स) पर मंगलवार शाम में ट्रेंडिंग में आ गया। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर को धन्यवाद कहा। रवि कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होगी।

### सुरेंद्र सिंह बने श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक

**रांची :** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुरेंद्र सिंह को श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान झारखंड के महानिदेशक के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया है। सुरेंद्र सिंह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। 23 अप्रैल को ही उन्हें भारत सरकार से वापस झारखंड भेज दिया गया था। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### आईएएस अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची :** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनोज कुमार वर्तमान में पर्यटन सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उमाशंकर सिंह ओडिशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में पांच मई को ही चले गये हैं। ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### झामुमो ने विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से किया निलंबित

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा ने महागठबंधन के खिलाफ जाकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। ऐसे में पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटाया जाता है। साथ ही पार्टी की सदयस्ता से भी निलंबित किया जाता है।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जीत की पटकथा लिखेगा एनडीए : अर्जुन मुंडा



स्वदेश संवाददाता

**रांची/खूंटी :** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि एनडीए का हरेक कार्यकर्ता नरेन्द्र मोदी को फिर से एकबार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मेहनत कर रहा है। इस परिश्रम का सुखद परिणाम चार जून को देखने को मिलेगा। कार्यकताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से एनडीए जीत की पटकथा लिखेगा। खूंटी की जनता देश में सुशासन और दूरगामी लक्ष्य रखने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान हमारे पक्ष में अवश्य करेगी। अर्जुन मुंडा मंगलवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एनडीए की बैठक में बोल रहे थे।

**ये वसूल नहीं, वसूली वाली सरकार है : सुदेश महतो**

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने वर्तमान सरकार को इंगित करते हुए कहा कि ये वसूल नहीं, वसूली वाली सरकार है। जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं। इनका उद्देश्य सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करना है। यह सरकार जनजाति वर्ग का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस समाज के गौरवपूर्ण विरासत को सुरक्षित और अक्षुण्ण रखते हुए उनके विकास के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है। सुदेश ने कहा कि इंडी गठबंधन ने राज्य की अर्थव्यवस्था पर डकैती डाली है। राज्य को खोखला कर दिया है। राज्य का आलम देख रही है जनता। ये सरकार राज्य के बेरोजगार युवाओं का गुनहगार है। गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। इन्होंने अपने कारनामों से राज्य का नाम पूरे देश में बदनाम किया है। नीति, नियोजन का वादा कर सत्ता में आने वाले लोग खान संपदा को लूटने में मग्न हैं। जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए हम आपसी समन्वय और साझेदारी के साथ खूंटी समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। हर गांव हर घर तक अपनी पहुंच बनाएं और पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

# रांची लोकसभा क्षेत्र के 27 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाये गए

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची संसदीय क्षेत्र के लिए संवीक्षा (स्क्रूटनी) की प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हुई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 207 में उम्मीदवारों और उनके प्रस्तावकों की उपस्थिति में रांची संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के जरिये बारी-बारी से सभी 33 उम्मीदवारों के नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की गयी। स्क्रूटनी में 27 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाये गये जबकि छह उम्मीदवारों के नामांकन अस्वीकृत कर दिए गए। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) से मिंटू पासवान, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया से रामहरि गोप, निर्दलीय से अरशद अयूब, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से पंकज कुमार रवि, भारतीय जनता पार्टी से संजय सेठ, लोक अधिकार पार्टी से हरिनाथ साहू, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी से अंजनी पांडे, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से धनंजय कुमार भगत, निर्दलीय से मनोरंजन भट्टाचार्य, बहुजन समाज पार्टी से मनोज कुमार, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी से निपु सिंह, भारतीय जनतंत्र मोर्चा से धर्मेंद्र तिवारी, अबुआ झारखंड पार्टी से बिरेंद्र नाथ मांझी, निर्दलीय देवेंद्र नाथ महतो, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी से प्रवीण कच्छप, निर्दलीय कामेश्वर प्रसाद साव, एकल सनातन भारत दल से सर्वेश्वरी साहू, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, भागीदारी पार्टी से श्याम बिहारी प्रजापति, बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, निर्दलीय प्रवीण चन्द्र महतो, निर्दलीय ऐनुल अंसारी, निर्दलीय संतोष कुमार जायसवाल, समता पार्टी से हेमंती देवी, निर्दलीय कोलेश्वर महतो के नामांकन सही पाए गए।



## छह उम्मीदवारों के नामांकन अस्वीकृत

स्क्रूटनी के दौरान छह उम्मीदवारों के नामांकन में त्रुटि पायी गयी, जिसके बाद उनका नामांकन अस्वीकृत कर दिया गया। इनमें निर्दलीय संदीप उरांव, निर्दलीय संजय कुमार महतो, झारखंड जनक्रांति मोर्चा से अमरेंद्र कुमार, निर्दलीय प्रेमनाथ बड़ाईक, निर्दलीय मंजू देवी, स्वराज एकता पार्टी से सुशील कुमार शामिल हैं। स्क्रूटनी के बाद जिन उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं वे नौ मई को तीन बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन अपराह्न चार बजे से उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वरनाथ आलोक, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अमर बाउरी ने राहुल गांधी और आलमगीर आलम से पूछे सवाल



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा विधायक दल का नेता होने के नाते मैं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राहुल गांधी से यह जानना चाहता हूं कि कांग्रेस विधायक दल के नेता आज उनकी सभा में क्यों नहीं दिखे? वे कहां छुपे हुए थे? बाउरी भाजपा के हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में मंगलवार को संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। बाउरी ने कहा कि झारखंड और झारखंडियों के लुटे हुए पैसे का जो नंगा नाच इस महा गठबंधन की सरकार में किया जा रहा है उससे पूरे झारखंड शर्मसार हो रहा है। पैसों की गड्डी का पहाड़ जिस तरह से झारखंड में मिल रहा है उससे कहा जा सकता है कि इसकी नींव कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही रख दी थी। भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की जननी यह कांग्रेस पार्टी ही है, जो लगातार देश के संसाधनों को दीमक की तरह खा कर खोखला कर रही है। यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश की बागडोर नहीं होती तो यह स्थिति और भी भयावह हो गयी होती। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद मुख्यमंत्री, जो इन सभी के सरगना है, उन्होंने चुनाव को प्रभावित करने के लिए न सिर्फ ट्रांसफर-पोस्टिंग और टेंडर मैनेज के नाम पर पैसों की उगाही की, बल्कि अपने पसंद के अधिकारियों को भी चुनाव प्रभावित करने के लिए काम में लगा दिया है। बाउरी ने कहा कि पलामू में प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा और रांची में आयोजित रोड शो में जिस तरह से जिला प्रशासन ने आमजन को सभा में सम्मिलित होने से रोका और मीडिया वालों के हाथों से माइक छीन ली है इससे साफ लगता है कि महागठबंधन की सरकार हर कीमत पर इस चुनाव को प्रभावित करने का मन बना चुकी है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बुंडू के दो मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

स्वदेश संवाददाता

**बुंडू :** प्रखंड में वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण में सुस्ती और कम वोटिंग प्रतिशत पर जताई नाराजगी

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं, वहीं बूथों का निरीक्षण कर निर्देश पर अमल की निगरानी भी कर रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने मंगलवार को रांची जिले के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 एवं राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया। रवि कुमार ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण एवं अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की। इस कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यदि संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही के कारण किसी भी मतदाता को मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई तो कड़ी कार्रवाई होगी। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य ससमय संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेण्डर तय हैं। जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है। रवि कुमार ने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सहायता के लिए नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची एवं मतदान केंद्र जागरुकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया।



# राज्य में तपती गर्मी के बीच राहत बनकर बरसीं बारिश की बूंदे



**रांची :** राज्य में मंगलवार की शाम मौसम ने करवट ली। शाम होते ही राज्यवासियों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। राजधानी रांची, रामगढ़ और गुमला समेत कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश हुई। दोपहर बाद कुछ जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे लोगों को गर्मी की तपिश से राहत मिली। रांची में बूंदा-बांदी से मौसम सुहाना हो गया। राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आठ और नौ मई को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कई जगहों पर 10 और 11 को भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिलेगी। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका और देवघर में ओलावृष्टि हो सकती है। तेज हवाएं (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी निष्कासित

**रांची :** जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी अशोक चौधरी को छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया। चौधरी पर जदयू पार्टी के विरोध में बैठक बुलाने, प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ बयान देने, पार्टी के अनुशासन को भंग करने और दल विरोधी गतिविधि में शामिल होने का आरोप है। इस संबंध में मंगलवार को जदयू के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी भगवान सिंह ने उनके निष्कासन से सम्बंधित पत्र जारी किया । इसकी सूचना जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी दे दी गयी है।

## जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो को कोर्ट से मिली राहत, पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा सीट से उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त ( एजेसी 15) अमित शेखर की कोर्ट में जयराम की याचिका पर सुनवाई हुई।



अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 21 मई निर्धारित की है। जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48/ 22में वारंट लिया है। वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया।

# बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, गोपनीय पत्र मिलने की सीबीआई जांच कराने की मांग की

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ईडी द्वारा जब्त 35 करोड़ की राशि के मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में बाबूलाल ने कहा कि ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गए गोपनीय पत्र की प्रति ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के कर्मचारी के घर से मिला है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है कि कैसे एक गोपनीय



पत्र निजी सचिव के कर्मचारी के आवास से मिला है। इसकी जांच कराई जाए। मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। मुझे विश्वास है कि आप भी यह देखकर आश्चर्य चकित होंगे। लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय, रांची द्वारा 08 मई, 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन नौ मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है। आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रूचि नहीं दिखाई। गंभीर मामला यह भी है कि ईडी द्वारा लिखा गया गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के कर्मचारी जहांगीर आलम के घर से ईडी की छापेमारी में नोटों के बंडल में मिलता है, जिस पत्र के आधार पर सचिव को भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करनी थी। इसे ही दबाकर भ्रष्टाचार के जरिए अकूत सम्पत्ति अर्जित करने का धंधा चलता रहा। एक तो भ्रष्टाचार करना और दूसरी ओर गोपनीय पत्र नौकर के आवास में नोटों के बंडल में मिलना अति गंभीर मामला है। बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से पूछा है कि आखिर यह गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा। इसमें किस पदाधिकारी की भूमिका है। जांच कराना आवश्यक है।

**मतदान** | लोकसभा चुनाव में मतदाता पहचान पत्र बांटने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहा डाक विभाग

# अब तक करीब 20 लाख वोटर आईडी कार्ड पहुंचाया गया

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण में मतदान होना है। इससे पहले सभी नए मतदाताओं तक मतदाता पहचान पत्र पहुंचाने की कवायद में डाक विभाग भी मशगूल है। विभागीय कर्मचारी नया वोटर आईडी कार्ड लोगों तक पहुंचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस संबंध में रांची के शहीद चौक स्थित डाक विभाग के कार्यालय में तैनात मुख्य डाकपाल एस गोराई ने बताया कि लोगों के घरों तक वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने के लिए करीब 55 डाकिया काम कर रहे हैं जबकि 15 से 20 कर्मचारी कार्यालय में लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीने से यह काम लगातार चल रहा है। अब तक 15 से 20 लाख लोगों तक वोटर आईकार्ड पहुंचाने का काम किया गया है। साथ ही 25 मई से पहले रांची जिले के बचे हुए



55 से 60 हजार वोटर कार्ड मतदाताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। डाक विभाग के कर्मचारी नवनीत कुमार और नवीन कुमार का कहना था कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक व्यक्ति को शामिल होना चाहिए। यदि एक व्यक्ति भी मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाता है तो इसका असर देश की सरकार बनाने पर पड़ेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति तक नया वोटर कार्ड पहुंचाने के लिए डाक विभाग जी-तोड़ मेहनत कर रहा है। 25 मई से पहले सभी के घरों तक नया वोटर आईकार्ड पहुंचे। इसके लिए सभी कर्मचारी युद्धस्तर पर लगे हुए हैं। जिन मतदाताओं के घर पर आईकार्ड पहुंचा और वो किसी कारणवश कार्ड रिसीव नहीं कर पाए उनको फोन कर कार्यालय बुलाया जा रहा है, ताकि हर मतदाता मतदान से पहले वोटर आईडी कार्ड प्राप्त कर लें और आसानी से वोट कर सकें। डाकघर के कार्यालय में नया वोटर आईडी कार्ड लेने पहुंची मतदाता सुमन मांझी ने कहा कि जिस तरह से डाक विभाग जिले के प्रत्येक नागरिक को उनका वोटर कार्ड तत्परता से पहुंचा रहा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि रांची में मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान केंद्र तक पहुंचेंगे और मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे।

## राज्य में छठे चरण के चुनाव की स्क्रूटनी में 22 की उम्मीदवारी रद्द

# सातवें चरण के लिए नामांकन के पहले दिन तीन ने भरा पर्चा

- जब्ती का आंकड़ा एक अरब 10 करोड़ 36 लाख हुआ

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि छठे चरण के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी में 22 उम्मीदवारों का पर्चा रद्द हो गया है। सबसे अधिक सात उम्मीदवारों का पर्चा गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से रद्द हुआ है। यहां अब कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। के. रवि कुमार मुख्य निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, सेक्टर-2 धुर्वा में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से तीन का पर्चा रद्द हुआ है। अब यहां कुल 25 उम्मीदवार बचे हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से




छह लोगों का पर्चा खारिज हुआ है। यहां से अब 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी छह लोगों का पर्चा रद्द हुआ है। यहां अब 26 उम्मीदवार बचे हैं। इस चरण में नाम वापसी की अंतिम तारीख नौ मई है। रवि कुमार ने बताया कि सांतवें चरण के चुनाव में नामांकन के पहले दिन कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक नामांकन दाखिल किया गया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो लोगों ने नामांकन पत्र भरा है जबकि दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहले दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में सामान और नकदी की जब्ती का आंकड़ा एक अरब से ऊपर जाकर 01 अरब 10 करोड़ 36 लाख हो गया है।

NEWS IN Gallery

### शॉपिंग मॉल जा रहा था पूरा परिवार, तूफान में स्कॉर्पियो पर गिरा पेड़, बाल-बाल बची जान



**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर में मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी और तूफान के साथ बारिश हुई और पूरा मौसम सुहाना हो गया। लेकिन इसी बीच शॉपिंग करने निकला एक परिवार की गाड़ी पर बड़ा पेड़ गिर गया। पूरा परिवार स्कॉर्पियो में फंस गया। स्थानीय लोगों की मदद से उन लोगों की जान बच सकी। जानकारी के अनुसार कुजू के सीसीएल कर्मी रोहित रंजन चौधरी अपने पूरे परिवार के साथ रामगढ़ शहर के रिलायंस ट्रेंड मॉल में शॉपिंग करने जा रहे थे। इसी बीच उनकी स्कॉर्पियो जेएच 24 बी 2222 पर मॉल के पास ही एक बड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ में फंसा हाईटेंशन बिजली का तार भी काफी नीचे तक आ गया था। लेकिन संयोग अच्छा रहा की गाड़ी को बिजली का तार छू नहीं सका, नहीं तो यह हादसा और बड़ा हो जाता। आनन-फानन में स्थानीय लोग वहां जुटे और उन लोगों ने गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला। बाद में पुलिस की सहायता से क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को भी सड़क से हटाया गया।

### फेज-2 जलापूर्ति योजना में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अविस्मरणीय : मंगल सिंह

**पलामू :** प्रथम उपमहापौर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह) ने मंगलवार को कहा कि नगर निगम क्षेत्र की सबसे बड़ी शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2 का कार्य फिर से प्रारंभ हो चुका है। अपने कार्यकाल में इसे सभी वार्ड पार्षदों के अविस्मरणीय योगदान से इस योजना को हम सभी धरातल पर उतार पाए हैं। उस समय मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं नगर विकास मंत्री सीपी सिंह से मैं स्वयं इस विषय में वार्ड पार्षदों के साथ मिलकर इस गंभीर विषय से उनको अवगत कराया था और इस दिशा में मुख्यमंत्री और मंत्री की तरफ से तुरंत ही सकारात्मक कदम उठाया गया था पर भाजपा की सरकार नहीं रहने के कारण उसके बाद योजना अधर में लटक गई। सांसद का भी इस योजना में काफी योगदान रहा है। डालटनगंज-भंडरिया विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने भी कई बार सदन में इस मुद्दे को उठाया। इसलिए उनके भी योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, क्योंकि इसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्व में हुई थी पर तकनीकी कारण या सरकारी उदासीनता के कारण लंबित था। पूर्व में बने पांच टंकी के अलावा चार नई टंकी पुलिस लाइन, आईटीआई मैदान, रांची रोड, शाहपुर व हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में अभी इसका कार्य चल रहा है पर हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में जो कार्य चल रहा है, उसके लिए मुझे आम जनों द्वारा आवेदन भी प्राप्त हुआ है, जिसका निरीक्षण में वार्ड पार्षदों के साथ स्वयं स्थल पर जाकर करुंगा, क्योंकि हाउसिंग कॉलोनी का जो मैदान है, उसमें तरह-तरह के आयोजन होते हैं।

# चौपालों में चुनावी खनक, चाय की प्यालियों में जीत-हार की हनक

स्वदेश संवाददाता





**पलामू :** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होना है। इससे पलामू में सियासी रंग गाढ़ा हो गया है। चौक चौराहों से लेकर खेत खलिहान तक सिर्फ चुनाव की चर्चा है। चाय की चुस्कियों के साथ जीत हार के समीकरण बैठाए जा रहे हैं। मुद्दे भी हवा में खूब उछल रहे हैं। सरकार के पक्ष में तर्क गढ़ने वाले लोगों के पास राम मंदिर, पांच किलो अनाज, हिन्दुत्व आदि के खातिर, जबकि विपक्ष के साथ खड़े लोग सिंचाई, बेकारी, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठाकर केन्द्र सरकार की कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। लोगों की चचाओं में बेरोजगारी, पेयजल एवं सिंचाई का मुद्दा प्रमुख रह रहा है।

**राज्य गठन के बाद भाजपा ने 2014 में पहली बार पलामू सीट पर जीत दर्ज की थी**

राज्य गठन के बाद भाजपा ने वर्ष 2014 में पहली बार पलामू सीट पर जीत दर्ज की थी। वर्ष 2014 में भाजपा ने पूर्व डीजीपी वीडी राम को टिकट दिया। विगत चार लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा ने दो बार जीत दर्ज की। वर्ष 1999 में भाजपा के बृजमोहन राम व 2014 में वीडी राम सांसद चुने गए। इस बीच वर्ष 2004 में राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार व वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में झामुमो के टिकट पर कामेश्वर बैठा ने चुनाव जीता था। पिछले चार में से तीन लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे। पलामू संसदीय क्षेत्र में कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चार दफा निर्वाचित होने का नाम कमला कुमारी का है। आंकड़ों पर गौर करें तो इस सीट से 1957, 1967, 1971, 1980 और 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी। दलगत दृष्टिकोण से देखें तो पलामू संसदीय क्षेत्र से 1957 से लेकर अबतक पांच दफा कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई है। चार बार भाजपा, दो बार राजद और एक बार जनता दल के प्रत्याशी की जीत हुई है। झामुमो के प्रत्याशी के रूप में कामेश्वर बैठा ने भी इस संसदीय सीट से चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 1991 में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने पलामू सीट पर अपना कब्जा जमाया था। पलामू लोकसभा क्षेत्र में पलामू एवं गढ़वा जिल आते हैं। पलामू जिला अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ता है। इनमें डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद एवं गढ़वा जिला में गढवा एवं भवनाथपुर विधानसभा शामिल है। पिछले चुनाव में भाजपा के वीडी राम ने राजद के प्रत्याशी घूरन राम को चार लाख से अधिक मतों से शिकस्त की थी। 2024 के चुनाव में तकरीबन 22 लाख 43 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जबकि मतदान केन्द्रों की संख्या 2426 है। सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। पलामू लोकसभा क्षेत्र से कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन सीधा मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम और इंडी गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के बीच है। इंडी गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां लगातार जनसंपर्क अभियान में लगी हैं। उनका दावा है कि उन्हें हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। वीडी राम के कार्यकाल की कई बड़ी घोषणाएं अधूरी रह गयी हैं। इससे लोग बदलाव चाहते हैं। इधर, बहुजन समाज पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे पूर्व सांसद एवं नक्सली कमांडर रहे कामेश्वर बैठा ने कहा कि पलामू का परिणाम चौकाने वाला होगा। भाजपा के उम्मीदवार वीडी राम का दावा है कि अधूरे काम को इस कार्यकाल में पूरा किया जायेगा। खासकर रोजगार की दिशा में कार्य किए जायेंगे। उतरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) का भी निर्माण पूरा होगा। पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव में लोग इस बार जन प्रतिनिधियों से खासे नाराज हैं। उनका मामना है कि अबतक कई सांसद आए, लेकिन मुलभूत समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस सबंध में वरिष्ठ पत्रकार एसके सहाय बताते हैं कि इस बार के चुनाव में स्थानीय मुद्दे भी हावी रहेंगे। इसमें पेयजल बड़ी गंभीर समस्या है। इसके अलावा रोजगार एवं सिंचाई के मामले भी छाए रहेंगे।

## उपायुक्त ने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम और सीआरपीएफ के ठहरने के लिए चयनित विद्यालयों का किया निरीक्षण

स्वदेश संवाददाता

**पलामू :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को सीआरपीएफ को ठहारने के लिए चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैली झाड़ियों की साफ-सफाई करने पर बल दिया। वहीं राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि$2 उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया। उन्होंने चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।




**मॉडल बूथ बनाने के दिये निर्देश**

निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चैनपुर के बीडीओ को सदगुरु प्रताप हरि$2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी बूथों में एएमएफ के तहत सभी सुविधाओं को अनिवार्य रूप से बहाल करने के निर्देश दिये। विशेष कर पेयजल की सुविधा व धूप से बचने हेतु टेंट लगाने पर बल दिया।

## एनसीपी कार्यकर्ता घर-घर मांगेंगे भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट : कमलेश कुमार सिंह

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** एनडीए के घटक दल एनसीपी अजीत गुट के कार्यकताओं की बैठक मंगलवार को जिले के हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनयुक्त पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह शामिल हुए। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी बैठक में रहना था। मगर चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्तता की वजह वह शामिल नहीं हो सके। इसका उन्हें काफी मलाल भी है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि घर घर पहुंच कर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में किसान, गरीब, मजदूर व आम लोगों के हित में किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती व लोकतंत्र को कायन रखने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी होगा। इसके लिए हमें अपना अपना बूथ जीतना जरूरी है।

## लातेहार में लुटेरा गिरोह के दो सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता



**लातेहार :** पुलिस ने सड़क लुटेरा गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने चार हथियार भी बरामद किया है। मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छिपादोरह थाना क्षेत्र के रहने वाले कुछ अपराधी लुटेरा गिरोह बनाकर सड़क लूट की घटना को अंजाम देते हैं। इस सूचना के बाद बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और चिन्हित अपराधियों के घर में छापामारी की गई। पुलिस की टीम ने सबसे पहले गाड़ी गांव निवासी पप्पू सिंह के घर में छापामारी की तो वहां से तीन देसी बंदूक बरामद हुआ। उसके बाद बसंत सिंह के घर से पुलिस ने एक देसी पिस्तौल बरामद किया। दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे लोग लुटेरा गिरोह बनाकर विभिन्न थाना क्षेत्र में लूटपाट की घटना करते थे। पुलिस के समक्ष अपराधियों ने यह भी स्वीकार किया कि उनके गिरोह में कुछ अन्य अपराधी भी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से मिली सूचना के बाद पुलिस अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापामारी कर रही है। जल्द ही लुटेरा गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## आजीविका की दीदियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

स्वदेश संवाददाता





**इटखोरी :** इटखोरी प्रखंड के कोनी पंचायत में स्वीप के माध्यम से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव के निदेर्शानुसार आजीविका संकुल संगठन के दीदियों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड के कोनी व बनथु विद्यालय स्थित बूथ पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान आजीविका की दीदियों ने रंगोली बनाकर व मेहंदी लगाकर जागरूकता फैलाया । स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए लोगों से घर से बाहर निकलकर अपनी पूरी ईमानदारी, निष्ठा से अपने मतदान का प्रयोग करने के लिए अपील की गयी । चाहे वो 80 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति हों या दिव्यांग हों या फिर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हों, वह किसी भी दशा में मतदान का प्रयोग अवश्य करें । इस दौरान सभी सीएलएफ की दीदी के नेतृत्व में संकुल कार्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता, अभिभाषण, रंगोली बनाकर, बैनर-पोस्टर के साथ जागरूक करने के नए-नए तौर तरीकों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया । इस मौके पर जेंडर सीआरपी गीता कुमारी सेतु दीदी रेखा व अन्य ने कहा कि मतदान करना हर व्यस्क भारतीय नागरिक का अधिकार है। लोकतंत्र में सीधी सहभागिता का अवसर आपको प्रदान करता है। जितने लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। दुनिया के अन्य लोकतंत्र के लिए मिसाल बनेगा। उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि लोग यहां सिग्नेचर करें और सेल्फी प्वाइंट के पास सेल्फी खिचवाकर सोशल मीडिया में डालें ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान के प्रति जागरूक हों। मतदाताओं की संख्या अधिक से अधिक बढ़े। युवा ही देश के कर्णधार हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान से युवा मतदाता आकर्षित होंगे। इस मौके पर जेंडर सीआरपी गीता देवी, सेतु दीदी रेखा भारती , संतोषी देवी, स्नेहा कुमारी, रेखा देवी, कमला देवी, पिंकी देवी, मामून देवी, सनम देवी, उर्मिला देवी, विमला देवी, सोनी देवी, प्रतिभा देवी, डेजी देवी, पूनम देवी, बबली सिंह, सुलेखा देवी, फोटो देवी, मुंद्रिका देवी, मोनिका देवी, मंजू देवी, कंचन देवी, मुन्नी देवी, सबीना खातून, रेखा भारती, सीमा देवी, पूनम देवी, शशि देवी, चांदनी देवी, राजवंती देवी, बसंती देवी, रीता देवी, अनिता देवी समेत अन्य का नाम शामिल है।

## जमशेदपुर में 66.9 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता

**जमशेदपुर :** पुलिस ने चाकुलिया के भोण्डोशोल के घर से 66.9 किलो अवैध गांजा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया। जब्त गांजे की कीमत लगभग 35 लाख रुपये है। आरोपित टीकाराम सोरेन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसएसपी कौशल किशोर ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि सोमवार दोपहर चाकुलिया के भोण्डशोल में टीकाराम सोरेन के घर में छापेमारी कर चार बोरी में रखे गये 32 पैकेट गांजा जब्त किया, जिसका वजन 66.9 किलो था। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन और तस्करों के नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि इनके द्वारा उड़ीसा से गांजा लाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई की जाती थी। पुलिस के लिए यह एक बड़ी कामयाबी है। इसके अलावा पुलिस ने गुप्त सूचना पर जादूगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी इचरा टोला धरमडीह में एक महिला पवनी उरांव को अवैध शराब का कारोबार करते पकड़ा। उसके घर से विभिन्न ब्रांडों के 184 पीस केन बीयर, 224 पीस शराब की बोतल और आठ लीटर महुआ बरामद किया गया, जिसका मूल्य लगभग एक लाख रुपये है। आरोपित महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## पलामू में 48 हज यात्रियों को लगा इंजेक्शन



**पलामू :** पलामू से मक्का मदीना हज के लिए जाने वाले 48 हज यात्रियों को मंगलवार को इंजेक्शन लगाया गया। इस सिलसिले में मेदिनीनगर शहर के छहमुहान स्थित जामा मस्जिद में शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर इंजेक्शन देने के साथ साथ सभी को पोलियो ड्राप भी पिलाया गया। बता दें कि हज यात्रा की तिथि अभी मुकर्रर नहीं की गयी है। इससे पहले यात्रा को लेकर सभी जायरिनों को पूरी तरह से तैयार किया जा रहा है। इससे पहले गत 30 अप्रैल को जामा मस्जिद में ही शिविर लगाकर प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षक अबू दर्दा, मौलाना नसीम, हासिम अंसारी, पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहनवाज कासमी ने प्रशिक्षण में शामिल हज यात्रियों को हज के सारे रस्म अदा करने की विस्तृत जानकारी दी थी। हेल्थ जांच शिविर का नेतृत्व डा. एसके रवि ने किया। उनके साथ नौडीहा बाजार के चिकित्सा पदाधिकारी डा. रजी अहमद, चिकित्साकर्मी अभय कुमार दुबे, एएनएम मृदुला कुमारी, राजमणि कुमारी, कुमारी श्वेता सिंह आदि शामिल थे। पलामू जिला हज कमेटी के हाजी सैय्यद शमीम अहमद, हाजी मोबिन अंसारी, महबूब आलम ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष पलामू जिला से 48 लोग हज यात्रा पर जाएंगे।

**अभियान** | मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वॉकाथन में शामिल हुए अधिकारी

## समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी स्वीप कार्यक्रम में लिया हिस्सा

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** मतदान में शहरी क्षेत्र का मतदाता हमेशा ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं से पीछे रह जाता है। जबकि सरकार और समाज के बारे में सबसे अधिक सजग शहरी वोटर ही है। वोट के दिन बूथ पर जाने के बदले वह मतदाता छुट्टियां मनाने चला जाता है। इस बार शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को भी बूथ तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों ने अवेयरनेस कार्यक्रम किया। मंगलवार की सुबह वॉकाथन में अधिकारी शामिल हुए। पुलिस लाइन से सुभाष चौक तक पैदल चलकर अधिकारी पहुंचे और लोगों से 20 मई को वोट डालने की अपील की।

**गोद में बच्चा लेकर एसडीओ की पत्नी ने किया वॉक**

वॉकाथन में रामगढ़ के एसडीओ आशीष गंगवार और उनकी पत्नी अपने बच्चे के साथ शामिल हुए। उनको देखकर आम नागरिकों ने भी चुनाव के इस महापर्व की गंभीरता को समझा। पुलिस लाइन से सुभाष चौक की दूरी 1.6 किलोमीटर है। एसडीओ और उनकी पत्नी ने बच्चे को गोद में लेकर पैदल मार्च किया और लोगों से 20 मई को मतदान करने की अपील की।




**85 प्रतिशत वोट करने का रखा गया लक्ष्य**

कार्यक्रम के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कहा कि इस बार रामगढ़ जिला क्षेत्र में 85 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य तभी संभव है जब शहरी क्षेत्र में रहने वाला मतदाता घर से निकलकर बूथ तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव के मतदान प्रतिशत देखें तो ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उनके मुकाबले शहरी क्षेत्र के काफी कम मतदाताओं ने वोट डाले हैं। लेकिन इस बार इस उदासीनता को खत्म करना है। हर मतदाता वोट डाले और वह अपने आसपास के लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित भी करे। उन्होंने कहा कि इस बार दिन भर मतदान होना है। इसलिए आधे घंटे का समय निकालकर मतदान जरूर करें।

**लोगों में बांटा गया इनविटेशन कार्ड, दिलायी गयी शपथ**

वॉकाथन के बाद सुभाष चौक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों के बीच डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार ने इनविटेशन कार्ड भी बांटा गया। इस इनविटेशन कार्ड में 20 मई को बूथ पर जाकर वोट करने की बात कही गई है। इसके अलावा सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए शपथ दिलाई गई।

## वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स समारोह में दिखी खिलाड़ियों की प्रतिभा

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जीएलए कॉलेज स्टेडियम में वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में जीजीपीएस, विमला पांडे ज्ञान निकेतन, संत मरियम, सनातन विद्या निकेतन, गिरिवर स्कूल, प्लस टू ब्राह्मण उच्च विद्यालय, कैंब्रिज, ग्रीन वैली के बालक-बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंडर 14 आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, शॉट पुट थ्रो तथा अंडर 16 आयु वर्ग में 300 मीटर दौड़, शॉट पुट थ्रो की प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा एवं विशिष्ट अतिथि ने 300 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ किया। 300 मीटर दौड़ बालक-प्रथम सुधाकर मेहता, द्वितीय शुभम कुमार, तृतीय गोलू कुमार। 300 मीटर दौड़ बालिका में प्रथम साधना कुमारी, द्वितीय तनु कुमारी, तृतीय रूपाली यादव। 60 मीटर में बालक वर्ग से प्रथम प्रतीक कुमार उपाध्याय, द्वितीय विद्यासागर सिंह, तृतीय राज सिंह, 60 मी बालिका वर्ग प्रथम अपर्णा कुमारी, द्वितीय मिस्टी कुमारी, तृतीय रिया कुमारी। 16 वर्ष आयु वर्ग बालक वर्ग शॉट पुट थ्रो प्रथम विकास कुमार यादव, द्वितीय राहुल कुमार ,तृतीय ऋषि राज। शॉट पुट बालिका वर्ग प्रथम सुहानी सिंह, द्वितीय संध्या कुमारी, तृतीय पूजा कुमारी। 14 वर्ष आयु वर्ग बालक शॉट पुट थ्रो प्रथम आयुष कुमार, द्वितीय प्रतीक पांडे, तृतीय प्रिंस कुमार सनातन विद्या निकेतन रहेला। बालिका वर्ग शॉट पुट थ्रो प्रथम प्रकृति तिर्की, द्वितीय खुशबू कुमारी, तृतीय मानसी सिंह। एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता अब प्रत्येक वर्ष सात मई को होगी। सभी विजेता खिलाड़ियों को खेल पदाधिकारी एवं अन्य ने मेडल देकर सम्मानित किया।

NEWS IN Gallery

### स्क्रूटनी में तीन प्रत्याशियों का नामांकन अस्वीकार



**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्राप्त सभी 28 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की। स्क्रूटनी के दौरान कुछ उम्मीदवार स्वयं और कुछ उम्मीदवार के प्रतिनिधि मौजूद थे। स्क्रूटनी में तीन प्रत्याशी, हीरा लाल शंखवार, नारायण गिरी तथा गौतम कुमार महतो का नामांकन अस्वीकार किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 9 मई 2024 को दोपहर 3 :00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

### शिबू सोरेन के लक्ष्मण सीता की जोड़ी को तोड़ने का काम किया : पप्पू यादव



**बोकारो** : बोकारो के दौरे पर आए पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस नेता पप्पू यादव धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट की अपील करने के लिए बोकारो पहुंचे हैं। उन्होंने बोकारो में रहने वाले लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बोकारो हमारा घर है। आज जो लोग कांग्रेस पर हमला करते हैं उनसे पूछना चाहते हैं कि आपने गीत और सीता को क्यों लिया। क्यों आपने शिबू सोरेन के लक्ष्मण सीता की जोड़ी को तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के गरीब जनता के आंसू रावण रूपी भाजपा का नाश कर देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ पूरे भारत में भाजपा का खात्मा होगा। उन्होंने कहा कि बोकारो के लोगों की जो समस्या है जो कल कारखाने बंद हो रहे हैं उनके लिए हम मजदूरी भी करेंगे और ऋण भी चुकाएंगे।

### सुंदरवंती क्षेत्र में थाना प्रभारी ने बूथों का किया निरीक्षण



**पत्थलगड़ा/चतरा** : प्रखंड के सुंदरवंती क्षेत्र मेराल पंचायत में सभी बूथों का पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव व थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने सभी मतदाता केन्द्रों का निरीक्षण किया। मेराल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरकॉल, उच्च विद्यालय खेरा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेराल में भौतिक रूप से निरीक्षण करते हुए मतदाता केंद्र में मूलभूत सुविधाएं जैसे अवसान, बिजली, पानी एवं शौचालय आदि के सुविधाओं का आकलन किया। श्री चौधरी ने बताया कि चुनाव से पहले सभी मतदाता केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर मेराल पंचायत के मुखिया के अलावे कई लोग उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी ने ग्रेजुएट को हर साल एक लाख रुपये और युवाओं को पक्की नौकरी देने का किया वादा

स्वदेश संवाददाता

**गुमला :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा के बाद गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के लिए वोट मांगे। साथ ही केंद्र में सरकार बनने पर नौकरी का अधिकार देने, ग्रेजुएट के खाते में हर साल एक लाख रुपये डालने और बेहतर काम करने वालों की नौकरी पक्की करने का वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वे युवाओं के लिए ऐसी योजना लाएंगे कि उनकी पहली नौकरी पक्की मिलेगी। ये नौकरी देश के अच्छे प्राइवेट संस्थानों में दी जाएगी। साथ ही कहा कि वे सेना से अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे और सबके लिए एक जैसी नौकरी होगी। उन्होंने किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान की बात कही। साथ ही कहा कि जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का पहला अधिकार है लेकिन भाजपा आपको वनवासी कहती है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आदिवासियों की भाषा-संस्कृति को कुचलना चाहती है जबकि कांग्रेस उनकी उनका संरक्षण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में भी कई खामियां हैं। सरकार बनी तो एक टैक्स सिस्टम बनाएंगे। राहुल ने कहा कि मनरेगा में 250 रुपये मजदूरी मिलती है। यह हमारी योजना थी। नरेन्द्र मोदी इसको ठीक से लागू नहीं करते। हमारी सरकार बनी तो मनरेगा में 400 रुपये मजदूरी मिलेगी। आशा और आंगनबाड़ी की महिलाओं की राशि दोगुनी करेंगे। किसानों का कर्जा मोदी सरकार ने माफ नहीं किया। हमारी सरकार बनी तो गरीब किसानों का कर्जा माफ करेंगे। साथ ही एमएसपी देंगे।



### नोटबंदी, गलत जीएसटी और अग्निवीर सिस्टम से युवाओं का हक मारा गया

राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी, गलत जीएसटी और अग्निवीर सिस्टम से युवाओं का हक मारा गया है। आज युवा ठेकेदारी प्रथा में काम कर रहे हैं। चेहरा अच्छा नहीं तो नौकरी से निकाल देते हैं। हम सरकार में ठेकेदारी प्रथा खत्म करेंगे। पेंशन के साथ नौकरी देंगे। अमीर परिवार के बच्चे जॉब मार्केट में जाने से पहले एक साल की नौकरी करते हैं। इसके बाद अच्छा काम करने पर उनकी नौकरी कंपनियों में पक्की हो जाती है। इससे सबक लेते हुए हम हर वर्ग के ग्रेजुएट युवाओं को पहली नौकरी का अधिकार देंगे।

### आपको निर्णय लेना है, अडानी-मोदी की सरकार बने या किसानों-गरीबों की

राहुल गांधी ने कहा कि आपको निर्णय लेना है कि अडानी और मोदी की सरकार बनानी है या किसान, गरीब, दलित, पिछड़ों की। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का आदिवासी समाज के साथ गहरा जुड़ाव रहा है। इंदिरा गांधी हमेशा आदिवासी समाज की चिंता करती थीं। हमारी सरकार बनी तो सरना कोड लागू कर देंगे। साथ ही कहा कि दिल्ली में मैं आपका सैनिक हूं। आप मुझे बताओ। मैं पूरी कोशिश करके आपका काम पूरा करुंगा। आपके जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ूंगा। राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो सबसे पहले गरीब परिवारों की एक सूची बनेगी। इसमें हर परिवार की एक महिला के अकाउंट में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। उनके अकाउंट में हर महीना आठ हजार 500 रुपये दिए जाएंगे।

## डाक-मतपत्र के जरिये सुरक्षाबलों ने किया मतदान



- सुविधा केंद्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध थी सभी मूलभूत सुविधाएं

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो** : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 13 मई 2024 पश्चिमी सिंहभूम, खुंटी, लोहरदगा एवं पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। इससे संबंधित जिले के पुलिस जवानों/झारखंड शस्त्र पुलिस बल (जेएपीएफ) ,केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) आदि सुरक्षा बलों ने सोमवार को डाकमतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर 02 सुविधा केन्द्र क्रमशः प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल (इक्करर) सेक्टर-2/सी एवं पुलिस केन्द्र, सेक्टर-12, बोकारो स्थापित किया गया था। जहां जवानों नें पूर्वाह्न 09.30 बजे से अपराह्न 05 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। दोनों स्थापित सुविधा केंद्रों में मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं (शेड/शीतल पेय/पंखा/रौशनी आदि) की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। दोनों केंद्रों पर कुल 248 मतदाताओं ने मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हुए। आज पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 72 मतदाता, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 62 मतदाता, खुंटी संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 96 मतदाता एवं पश्चिमी सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 18 मतदाताओं ने मतदान किया।

## जैविक किसान कार्डधारियों को मिला मुफ्त में डीएपी खाद

- भानु ऑर्गेनिक किसान सहायता फाउंडेशन के तहत 600 किसानों के बीच वितरण किया गया

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी** : इटखोरी प्रखण्ड के धुना पुराना पंचायत भवन धुना में भानु ऑर्गेनिक किसान सहायता फाउंडेशन के तहत डायरेक्टर ऋषव कुमार के निदेर्शानुसार धुना पंचायत कोऑर्डिनेट समीरा देवी सहयोगी कोऑर्डिनेट उर्मिला देवी और ब्लॉक कोऑर्डिनेट प्रदीप कुमार के द्वारा सभी जैविक किसान कार्डधारयों को मुफ्त डी ए पी खाद वितरण किया गया ।
ताकी क्षेत्र के सभी किसान जैविक खेती करके बेहतर अनुभव प्राप्त करें एवं अपने आत्मविश्वास को भानु ऑर्गेनिक के प्रति बढ़ा सकें और अपने - अपने सही अनुभव पर यकीन रखें और चढ़ - बढ़ कर अगले फसल के सीजन में 25% से 50% तक सब्सिडी का भारी मात्रा में फायदा उठाकर जैविक खेती कर सकें । भानु ऑगरेनिक के द्वारा मिलने वाले सभी सुविधाओं का लाभ उठाते रहें। साथ हीं साथ उपस्थित सभी किसानों को जैविक खेती के फायदे के बारे में इटखोरी ब्लॉक कोऑर्डिनेट प्रदीप कुमार और कान्हाचट्टी ब्लॉक कोऑर्डिनेट रवि कुमार के द्वारा विस्तार से जैविक फेर्टिलाईजर, जैविक किटनासक जैविक खाद के फायदा बताया गया। रासायनिक खाद के मुकाबले जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता बढ़ती हैं। भूमि से पानी का वाष्पीकरण कम होता है। भूमि के जल स्तर में वृध्दि होती हैं एवं सूक्ष्म जीवों की गतिविधि में भी वृद्धि होती है। मिट्टी की संरचना में सुधार होता है जिससे पौधे की जड़ों का फैलाव अच्छा होता है। इस के साथ-साथ मिट्टी की पानी रोकने की क्षमता बढ़ती है। मृदा अपरदन कम होता है और जल धारण क्षमता और पोषक तत्व धारण क्षमता को बढ़ाता हैं।

### व्यवसायी से मांगी पांच लाख की रंगदारी, नहीं देने पर गोली मारने की धमकी

**पलामू** : जिले के छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत ठाकुरबाड़ी मंदिर के नजदीक छत्तरपुर निवासी व्यवसायी रितेश कुमार आनंद उर्फ राजा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। खाटिन निवासी संतोष गुप्ता को गोली मारने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि एक और व्यवसाई को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर यह धमकी दी गई है। व्यवसायी रितेश ने मंगलवार को बताया कि फोन पर धमकी देते हुए 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। नहीं देने पर शाम तक गोली मारने की चेतावनी दी गई है। इस मामले के लिए छत्तरपुर थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से जानमाल की गुहार लगाई है। ठाकुरबाड़ी मंदिर बस स्टैंड के कपड़ा व्यव्सायी रितेश कुमार आनंद ने अपने परिजनों पर धमकी दिलवाने के आरोप लगाया है।

## व्यवहार न्यायालय में आठ जून को एमएसीटी केस को लेकर लगेगी विशेष लोक अदालत

**पलामू** : अगामी आठ जून को एमएसीटी केस के निस्तारण को लेकर पलामू व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत लगेगी। इसे सफल बनाने को लेकर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने वेश्म में एमएसीटी व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ मंगलवार को बैठक की और उन्हें कई सुझाव दिए। अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता अपने मुव्किल को मामले के निस्तारण के प्रति जागरूक करे, ताकि अधिक से अधिक एमएसीटी के मामले लोक अदालत में निपटाए जा सके। किसी भी पक्ष को कोई दिक्कत हो तो जिला विधिक सेवा



प्राधिकार के सचिव से मिलकर अपनी बात रखे। जिले में एमएसीटी के 292 केस न्यायालयों में लंबित है।
बीमा कंपनी व क्लेमेंट के अधिवक्ताओं ने भी पीडीजे को आश्वस्त किया है कि इस बार पूर्व की अपेक्षा ज्यादा केस एमएसीटी की विशेष लोक अदालत में निपटारा कराने का प्रयास है। मौके पर डीजे प्रथम विनोद कुमार सिंह, पंचम अभिमन्यु कुमार, षष्टम राज कुमार मिश्रा, सप्तम स्वेता ढिंगरा, अष्टम आयशा खान, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, निबंधक कमल प्रकाश, बीमा कंपनी के अधिवक्ता युदिष्ठिर गिरी, सुदेव कुमार दता, अधिवक्ता सीके मिश्रा, राजीव रंजन, शलभ कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरुकता को लेकर निकली प्रभात फेरी



स्वदेश संवाददाता

**प्रतापपुर/चतरा** : राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को विद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया,साथ ही जागरूकता को लेकर विद्यालय से मेन चौक, महावीर स्थान ,ब्लॉक कार्यालय, समेत पूरे नगर भर्मण करते हुए पुनः विद्यालय तक प्रभात फेरी निकली गई। प्रभात फेरी के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपना कर्तव्य निभाएंगे सबसे पहले मतदान कराएंगे, पहले मतदान फिर जलपान सहित कई स्लोगन को दुहरा कर मतदाताओं को जागरूक किया। वही यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राधानाध्यापक कृष्ण कुमार दुबे के देखरेख में आयोजित की गई।मौके पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को 20 मई को मतदान करने की अपील की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में, विद्यालय के छात्र, छात्रा प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार दुबे, अविनाश कुमार, संजीव कुमार, अभिषेक पांडेय, विजय कुमार, सुशील कुमार यादव, राजकुमार शुक्ला, अनस्लेम बेंगरा ,शगुफ्ता परवीन इत्यादि सभी शिक्षक और कर्मी का सहयोग रहा।

## गिरिडीह में आईआरबी जवानों से भरी बस पलटी, एक की मौत, चार दिल्ली एयरलिफ्ट

**गिरिडीह** : जिले के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत झरी पुल के समीप आईआरबी जवानों से भरी बस के पलटने से एक जवान की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल जवानों को बगोदर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां से गंभीर रूप से जख्मी चार जवानों को धनबाद से दिल्ली के लिए एयर लिफ्ट किया गया। बताया गया कि गिरिडीह से इंडियन रिर्जव बटालियन के जवानों को लेकर सात बसें चुनाव की ड्यूटी कराने अलग-अलग जिलों में जा रही थी। हर बस में 40 के करीब जवान बैठे थे। गिरिडीह से गढ़वा जा रही एक बस का चालक काफी तेज गति से वाहन चला रहा था। नतीजन बस




झरी पुल के समीप असंतुलित होकर पलट गई, जिसमें लोहरदगा के रहने वाले एक जवान विकास भगत की मौत मौके पर हो गई और 12 से अधिक जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही एसडीपीओ धनजंय राम और थाना प्रभारी सुख सागर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर में एसपी दीपक कुमार शर्मा भी पहुंच गए। सभी घायल जवानों को आनन-फानन में बगोदर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जख्मी चार जवानों मोती लाल बॉस्के, हिंदु मांडी, स्वाधीन हेम्ब्रम और गोपाल कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद से दिल्ली के लिए एयर लिफ्ट किया गया। एसपी ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

### एपेक्स अकादमी में छात्राओं ने रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक



स्वदेश संवाददाता

**प्रतापपुर** : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।इस दौरान प्रतापपुर बीडीओ अजय कुमार के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय स्थित एपेक्स अकादमी में छात्र एवं छात्राओं द्वारा रंगोली एवं पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।वही छात्र एवं छात्राओं द्वारा 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर आकर्षक रंगोली एवं पेंटिंग बनाई गई।साथ ही बीडीओ अजय कुमार ने छात्र एवं छात्राओं को बताया की अपने घर के अभिभावक एवं अपने आस पड़ोस के लोगो को 20 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भेजना है ।उन्होंने बताया की सभी को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग अवश्य करना है।वही बेहतर रंगोली एवं पेंटिंग बनाने को लेकर बीडीओ अजय कुमार ने छात्र एवं छात्राओं को शाबाशी दिया।वही विद्यालय के निर्देशक उमेश कुमार ने बताया की मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है सभी को मतदान अवश्य करना है।इस मौके पर बच्चो ने मतदाता जागरूकता से संबंधित कई स्लोगन एवं नारे भी लगा रहे थे ।

सख्ती | उत्पाद विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई, ठोका 1.62 लाख का जुर्माना

# जिले में चल रहा छापेमारी अभियान, 107 अभियोग दर्ज : अजय गोंड

**रामगढ़** : लोकसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जहां पुलिस प्रशासन अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही है। वहीं उत्पाद विभाग भी ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। सिर्फ आदर्श आचार संहिता लागू होने से अबतक 107 अभियोग दर्ज किया जा चुके हैं। इस मामले की जानकारी मंगलवार को सहायक उत्पाद आयुक्त अजय कुमार गोंड ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध चुलाई शराब, जावा महुआ, देसी शराब और अवैध शराब के खिलाफ अभियान चल रहा है। सहायक उत्पाद आयुक्त अजय कुमार गोंड ने बताया कि छापेमारी के दौरान अवैध कारोबार में संलिप्त 30 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 75 अभियुक्त फरार हुए हैं, जिनके खिलाफ अभियोग दर्ज है। उन सभी लोगों पर 1.62 लाख का जुमार्ना ठोका गया है।



### 1400 लीटर चुलाई शराब और 10 हजार किलो जावा महुआ नष्ट

सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया कि छापेमारी में उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता भी मिली हैं। सिर्फ चुनाव के दौरान हुई कार्रवाई में 1407 लीटर अवैध चुलाई शराब, 10395 किलोग्राम जावा महुआ, 10.395 लीटर देसी शराब, 469.8 लीटर विदेशी शराब, 119.650 लीटर बीयर जप्त किया गया है।

### एमआरपी से अधिक शराब बिक्री और अवैध कारोबार की इस नंबर पर दें सूचना

सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया कि जिले में अभी भी छापेमारी अभियान चल रहा है। आम नागरिकों का भी दायित्व बनता है कि वह विभाग को कारोबारी के खिलाफ सूचना दें। उनकी गोपनीयता बनाई रखी जाएगी। उन्होंने चार मोबाइल नंबर सार्वजनिक किया है, जिस पर आम नागरिक फोन कर खुदरा शराब दुकान में एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री करने, किसी भी स्थान पर शराब का अवैध भंडारण करने और अवैध बिक्री करने से संबंधित शिकायत की जा सकती है। 9431588327, 7677774961, 9006273990 और 8873531014 पर शिकायत करने की अपील की है।

## विस घेराव मामले में जयराम महतो को राहत, नामांकन हुआ कंफर्म

स्वदेश संवाददाता

**बोकारो** : गिरीडीह लोकसभा के प्रत्याशी जेबी के एस एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के चुनावी मैदान में रहने के सारी अटकलों पर विराम लग गया था, बोकारो प्रशासन ने चौथे सेट का नामांकन स्वीकार कर लिया है। जयराम महतो के वकील सोमनाथ शेखर ने बताया की 01 मई को जयराम महतो ने तीन सेट में नामांकन किया था, विधानसभा धेराव मामले में रांची के नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था जिसको लेकर नगड़ी थाना के द्वारा नामांकन के दिन जेबी के एस एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को गिरफतार करने के लिए बोकारो निर्वाचन क्षेत्र परिसर में आया हुआ था, लेकिन हजारों समर्थकों के द्वारा विरोध किए जाने के कारण पुलिस प्रशासन ने



उन्हें सभा करने का आदेश देना पड़ा था, परन्तु हजारों समर्थकों ने सभा स्थल से जयराम महतो को पुलिस के हवाले नहीं करने दिया गया जिसके पश्चात जयराम महतो ने कोर्ट का सहारा लेते हुए सभी मामलों पर रोक लगवाने में कामयाबी हासिल कर लिया। 1 माई को हुई नामांकन में कुछ त्रुटी के कारण निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सात मई (यानी आज) को नामांकन प्रक्रिया में कुछ त्रुटि को लेकर दोबारा बुलाया गया था। 06 मई को जयराम का प्रस्तावक कुलदीप राम ने चौथे सेट का नामांकन किया है, इसे निवार्ची पदाधिकारी ने स्वीकार कर लिया है जबकि पूर्व के तीन सेट का नामांकन पत्र रद्द हो गया था उन्होंने बताया कि कोर्ट की तरफ से जयराम महतो को विधानसभा घेराव के मामले में राहत मिली गई है। कोर्ट ने उनके विरुद्ध पीडक कारवाई पर रोक लगा दी है, उनके खिलाफ वारंट इश्यू किया गया था। मिले जानकारी के अनुसार जयराम महतो का नामांकन पत्र में त्रुटि को लेकर एक नोटिस भी जारी की गयी थी।

## संपादकीय

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश!




**इस** समय भारत निर्वाचन आयोग का सारा ध्यान आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित है। आयोग ने इस बार अब तक के सबसे बड़े जागरुकता एवं सुविधा संबंधी उपायों को और भी अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया है। सार्वजनिक और निजी संगठनों और मशहूर हस्तियों को मतदाता संपर्क अभियानों में शामिल किया गया है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह चुनाव में भागीदारी के भारतीय इतिहास की दृष्टि से बेहतर है, लेकिन 2019 में स्थापित उच्च मानक से कहीं न कहीं कम ही है। इसे गंभीरता से लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने अपना सारा ध्यान मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित किया है। वहीं, तीसरे चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर मंगलवार को हुए मतदान में 60 फीसदी से अधिक की वोटिंग दर्ज की गयी। असम में सबसे अधिक वोटिंग 74 फीसदी दर्ज की गयी है, जबकि सबसे कम वोटिंग महाराष्ट्र में 53 फीसदी दर्ज की गयी।

इधर, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन सदन के वरिष्ठ अधिकारियों से सतत संपर्क कर 2019 के मानक से कहीं अधिक वोटिंग फीसद बढ़ाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में व्यक्तिगत रूप से चलाये गये स्वीप अभियानों की एक उल्लेखनीय विशेषता प्रमुख विभागों, कंपनियों, मशहूर हस्तियों और संगठनों का निःशुल्क सहयोग है। बीसीसीआई के सहयोग से आईपीएल 2024 के दौरान विभिन्न स्टेडियमों में मतदाता जागरुकता संदेश और गाने बजाये जा रहे हैं। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर द्वारा पूर्व-रिकॉर्ड किये गये वीडियो संदेश में मतदाता प्रतिज्ञा विभिन्न आईपीएल स्थानों पर दिलायी जा रही है। सभी फेसबुक यूजर्स को मतदान दिवस के लिए सतर्कता संदेश भेजा गया है। आयोग डाकघरों और बैंकिंग संस्थानों के विशाल नेटवर्क का उपयोग भी इसके लिये कर रहा है। पिछले एक वर्ष के दौरान आयोग ने अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) को सशक्त रूप से संचालित किया है। राज्यों और जिलों ने कम मतदान प्रतिशत वाले निर्वाचन क्षेत्रों को लक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की योजना के तहत नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई स्थानीय विशिष्ट क्रियाकलाप किये हैं। रेल मंत्रालय के सहयोग से संसदीय चुनाव अभियान लोगो चुनाव का पर्व, देश का गर्व को आईआरसीटीसी पोर्टल और टिकटों के साथ एकीकृत किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सहयोग से लगभग 16 हजार खुदरा पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरुकता संबंधी होर्डिंग्स लगाये गये हैं। नागर विमानन मंत्रालय के सहयोग से एयरलाइंस आगामी चुनाव में भाग लेने के लिए संदेश के साथ एक इनफ्लाइट घोषणा कर रही हैं। मतदाता गाइड विमान की सीट की जेबों में रखी जा रही है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, पटना, चंडीगढ़ आदि 10 प्रमुख शहरों में हवाई अड्डों पर सेल्फी-प्वाइंट बनाये गये हैं। देश भर के सिनेमा थियेटर नियमित अंतराल पर ईसीआई मतदाता जागरुकता फिल्में और ईसीआई गीत मैं भारत हूं, हम भारत के मतदाता हैं चला रहे हैं। अमूल और मदर डेयरी ने 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' संदेश के साथ अपने दूध के पाउच की ब्रांडिंग शुरू कर दी है। दूरसंचार ऑपरेटर भी मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से एसएमएस भेजकर मतदाता जागरुकता गतिविधियों में योगदान दे रहे हैं। जोमैटो और स्विगी जैसे खाद्य वितरण प्लेटफॉर्मों ने भी अपनी अनूठी शैली में मतदाता जागरुकता संदेशों को प्रसारित करने के लिए आयोग के साथ साझेदारी की है।

## अध्यात्म पथ

### वैशाख माह में खोले जाते हैं केदारनाथ मंदिर के कपाट, जानिये इसके पीछे का रहस्य



**आगामी** 10 मई से केदारनाथ यात्रा शुरू होने वाली है। हर साल वैशाख माह में ही केदारनाथ यात्रा की शुरुआत होती है। वैशाख महीने में इस मंदिर के कपाट खोले जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर बार केदारनाथ के कपाट वैशाख महीने में ही क्यों खुलते हैं। ऐसे में अगर आप इस बात से अंजान हैं, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कि केदारनाथ धाम के कपाट वैशाख माह में क्यों खुलते हैं और इसका क्या महत्व है। हिंदू धर्म शास्त्रों के मुताबिक, वैशाख महीने का काफी महत्व माना जाता है। असल में यह महीना हिंदू वर्ष का दूसरा महीना है। इस महीने में सभी देवी-देवताओं ने अवतरण लिया है। बता दें कि भगवान श्रीहरि विष्णु से लेकर भगवान शिव ने इसी महीने में कई अवतार लिये। बताया जाता है कि जब सृष्टि का सृजन नहीं हुआ था तब भगवान श्रीहरि विष्णु-मां लक्ष्मी और भगवान शंकर-मां पार्वती की पूजा के लिए अन्य देवता वैकुंठ और कैलाश पर जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते थे। वहीं, सृष्टि की रचना के बाद एक-एक घटना से एक-एक मंदिर का निर्माण होता चला गया। कहा जाता है कि तब भी प्राचीन काल में स्वर्ग से आकर देवी-देवता ही मंदिर के कपाट खोला करते थे और विधि-विधान से पूजा करते थे। धार्मिक शास्त्रों में माना गया है कि जब भी मंदिर के कपाट खुलते हैं, तो उस दौरान मंदिर में दिव्य ऊर्जाएं मौजूद होती हैं। खासतौर पर वैशाख महीने में किसी भी भगवान के मंदिर के कपाट खुले, तो उस दौरान सभी देवी-देवता उपस्थित होकर अपनी कृपा बरसाते हैं। इसी वजह से केदारनाथ के कपाट वैशाख महीने में खोलना शुभ माना जाता है। क्योंकि इस महीने में केदारनाथ धाम जाकर भगवान शिव-शंकर का आशीर्वाद मिलता है। वहीं, श्रद्धालुओं को अन्य देवी-देवताओं की भी कृपा प्राप्त होती है।

# मोदी और भाजपा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र

> अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने 'भारत के पवित्र शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं' शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आये। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गये तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे। सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जायेंगे। सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**हम** सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आये, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें। भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिये भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है। वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैंड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान। इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबंधन (कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नयी रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलानेवाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं।

इस बात को समर्थन देने एवं जोर देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार द वाशिंगटन पोस्ट, द न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार द गार्जियन, बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन इसी कड़ी में अब सीएनएन में शामिल हो गया है। अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने 'भारत के पवित्र शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं' शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के



लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आये। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गये तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे। सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जायेंगे। सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है। वाराणसी के कई मुसलमान उपेक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि उनके साथ विश्वासघात होने की बात करते हैं, खासकर जब एक सदियों पुरानी मस्जिद ज्ञानवापी की बात हो। सीएनएन यहां स्थानीय मुस्लिमों के माध्यम से कहलवा रहा है कि सरकार उनके समुदाय की रक्षा करने में विफल हो रही है, आज के भारत में घृणा अपराधों से लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं। अगर मोदी दोबारा चुने गये तो सबसे बुरा होगा। इसके लिए सीएनएन भाजपा नेता टी. राजा सिंह के भाषण, हिंदू अधिकारियों को प्रमुख सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर नियुक्ति देने, अधिकारियों द्वारा मुस्लिम संपत्तियों को ध्वस्त करने के आरोपों, मुस्लिम बहुल राज्य जम्मू और कश्मीर की विशेष स्वायत्तता अनुच्छेद 370 को हटाने और उसे सीधे दिल्ली के नियंत्रण में लाने, नागरिकता कानून को पारित करने, (जिसमें मुस्लिम प्रवासियों को शामिल नहीं किया गया), दिल्ली दंगों के लिए भी हिन्दुओं को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इसके साथ ही ये सीएनएन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने के लिए वाशिंगटन स्थित शोध समूह इंडिया हेट लैब की की रिपोर्ट का उल्लेख भी करता है, जिसका कहना है कि भारत में मुस्लिम प्रताड़ित हैं। यह लेख कहता है कि ह्यूमन राइट्स वॉच, एमनेस्टी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर ह्यूमन राइट्स सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने धार्मिक लोगों के खिलाफ निरंतर भेदभाव की चेतावनी दी है।

इसके साथ ही चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जो बोल रहे हैं उसको आधार बनाकर यह बताने का प्रयास हुआ है कि मुसलमानों पर घुसपैठिये होने का आरोप लगाया जा रहा है और एक नारा संविधान खतरे में है का जोर शोर के साथ लगाया जा रहा है। दरअसल, यह बात ओर है कि मुसलमान राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और परंपरागत रूप से हिन्दू प्रभुत्ववाली सत्ता को अस्वीकार करने की मानसिकता से ग्रस्त होने के कारण से इसे स्वीकार करना नहीं चाहता, लेकिन वर्तमान आंकड़े बता रहे हैं कि कैसे दस सालों में भाजपा की सत्ता के रहते भारत भर में मुसलमानों समेत हर वर्ग के जीवन स्तर में भारी सुधार हुआ है। इतना ही नहीं तो नौकरियों का ग्राफ भी साफ बता रहा है कि किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के केंद्र की सत्ता में रहते हुए आज तक जो लाभ उन्हें पिछले कई सालों में कभी नहीं मिला था, वह लाभ मोदी की केंद्र में सत्ता आने के बाद से ही मुसलमानों को मिलना शुरू हो सका है। कहना होगा कि पिछले दस सालों में केंद्र में भाजपा के शासन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस्लामवादियों के लिए जमीन पर जन्नत उतारने का साकार काम किया है। बिना भेदभाव के अल्पसंख्यकों को भारत में आज अवसर की समानता उपलब्ध है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर तेजी के साथ बढ़ रहा है। इस बार के जीएसटी कलेक्शन में 11.5 फीसदी का उछाल हुआ है। वहीं, मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का ये आंकड़ा अब तक का दूसरा सबसे ऊंचा स्तर है। पूरे वित्तीय वर्ष 23-24 में कुल 20.14 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन हुआ है। स्वभाविक है कि इस पूरी राशि का उपयोग भारत के विकास के लिए केंद्र की सरकार करेगी। पूरी दुनिया अकेले इस एक काम जीएसटी कलेक्शन से अचंभित है। भारत विदशों को हथियार बेच रहा है। बेहतर मानव संसाधन का उपयोग कर दुनिया के तमाम देशों को उद्योग लगाने के लिए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और इस तरह से विश्व में लगातार उसकी दावेदारी एक ओर यूएनओ में स्थायी सदस्यता की बनती जा रही है तो दूसरी ओर विश्व शक्ति के रूप में सभी के सामने अपने को वह प्रखरता से रख रहा है, जोकि कई विकसित देश सहन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबंधन (कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई) ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोल रखा है। अब जरूरत सूचनाओं के इस महायुग में भारत के आमजन की विशेष है कि वे किसी भ्रम में नहीं आयें। हर खबर की गहराई में जाएं और समझें कि आखिर इसके पीछे सत्यता कितनी है।

**- (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# विपक्ष के टूलकिट मुद्दों की निकली हवा

> सच यह है कि संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूलभूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी। आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया। मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया। कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक होकर रह गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था।

**मृत्युंजय दीक्षित**

**स्वतंत्रता** के बाद देश में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है। जब से लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार शुरू किया है तभी से राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता तमाम मंचों पर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। दोबारा चुनाव नहीं। इसके अतिरिक्त यह लोग प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो वायरल कर झूठ फैला रहे हैं। शाह के वीडियो प्रकरण में गिरफ्तारी भी हुई हैं। चुनाव प्रचार में जुटे प्रधानमंत्री मोदी ने इस फर्जी वीडियो प्रकरण को अपने पक्ष में मोड़कर मुद्दा बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है। साथ ही वो संविधान और आरक्षण के नाम पर विगत 70 साल में पिछली सरकारों ने जो किया उसे बेनकाब कर रहे हैं। विपक्ष वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का अभियान चला रहा है। बिहार में 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच गठबंधन हुआ था तब इन दलों ने संघ के खिलाफ विष वमन किया था।

मायावती ने भी एक पुस्तक घर-घर बंटवाकर संघ को आरक्षण विरोधी करार करने की कोशिश कर चुकी हैं। अब समय बदल चुका है। यह 2024 की बदली हुई भाजपा और संघ है। दोनों दुष्प्रचार के प्रति पूरी तरह सतर्क



और सशक्त हैं। इस बार कांग्रेस नेताओं का यह दांव जमीनी धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। संघ ने साफ कर दिया है कि वह हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का पक्षधर रहा है। संघ का मानना है कि जब तक सामाजिक भेदभाव है या आरक्षण देने के कारण हैं तब तक आरक्षण जारी रहे। राहुल गांधी आजकल भाजपा को संविधान विरोधी साबित करने में दिन-रात एक किये हुए हैं जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज आम नागरिक अपने संविधान को जान रहा है, पढ़ रहा है और उसके अनुरूप आचरण करना चाह रहा है और उसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास ही हैं। अब हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान को अब वेबसाइट पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नये संसद भवन के उद्घाटन और सेंगोल स्थापना के अवसर पर सदन के सदस्यों को भी संविधान की मूल प्रति दी गयी।

सच यह है कि संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूलभूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी। आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया। मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया। कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक होकर रह गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था। इसी प्रकार कांग्रेस अयोध्या में प्रभु राम की जन्मभूमि और उस पर बन रहे भव्य मंदिर के प्रति भी नकारात्मक रही है। जन-जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पहले तो मुद्दे को लटकाने और भटकाने के लिए जी जान लगाती रही, इसमें असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर बैठी। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करके राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल के बयान को मिथ्या बताया। राहुल गांधी अपनी जनसभाओं में यह आरोप भी लगा रहे हैं कि वहां कोई गरीब, महिला, किसान और युवा दर्शन के लिए नहीं गया। सच यह है कि अब तक दो करोड़ से अधिक लोग राम मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा हताश कांग्रेस और विपक्ष बार-बार अपनी पराजय का बहाना खोजने के लिए ईवीएम पर ही संदेह पैदा कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक गए। वहां से मिले जवाब से बोलती बंद हो गई है। जब कुछ नहीं मिला तो कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड को लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री की छवि को खराब करने का अभियान प्रारम्भ कर दिया है। एक टूल किट की तरह इन आभासी मुद्दों को बार-बार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है । अपने झूठे और फरेबी टूल किट की वजह से वह गहरे दलदल में फंसता जा रहा है।

**- (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**RNI** (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार*, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत पर 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

**स्वदेश संवाददाता**

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी-विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

### क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के "आंख नाक कान" बनकर सजग मतदाता की भूमिका निभाएं।

### शिकायत का निष्पादन कैसे होता है

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

### एप से क्या-क्या शिकायत दर्ज करा सकते हैं

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है। बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शिकायतें की जा सकती हैं।

## मौसम ने ली अचानक करवट, गर्मी से मिली कुछ राहत



**स्वदेश संवाददाता**

दारू (हजारीबाग)। पिछले दो महीने से लगातार पड़ रहे भीषण गर्मी से प्रखंड के लोग, जंगली जानवर, मवेशी पेड़-पौधे और जेठुआ सब्जी के उत्पादन करने वाले किसान गर्मी से त्रस्त थे। मंगलवार शाम में हल्की बारिश से किसान, आम लोग एवम् प्रकृति के सभी जीव-जंतुओं को गर्मी से राहत मिली। तकरीबन डेढ़ घंटे से तेज हवा के साथ हल्की बारिश से लोगो को राहत मिली। प्रतिदिन 10 बजे के बाद घर से बाहर निकलना मुश्किल था। वैसे किसान जो जेठुआ सब्जी का उत्पादन करते हैं। उन्हें प्रतिदिन पानी सीचना मुस्किल था। भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार ने भी एक से आठवीं तक के बच्चों को स्कूल में छुट्टी का आदेश दिया था। बारिश होने से आम जनमानस, जीव जंतुओं और किसानों को विशेष राहत मिला।

## कांग्रेस करेगी देश के साथ न्याय : जय प्रकाश भाई पटेल

**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को चुरचू प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। चरही पंचायत के चिचिकलां में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार में आई थी आज वह मुद्दे गौण नजर आ रहा है। महंगाई आसमान पर चली गयी। बेरोजगारी दोगुने से भी ज्यादा है। फौज में जाने की इच्छा रखने वालों के सपने तोड़ दिए गए। अडानी का कर्जा माफ कर दिया मगर किसानों के माफ नहीं हुए। किसानों पर लाठियां बरसाई गयीं। नए कानून बना कर ड्राइवर भाइयों के साथ अन्याय किया गया। आगे कहा कि अब देश में जनता ने इन धूर्त लोगों को पहचान लिया है। अब इन्हें सबक सिखाने का वक्त आ गया है। सब के साथ न्याय करने का वक्त आ गया है। कांग्रेस की सरकार न्याय पत्र की सारी गारंटियों को धरातल पर उतार देश के साथ न्याय करने का कार्य करेगी। जनसंपर्क के दौरान चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, सुखदेव प्रसाद यादव, राजकुमार महतो, देवकी महतो, बहेरा पंचायत मुखिया नीलकंठ महतो, भुनू महतो, आरिफ अंसारी, बाल कुमार महतो, मिस्टर बाबू, प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम, मुमताज अंसारी, चरका यादव, उप मुखिया अभिजीत सिंह, मुस्लिम अंसारी, मेघनाथ महतो, मोहन महतो, इकरामुल अंसारी, शुक्र ठाकुर, चालेश्वर महतो, दीपनारायण महतो, प्रदीप कुमार, शरीफ अंसारी, बिलाल अंसारी, धनेश्वर महतो आदि शामिल रहे।

### विवाहित महिला को कुंवारे लड़के से हुआ प्यार

## 9 दिन बाद प्रेमी और प्रेमिका पहुंचे थाना, सुरक्षा की लगाई गुहार

**स्वदेश संवाददाता**

बरकट्ठा। कहते हैं जब प्यार चढ़ा परवान तो सब कुछ जायज हो जाता है। ऐसा ही मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत सलैया की विवाहित महिला का प्रकाश में आया है।महिला ने कुंवारा लड़का से प्यार किया। इस बाबत प्रेमिका महिला लक्ष्मी कुमारी पिता राजकुमार मंडल बरकट्ठा थाना में 9 दिन बाद प्रेमी के साथ पहुंची और आवेदन देकर अपने जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। जिसमें उन्होंने बताया कि विक्की दास पिता गोवर्धन दास ग्राम सलैया निवासी से प्यार कर शादी कर ली हूॅ। जिसकी जानकारी परिजनों को मिलने के बाद परिजनों ने थाना में आवेदन दिया था। जिसके बाद हम मंगलवार को दोपहर बरकट्ठा थाना आकर सुरक्षा की गुहार लगाई हूं। वहीं लक्ष्मी कुमारी ने बताया की 13वर्ष की उम्र में परिजनों ने मेरी शादी राजस्थान के भीलवाड़ा में करवाई थी। जहां पूर्व पति और परिजनों द्वारा मारपीट व प्रताड़ित किया जाता था। 28 अप्रैल को फरार होकर मंदिर में विक्की दास से शादी रचा ली।वहीं प्रेमी विक्की दास ने भी लक्ष्मी से शादी करने व एक दुसरे के साथ आजीवन रहने की बात कबुल की। शादी को लेकर बाजार में चर्चा जोरों पर है। प्रेमिका लक्ष्मी कुमारी की एक पुत्री 4वर्ष की है जो अपने पिता के साथ भीलवाड़ा में रह रही है।

## उप विकास आयुक्त ने प्रखंड के कई बूथ स्थलों का किया निरीक्षण



**स्वदेश संवाददाता**

बड़कागांव। हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बड़कागांव प्रखंड के कई बूथों का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय, गोसाई बलिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नापोखुर्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरली उत्क्रमित मध्य विद्यालय में संचालित बिजली पानी शौचालय को लेकर बुथ स्थल का निरीक्षण किया। उक्त विद्यालयों में लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स का ठहराव होना है। इसके लिए न्यूनतम सुविधा उपलब्धता की अवलोकन की गई। इसके अलावा उप विकास आयुक्त श्रीमती दीक्षित ने बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी अवलोकन की। इस दौरान छात्राओं से विद्यालय के विधि व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था, हॉस्टल व्यवस्था एवं कई बिंदुओं पर रखरखाव की भी जानकारी ली। वार्डेन लीलावती कुमारी द्वारा विद्यालय का अधूरा चारदीवारी, विद्यालय एवं हॉस्टल भवन का सुंदरीकरण एवं शिक्षण संबंधित पठन-पाठन सामग्री का भी उपलब्धता करने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर उप विकास आयुक्त द्वारा जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दी गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं कई प्रखंड कर्मी शामिल थे।

## चोरी की स्कार्पिओ के साथ एक युवक हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**स्वदेश संवाददाता**




दारु (हजारीबाग )। दारू थाना प्रभारी शफीक अंसारी ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पुनाई पंचायत के जरगा से एक सफ़ेद रंग की स्कार्पिओ के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक नाम सुजीत कुमार पिता वकील ठाकुर है, जो टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो का रहने वाला है जिसे चोरी की सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन संख्या बी आर 31 पीए 5286 के साथ जरगा से गिरफ्तार किया गया। इस मामले मे बरामद वाहन बिहार क्षेत्र का है जिसकी विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाया है।गिरफ्तार युवक को मंगलवार को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

## डाककर्मियों ने मतदान करने का एवं अपने क्षेत्र के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया

**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। रिफॉर्मेटरी स्कूल डाकघर में कॉलेज मोड़, कोर्रा व रिफॉर्मेटरी स्कूल डाकघर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण डाकघर नगरी चुरचू, मोरंगी, बभनबै, भेलवारा, धेगुरा मोड़, कदमा, गदोखर, सलगावां, रेवली, चंदवार, जगदीशपुर, ओरिया, रोला, सितागढा, बहिमर, डांड़, कटकमसांडी, लूपुंग, पबरा, पेलावल, रोमी, शाहपुर, सुल्ताना के डाककर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है, डाक विभाग मतदाता पहचान पत्र वितरण के लिए पूरी तरह कृत संकल्पित है इसलिए हमें हर हाल में मतदाता पत्र मिलते ही संबंधित व्यक्ति को इसे देना है। हमें अपने आसपास के लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

मौके पर रेफरोमेट्री स्कूल के उप डाकपाल रौशन कुमार सिंह, डाक सहायक प्रियम राज, डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप, राजीव रंजन मिश्रा, संजीत कुमार यादव, प्रियांशु ठाकुर, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार पांडे, अमन कुमार, बेबी कुमारी गायत्री देवी अंजली राय, स्वेच्छा सिंह, फूल कुमारी, अंजली कुमारी सहित काफी संख्या में डाककर्मी उपस्थित थे। सभी ने मतदान करने एवं अपने क्षेत्र के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## कटकमसांडी साप्ताहिक बाजार में लगाकर किया जा रहा है अतिक्रमण!

**स्वदेश संवाददाता**



कटकमसांडी। अतिक्रमण कारियों द्वारा कटकमसांडी साप्ताहिक मुख्य बाजार भूमि पर अवैध रूप से दर्जनों गुमटी लगाकर कब्जा जमाया जा रहा है। लोगों ने इस सम्बन्ध में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कटकमसांडी सीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि यह जमीन केसर हिंद के अंतर्गत आता है, जो राज्यपाल के नाम से है। रविवार और बूधवार को यहां साप्ताहिक बाजार लगता है, जहां चतरा जिले के सिमरिया, पथलगड्डा व गिद्धौर प्रखंड सहित कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के खरीददार व व्यापारी आकर अपना सामान की खरीद फरोख्त करते हैं। एक माह के अंदर 30-35 गुमटी लगाने से बाजार में छोटे छोटे व्यापारियों को साग सब्जी व दैनिकोपयोगी सामग्रियों को बेचने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार भूमि के संकुचित होने से विक्रेताओं को मुख्य सड़क पर बैठकर सामानों को बेचने से आवागमन बाधित हो रहा है। लोगों ने बाजार भूमि को सीओ से अतिक्रमणमुक्त कराने की गुहार लगाई है। आवेदन में महेंद्र दांगी, हुलास ठाकुर, प्रयाग दांगी, रामचंद्र दांगी, मो. अनवर, मो. कलीम, मो. हदीस, प्रकाश रजक, रामू दांगी, तबरेज अंसारी सहित दर्जनों का नाम है।

## दारू मुख्य चौक पर चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**स्वदेश संवाददाता**



दारू (हजारीबाग)। भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को दारू चौक में किया गया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण राणा, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रकाश दयाल, रंजीत कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश कुशवाहा, रामनरेश कुशवाहा, प्रमोद कुमार ने संजुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़ कर किया गया। इस दौरान बलदेव बाबू, राजन सिन्हा, भैया सुमित कुमार, संजय कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, राजेंद्र राम,रविंद्र कुमार, अरविन्द कुमार, मनोज मंडल, प्रमोद पासवान, बिट्टू रवानी, योगेश्वर प्रसाद,राजेश कुमार, रविंद्र राणा, मोहन ठाकुर, नारायण कुशवाहा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## मौसम ने बदला मिजाज तेज आंधी के साथ जमकर हुई बारिश

**स्वदेशसंवाददाता**



बड़कागांव। गर्म हवाओं और झुलसाती हुई गर्मी के मार से लोग त्राहिमाम हो रहे थे। पारा 44 डिग्री के पार जा चुका था लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो रहा था। कड़ी धूप में कहीं भी आवागमन करना काफी कठिन हो रहा था। बड़कागांव प्रखंड में भी गर्मी का प्रचंड रूप लगातार देखने को मिल रहा था। जहां लोग गर्मी से विचलित हो रहे थे। ऐसे में मंगलवार को दिन भर कड़ाके की धूप के बाद अचानक मौसम ने शाम 5:00 बजे के बाद करवट ली। तीव्र गति की हवाओं के साथ जमकर बारिश हुई। जिस तरह से तेज आंधी के साथ जम कर बारिश हुई और मौसम ने जिस तरह से अचानक से करवट लिया उससे यकीनन लोगों को काफी राहत पहुंचा है। झुलसाती हुई गर्मी के बीच लोगों को फिलहाल मंगलवार की शाम को गर्मी से बहुत हद तक राहत मिली।

## सरकारी आदेश का निजी विद्यालय उड़ा रहे धज्जियां, बीईईओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**स्वदेश संवाददाता**

बरकट्ठा। भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने केजी से लेकर आठ तक की कक्षा सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्देश जारी किया है।

वही प्रखंड के बेड़ोकला पंचायत अंतर्गत कई निजी विद्यालय खुले रखने की शिकायत बीईईओ किशोर कुमार को मिली, जिसमें मॉर्डन पब्लिक स्कूल बेडोकला,पैरामाउंट पब्लिक स्कूल बेड़ोकला, विजन पब्लिक स्कूल बेडोकला, संजय गांधी उच्च विद्यालय बेडोकला, विद्या निकेतन बेडोकला में शैक्षणिक कार्य किये जाने की सूचना मिली। विदित हो कि बीईईओ किशोर कुमार को संकुल साधन सेवी विनोद कुमार शर्मा के द्वारा निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में शैक्षणिक कार्य किये जाने की लिखित सूचना दी गई थी। सूचना के आलोक में बीईईओ ने उक्त विद्यालय के प्राचार्य को सरकारी आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने को कहा है। पत्र में लिखा है कि किस कारण विद्यालय खुला रखकर पठन-पाठन कार्य किया जा रहा है। अन्यथा की स्थिति में अग्रेतर कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदित करने की बात कही गई है। वहीं पैरामाउंट पब्लिक स्कूल का निरीक्षण बीईईओ द्वारा स्वयं दिनांक 7 अप्रैल को किया गया।

## संदीप कुशवाह ने आठवीं कक्षा तक के विद्यालय खोलने की अपील सरकार से की

**स्वदेश संवाददाता**



बड़कागांव प्रखंड निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष सह बी.एम. मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप

बड़कागांव। झारखंड में अब सभी विद्यालयों को सुबह 6:00 से 10:00 तक खुलने का आदेश सरकार के द्वारा दे देना चाहिए क्योंकि विद्यालय बंद रहने से बच्चों का पठन-पाठन कार्य ठप है।सरकार बढ़ते लू और गर्मी के हवाला देते हुए विद्यालय बंद कराया था।बदलते मौसम को देखते हुए सुबह के 10:00 बजे तक ठंडा मौसम रहने की वजह से सरकार को पुनः विद्यालय खोलने का आदेश देना चाहिए।उक्त बातें कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। श्री कुशवाहा आगे बताया कि पुर्व में कोविड के रहने की वजह से बच्चों का पठन-पाठन में काफी असर पड़ा है।सरकार का आदेश पर बड़कागांव सहित अन्य जगहों के सभी विद्यालयों को पूर्णता बंद कर दिया गया है।इसके बाद अभी मौसम पुनः ठीक हो जाने के बाद हम सभी निजी विद्यालय संघ की ओर से सरकार से आग्रह करते हैं की पुनः विद्यालय खोलने का आदेश दिया जाए ताकि बच्चों का पढ़ाई नियमित रूप से हो सके।

## भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने विभिन्न सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के साथ शुरू किया जनसंपर्क

**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने पिछले करीब दो महीने से अधिक समय से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में अलग-अलग भाजपा मंडलों सहित एनडीए घटक दल में शामिल राजनीतिक दल आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) के कार्यकर्ताओं संग बैठक करके और मिलकर समन्वय व परिचयात्मक कार्यक्रम चलाया, जिसके बाद उन्होंने एक विशेष रणनीति के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा मांडू विधानसभा, बड़कागांव विधानसभा, सदर विधानसभा, बरही विधानसभा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन के अनुरूप मंडलवार गांवों का तुफानी जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया और क्षेत्र के लगभग प्रमुख गांवों का दौरा करने के उपरांत अब उन्होंने समाज के विभिन्न सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के बीच जनसंपर्क अभियान शुरू किया। मनीष जायसवाल ने सोमवार और मंगलवार को रामगढ़ जिले के विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के लोगों से मिले और उनके संग बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रहित और समाजहित के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। रामगढ़ के अलग- अलग जगहों पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मारवाड़ी समाज, मधेशिया समाज, सिख समाज, क्षत्रिय समाज, ब्रह्मऋषि समाज, दलित समाज, कुशवाहा समाज, ब्राह्मण समाज, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब, लायंस क्लब सहित अन्य के साथ बैठक कर भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले लोकस्बाहा चुनाव में मतदान करने का अपील किया।

सभी सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के लोगों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया कि हमारा अपार जनसमर्थन आपके साथ रहेगा और आपकी जीत ने हम सभी अहम भूमिका निभाने को तैयार हैं । मौके पर भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की मैंने राजनीति हमेशा सेवा भाव से किया है। सामाजिक समरसता, सामाजिक प्रेरणा और सामाजिक दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए हजारीबाग के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों का सकारात्मक समर्थन मुझे प्राप्त हो रहा है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल के टॉपर विद्यार्थियों को प्राचार्य एवं निदेशक ने किया सम्मानित

**स्वदेश संवाददाता**



बड़कागांव। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम एवं निदेशक कुलदीप कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में 2024 में जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में 80% से ऊपर अंक लाने वाले स्कूल के 37 विद्यार्थियों को स्कूल परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि आप मैट्रिक में जिस तरह से बेहतर रिजल्ट किया है,यह आगे का भविष्य तय करेगा।क्योंकि कोई एक जीत से सिकंदर नहीं बनता है सफलता के लिए निरंतर प्रयास करते रहना पड़ेगा।साथ ही साथ करियर काउंसलिंग के माध्यम से सही सब्जेक्ट का चुनाव पर भी चर्चा किया गया। निदेशक कुलदीप कुमार ने कहा है कि आप अच्छे संस्कार के साथ निश्चित रास्ता तय करते हुए अपनी मेहनत को जारी रखें निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में रुहान कैफ,अजय कुमार, सोनू कुमार, हिमांशु कुमार,पृथ्वीराज, साहिल रंजन,किशन कुमार,हिना परवीन, करिश्मा कुमारी, निशा कुमारी, संजना कुमारी, साहिल रंजन,गौतम कुमार,खुशी बेबी, निरंजन कुमार, शुभम कुमार, रितेश कुमार, मनीष कांत, हिमांशु कुमार, कविता कुमारी, रवि कुमार,सूरज कुमार, अंकित राज।शिक्षक कन्हैया कुमार ने शिक्षकों को धन्यवाद एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए समापन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दावा-पाकिस्तानी फौज के अफसरों ने बच्चों का यौन शोषण किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का खुलासा हुआ है। खैबर पख्तूनख्वा के कबाइली इलाकों में तैनात कर्नल से मेजर रैंक तक के कुछ अफसरों के बच्चों से यौन शोषण के 600 से ज्यादा वीडियो सामने आए हैं। बच्चों की उम्र 14 साल से कम बताई गई है। लगभग सौ से ज्यादा बच्चों का पांच साल से यौन शोषण किया जा रहा था। कुछ अफसरों को पाराचिनार कैंट से पेशावर कमांड हेडक्वार्टर बुला लिया गया है। कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हसन अजहर हयात ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी में आदेश देते हुए किसी भी अफसर के यौन शोषण में शामिल होने से इनकार किया है। सेना का दावा है कि तीन साल पहले भी अफसरों पर 13 साल के लड़के के यौन शोषण के आरोप लगे थे जो झूठे पाए गए थे। इस बीच, स्र्ड्डक्रके बाद पुलिस ने यौन शोषण केस में एक स्थानीय दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गरीब बच्चों की सप्लाई, ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो बनाए गए थे पुलिस ने दैनिक भास्कर को बताया कि इलाके का एक दुकानदार ताहिर कबादी सेना का करीबी था। वही गरीब बच्चों की सप्लाई करता था। बताया जाता है कि वह बच्चों को लालच देकर अफसरों के पास भेजता था।उसने ही बच्चों के यौन शोषण के वीडियो भी बनाए। इससे वह बच्चों के माता-पिता से पैसे भी ऐंठता था। साथ ही वीडियो के जरिए वह बच्चों को ब्लैकमेल करके बार-बार अफसरों के पास भेजता था। पुलिस ने उसके लैपटॉप से ये वीडियो बरामद किए हैं। खुर्रम के स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेना के कुछ अफसरों पर पहले भी बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगे थे, लेकिन पाक सेना के मेजर और कैप्टन रैंक के अफसरों ने पुलिस वालों पर दबाव डालकर आरोपियों को छुड़ा लिया था। पाकिस्तान में 2015 में बच्चों के यौन शोषण के वीडियो वायरल करने का बड़ा रैकेट सामने आया था। इसमें करीब 400 वीडियो थे। इन वीडियो को 50-50 रुपए में बेचा गया था। हालांकि, इस मामले में फौज के अफसर शामिल नहीं थे।

### स्तन कैंसर कार्यकर्ता क्रिस हालेंगा का 38 साल की उम्र में निधन, आखिरी सांस तक लाखों महिलाओं को किया जागरूक

**लंदन, एजेंसी।** स्तन कैंसर जागरूकता चैरिटी कोप्पाफील की संस्थापक क्रिस हालेंगा का 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने इंग्लैंड के कॉर्नवाल में अपने घर पर आखिरी सांस ली। हालेंगा ने अपने जीवन के आखिरी समय तक लाखों महिलाओं को अपने स्तनों (स्तन कैंसर) की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया। दरअसल, स्तन कैंसर को लेकर जागरूकता फैलाने वाली क्रिस हालेंगा को 15 साल पहले टर्मिनल स्तन कैंसर का पता चला था। एक साल से ज्यादा समय तक अपने गार्जियन से दूर रहने के बाद हालेंगा का 23 साल की उम्र में ब्रेस्ट कैंसर का इजाल हुआ था। क्रिस हालेंगा के मित्र और लेखक फर्ने कॉटन ने उनके निधन पर कहा, जितना मैंने किसी को जीवित देखा है, वह उससे कहीं अधिक जिंदगी जीती थीं। बता दें कि कोप्पाफील मिशन युवाओं को स्तन कैंसर के बारे में शिक्षित करता है। संस्था की जागरूकता की वजह से कई युवाओं को दोबारा अपनी सामान्य जिंदगी जीने में मदद मिली। चैरिटी कोप्पाफील ने सोमवार को हालेंगा की मौत की पुष्टि करते हुए कहा, क्रिस ने जीवन को बेहद रचनात्मक, मजेदार और निडर तरीके से जिया और हमें दिखाया कि कैंसर के साथ भी जीवन को पूरी तरह से जीना संभव है।

### भारत की जांच के नतीजों का हम इंतजार करेंगे..., पन्नू की हत्या की साजिश मामले में व बोला अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकवादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू एक बार फिर सुर्खियों में बने हुए है। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट का दावा है कि एक भारतीय खुफिया अधिकारी की देखदेख में पन्नू की हत्या की साजिश रची गई थी। हालांकि, भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। वहीं, इस पूरे विवाद में अमेरिका का बयान आया है। विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका में पन्नुन की हत्या की साजिश से संबंधित आरोपों पर भारतीय जांच के नतीजे देखने का इंतजार कर रहे है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, भारत सरकार ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति बिठाई है और वह काम जारी है। हम परिणाम देखने के लिए प्रतीक्षा करेंगे, लेकिन हम यह स्पष्ट कर रहे है कि इस मामले को हम गंभीरता से ले रहे हैं और हमें लगता है कि उन्हें (भारत) को भी इसे गंभीरता से लेना चाहिए। दरअसल, मिलर उन आरोपों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि भारत सरकार के अधिकारी अमेरिकी नागरिक और अलगाववादी सिख नेता पन्नून की हत्या की साजिश में शामिल थे। मिलर ने कहा कि हम सोचते हैं कि भारत को इस मामले को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए और जांच करनी चाहिए। वाशिंगटन पोस्ट ने हाल ही में पिछले साल भारत पर पन्नुन को मारने की कथित साजिश के संबंध में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के एक अधिकारी का नाम सार्वजनिक रूप से लिया था। अमेरिकी दैनिक की रिपोर्ट की आलोचना करते हुए, भारत ने दावों को दृढ़ता से खारिज कर दिया और कहा कि रिपोर्ट में एक गंभीर मामले पर अनुचित और अप्रमाणित आरोप लगाए गए हैं और मामले की जांच चल रही है।

# हमास सीजफायर को तैयार, राफा में इजराइल के हमले जारी, कहा- प्रपोजल में वे शर्तें ही नहीं, जिन पर सहमति बनी थी



**काहिरा, एजेंसी।** इजराइल से जंग के 7 महीने बाद हमास ने मिस्र और कतर के सीजफायर के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हमास ने सोमवार (6 मई) को इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया। हालांकि, इजराइल ने कहा है कि हमास जिन शर्तों पर तैयार हुआ उसकी मंजूरी नहीं दी गई थी। इसके बाद इजराइल ने जंग के आखिरी फेज की शुरुआत करते हुए दक्षिणी गाजा के राफा पर हमले भी किए। न्यूज एजेंसी ्रक्क के मुताबिक, इजराइल टैंक गाजा-मिस्र की सीमा से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर थे। इससे पहले हमास के लीडर इस्माइल हानिए ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी और मिस्र के खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्बास कामेल से फोन पर बात की। उन्होंने दोनों से कहा कि वो इजराइल के साथ युद्धविराम के लिए उनकी शर्तों को स्वीकार कर रहे हैं। हमास ने कहा, अब फैसला इजराइल के हाथ में है कि वो सीजफायर के लिए तैयार होता है या नहीं। अलजजीरा के मुताबिक, हमास ने जिस समझौते को स्वीकार किया है, उसमें तीन चरणों में युद्धविराम की बात कही गई है। हर चरण 42 दिनों तक चलेगा। पहले चरण में इजराइल गाजा पर हमले रोकेगा। नेटजारिम कॉरिडोर से इजराइली सेना की वापसी होगी। न्यूज एजेंसी ्रक्क के मुताबिक, इजराइल टैंक गाजा-मिस्र की सीमा से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर थे। इसके अलावा इजराइली सेना गाजा रोज 10 घंटों के लिए गाजा की हेलिकॉप्टरों-ड्रोन्स से गाजा की निगरानी नहीं करेगी। दूसरी तरफ, हमास 33 इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। हर इजराइली बंधक की रिहाई के बदले इजराइल 30 फिलिस्तीनियों को अपनी जेल से आजाद करेगा। पहला फेज सफल होने के बाद इजराइल-हमास अगले फेज की शर्तों पर चर्चा करेंगे। इसमें बचे हुए इजराइली बंधकों की रिहाई पर फोकस रहेगा। साथ ही गाजा में मौजूद बचे हुए इजराइली सैनिक पीछे हटेंगे।

आखिरी फेज में गाजा में मारे गए इजराइली बंधकों के शव वापस लाए जाएंगे। गाजा को फिर से बसाने पर चर्चा होगी। इसको मिस्र, कतर और अमेरिका मॉनिटर करेंगे। अमेरिका बोला- राफा पर हमले का समर्थन नहीं करेंगे दूसरी तरफ अमेरिका ने कहा है कि वो फिलहाल प्रपोजल रिव्यू कर मिडिल ईस्ट में अपने सहयोगियों से इस पर चर्चा कर रहे हैं। अमेरिका की प्राथमिकता इजराइली बंधकों को रिहा करवाना है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हम राफा पर इजराइल के हमलों का समर्थन नहीं करते हैं। इजराइल के हमलों के दौरान गाजा के ज्यादातर लोग राफा चले गए थे। ऐसे में वहां हमला होने पर मानवीय नुकसान ज्यादा होगा। हम फिलिस्तीनियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्लान को रिव्यू किए बगैर राफा पर हमले का समर्थन नहीं करेंगे। अमेरिका ने पहली बार इजराइल को गोला-बारूद की सप्लाई रोकी राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला- बारूद की खेप रोक दी है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस खेप में मिसाइल समेत जंग से जुड़ी कई सामान थे। इसस पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा था कि राफा में सैन्य अभियान से अमेरिका-इजराइल के संबंधों पर गलत असर पड़ेगा। समझौता करवाने में जुटे हैं मिस्र, कतर और अमेरिका मिस्र, कतर और अमेरिका साथ मिलकर हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम करवाने की कोशिश कर रहे हैं। तीनों देशों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रपोजल पर बातचीत करने के लिए एक हाई-लेवल डेलिगेशन इजराइल भेजा था। इससे पहले कतर और मिस्र की मध्यस्थता के बाद नवंबर में इजराइल-हमास के बीच पहली बार 4 दिन के लिए युद्धविराम हुआ था। इस दौरान हमास ने 112 बंधकों को रिहा किया था। वहीं इजराइल ने भी जेल में बंद 240 से ज्यादा फिलिस्तिनियों को छोड़ा था। इजराइल ने हमास को दिया था आखिरी मौका 6 महीने की जंग में इजराइल ने राफा छोड़कर पूरे गाजा पर कब्जा कर लिया है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने हमास को समझौते का आखिरी मौका दिया था। इजराइल ने कहा था कि अगर हमास समझौता स्वीकार नहीं करता है, इजराइल राफा पर बड़ा हमला करेगा। इसी कारण मिस्र का डेलिगेशन दोनों पक्षों में समझौते करवाने को कोशिश कर रहा है। पिछले दिनों रिपोर्ट आई थी कि मिस्र बंधकों को छोड़ने के लिए हमास पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। दरअसल राफा मिस्र की बॉर्डर के पास है। इसलिए उसे डर है कि अगर इजराइली सेना राफा पर हमला करेगी, तो बड़ी संख्या में शरणार्थी मिस्र में घुसने की कोशिश करेंगे। इसी से बचने के लिए इजिप्ट का एक डेलिगेशन इजराइल और हमास के बीच शांति समझौते करवाने की कोशिश में जुटा है। इस समय 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों ने राफा शहर में पनाह ली हुई है।

हमास ने 5 साल के युद्धविराम की इच्छा जाहिर की थी कुछ दिन पहले हमास के एक सीनियर अधिकारी ने 5 साल के युद्धविराम की इच्छा जाहिर की थी। खलील अल-हैय्या ने कहा था कि अगर फिलिस्तीन एक अलग और आजाद देश बनता है तो हम हथियार डाल देंगे और एक साधारण राजनीतिक पार्टी के तौर पर काम करेंगे। हालांकि, 7 अक्टूबर के हमले के बाद हमास का खात्मा करने की कसम खा चुका इजराइल इस समझौते के लिए सहमत नहीं है। अल-हैय्या का कहना था कि अगर फिलिस्तीन को 1967 की जंग से पहले के इलाके दिए जाते हैं तो वो इजराइल के खिलाफ युद्ध नहीं लड़ेगा।

## अमेरिका में महिला की 10 सप्ताह में दूसरी बार लगी 1 मिलियन डॉलर की लॉटरी




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमरीका के मैसाचुसेट्स राज्य में क्रिस्टीन विल्सन नाम की महिला की 10 सप्ताह के भीतर दूसरी बार 1 मिलियन डॉलर का लॉटरी की लगी है। उसने दोनों बार एकमुश्त भुगतान का विकल्प चुना है। क्रिस्टीन विल्सन को अचानक यह लाभ 100एक्स कैश 10 डॉलर के तत्काल टिकट गेम से मिला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विल्सन ने अपनी पिछली जीत में से कुछ राशि का उपयोग एक एसयूवी कार खरीदने के लिए किया था। इस बार वह अपना पुरस्कार बचत में लगाने की योजना बना रही है। विल्सन ने अपना नवीनतम विजेता टिकट मैन्सफील्ड में फैमिली फूड मार्ट से खरीदा था। मार्ट को भी बिक्री करने के लिए मैसाचुसेट्स स्टेट लॉटरी से 10,000 डॉलर का बोनस प्राप्त होगा। विल्सन का पहला 1 मिलियन डॉलर का पुरस्कार मैन्सफील्ड में ही डब्स डिस्काउंट लिकर से था। पहले भी दो बार लगी है लोगों की लॉटरी रिपोर्ट में कहा गया है कि विल्सन की लगातार जीत लॉटरी इतिहास में पहली बार नहीं है। मैसाचुसेट्स निवासी केविन मिलर और केनेथ जे. स्टोक्स ने भी दो बार इसी तरह का जैकपॉट हासिल किया था। यू.के. के एक जोड़े डेविड और कैथलीन लॉन्ग ने जुलाई 2013 में1.25 मिलियन डॉलर जीते थे। उन्होंने मार्च 2015 में एक और 1.25 मिलियन डॉलर जीत कर और एक जगुआर कार खरीदी थी। हालांकि रिपोर्ट में यह भी जिक्र किया गया है कि कुछ विजेता कर्ज़ में डूब गए हैं या जेल भी भेजे गए हैं।

## बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के निरीक्षण में हुई बड़ी लापरवाही, रिकॉर्ड में हेराफेरी की संभावना की जांच करेगा अमेरिका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइन बोइंग 787 ड्रीमलाइनर इस समय विवादों में घिरी हुई है। एयरलाइन के कुछ कर्मचारियों ने दावा किया था कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर का परीक्षण पूरा हो गया है। हालांकि, इस दावे की जांच करने के लिए ही संघीय उड्डयन प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। स्न्र इस बात की जांच करेगा कि क्या बोइंग ने पर्याप्त बॉन्डिंग और ग्राउंडिंग की पुष्टि के लिए निरीक्षण पूरा कर लिया है या नहीं। इसके अलावा इस बात का भी पता लगाएगी की क्या कंपनी के कर्मचारियों ने विमान के रिकॉर्ड में हेराफेरी की होगी दरअसल, एफएए ने यह जांच तब शुरू की जब बोइंग ने सूचित किया कि कंपनी ने आवश्यक निरीक्षण पूरा नहीं किया है। जबकि कंपनी के कर्मचारियों ने दावा किया था कि बोइंग का परीक्षण पूरा हो चुका है। एफएए इस बात की जांच कर रही है कि क्या बोइंग ने निरीक्षण पूरा कर लिया है और क्या कंपनी के कर्मचारियों ने विमान के रिकॉर्ड में हेराफेरी की होगी। बोइंग 787 कार्यक्रम के प्रमुख स्कॉट स्टॉकर ने कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा कि, हमने तुरंत मामले की समीक्षा की और पता चला कि कई लोग आवश्यक परीक्षण न करके, बल्कि कार्य को पूरा होने के रूप में दर्ज करके कंपनी की नीतियों का उल्लंघन कर रहे थे।

# मालदीव में 40त्न भारतीय टूरिस्ट घटे, पर्यटन मंत्री ने भारतीयों से आने की अपील की, कहा- हमारी इकोनॉमी टूरिज्म बेस्ड

**माले, एजेंसी।** मालदीव और भारत के बीच जारी गतिरोध का असर वहां के टूरिज्म पर पड़ा था। जनवरी से अप्रैल तक मालदीव पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 40 फीसदी गिरावट आई है। मालदीव की मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म ने बताया कि जनवरी से अप्रैल तक भारत से 43,991 टूरिस्ट आए। 2023 में इस दरम्यान यह संख्या 73,785 थी। सोमवार (6 मई) को मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल ने भारतीयों से उनके देश आने की अपील की। उन्होंने कहा- हमारी इकोनॉमी टूरिज्म पर ही निर्भर है। पर्यटन मंत्री बोले- मालदीव हमेशा भारत से दोस्ती करना चाहता है पर्यटन मंत्री ने कहा कि मालदीव हमेशा भारत से दोस्ती करना चाहता है। हमारी सरकार भारतीयों के स्वागत के लिए हमेशा तैयार है। मालदीव में सबसे ज्यादा टूरिस्ट भारत से आते थे। अब यह संख्या छठे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले मालदीव ने कहा था कि वो भारतीय टूरिस्ट को लुभाने के लिए भारत के कई शहरों में रोड शो



कराएगा। हालांकि, रोड शो किन शहरों में और कब कराए जाएंगे, इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर्स ने कहा था कि भारत के हाई कमिश्नर मुनु महावर से दोनों देशों के बीच यात्रा और पर्यटन सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। दरअसल, जनवरी 2024 के बाद से मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत कम हुई है। इसकी वजह वहां के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हुई आपत्तिजनक टिप्पणी है। 7 जनवरी के बाद भारत-मालदीव के बीच तनाव बढ़ा 7 जनवरी को भारत में हैशटैग ट्रेंड हुआ। पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप अब मालदीव को टक्कर देता नजर आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं। इससे मालदीव के मंत्री और नेता नाराज नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। साथ ही कहा कि भारत सर्विस के मामले में मालदीव का मुकाबला नहीं कर सकता। इसके बाद मालदीव में मौजूद भारतीय सेना को 10 मई से पहले देश छोड़ने को कहा गया था। तब 11 मार्च को 25 भारतीय सैनिकों के पहले समूह ने मालदीव छोड़ दिया था। फिर 9 अप्रैल को भारतीय सैनिकों को दूसरा समूह ने भी मालदीव छोड़ दिया था। फरवरी में नई दिल्ली में हुए मालदीव और भारत के बीच समझौते में ये तय हुआ था कि सैन्य विमानों के संचालन की देखरेख के लिए मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों की जगह भारत की टेक्निकल स्टाफ टीम लेगी। इसके बाद 29 मई को 26 टेक्निकल स्टाफ का पहला बैच मालदीव पहुंच गया था।

## बोइंग का स्टारलाइनर मिशन टला, इससे भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स स्पेस स्टेशन जाने वाली थीं, ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में आई खराबी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाला बोइंग का स्टारलाइनर मिशन टल गया है। इसे रुके एटलस वी रॉकेट से आज सुबह 8ञ्04 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया जाना था। रॉकेट के ऑक्सीजन रिलीफ वॉल्व में आई समस्या के कारण इस मिशन को टाला गया है। मिशन टलने के बाद एस्ट्रोनॉट क्रू क्वार्टर में लौट गए हैं। अब अगला लॉन्च कब होगा इसकी फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस मिशन के सफल होने पर इतिहास में पहली बार अमेरिका के पास एस्ट्रोनॉट को स्पेस में भेजने के लिए 2 स्पेसक्राफ्ट हो जाएंगे। अभी अमेरिका के पास इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ही है। एटलस वी रॉकेट लॉन्च होगा। 15 मिनट बाद ये स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट को रिलीज कर देगा। स्पेसक्राफ्ट के इंजन फायर होंगे और ये स्पेस स्टेशन की लगभग 24 घंटे की यात्रा के लिए कक्षा में स्थापित हो जाएगा।

स्टारलाइनर हार्मनी मॉड्यूल के आगे वाले पोर्ट पर डॉक करेगा। अपने स्टे के दौरान क्रू स्टारलाइनर के अंदर जाएगा, हैच बंद करेगा और दिखाएगा कि भविष्य में मलबे के



साथ टकराव के रिस्क जैसी स्थिति में स्पेसक्राफ्ट सुरक्षित आश्रय के रूप में काम कर सकता है। विल्मोर और विलियम्स पृथ्वी पर लौटने से पहले लगभग एक हफ्ते तक एक्सपेडिशन 71 क्रू के साथ रहेंगे और काम करेंगे। अनडॉकिंग के बाद, स्टारलाइनर के मैनुअल पायलटिंग का आकलन होगा। चालक दल अनडॉकिंग से लेकर लैंडिंग तक लगभग छह घंटे बिताएगा। पृथ्वी के वायुमंडल में रीएंट्री के दौरान, स्पेसक्राफ्ट 28,000 किमी/घंटे की गति से धीमा होना शुरू हो जाएगा। इस दौरान क्रू 3.5 द्द तक भार महसूस कर सकता है। रीएंट्री के बाद पैराशूट सिस्टम की सुरक्षा के लिए स्पेसक्राफ्ट की आगे लगी हीट शील्ड को हटा दिया जाएगा। दो ड्रैग और तीन मुख्य पैराशूट स्टारलाइनर की गति को और धीमा कर देंगे। बेस हीट शील्ड डुअल एयरबैग सिस्टम को एक्सपोज करते हुए डिप्लॉय हो जाएगी। 6 प्राइमरी एयरबैग कैप्सूल के बेस पर डिप्लॉय होंगे। ये लैंडिंग के दौरान कुशन की तरह काम करेंगी। लैंडिंग के दौरान स्पेसक्राफ्ट की गति करीब 6 किलोमीटर प्रति घंटे की होगी। संभावित लैंडिंग स्थानों में एरिजोना का विलकॉक्स और यूटा का डगवे प्रोविंग ग्राउंड शामिल है। कैलिफोर्निया में एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस एक इमरजेंसी लैंडिंग साइट के रूप में उपलब्ध है। टचडाउन के बाद, चालक दल पैराशूट हटाएगा, स्पेसक्राफ्ट की बिजली बंद करेगा और मिशन कंट्रोल लैंडिंग और रिकवरी टीमों से सैटेलाइट फोन कॉल के जरिए संपर्क करेगा। रिकवरी टीम स्टारलाइनर के चारों ओर एक टेंट लगाएगी और स्पेसक्राफ्ट में ठंडी हवा पंप करेगी। स्टारलाइनर का हैच खुलने और, लैंडिंग के एक घंटे से भी कम समय बीतने के बाद, दोनों एस्ट्रोनॉट्स हेल्थ चेक के लिए मेडिकल व्हीकल में जाएंगे।

## पाकिस्तान के विदेश मंत्री बनेंगे बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टा जरदारी एक बार फिर पाकिस्तान की कैबिनेट में लौटने के लिए बेकरार हैं। खबर है कि बिलावल एक बार फिर विदेश मंत्री बन सकते हैं। पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पीपीपी के बीच सत्ता में साझेदारी को लेकर सहमति बन गई है। पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद सरकार गठन के समय बिलावल भुट्टो ने कहा था कि उनकी पार्टी पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन देगी लेकिन वो कैबिनेट का हिस्सा नहीं बनेगी। लेकिन दो महीने के भीतर ही बिलावल खुद को पॉवर सेंटर से दूर रख पाना मुश्किल हो गया। उन्होंने अब कैबिनेट में शामिल होने पर सहमति जता दी है।

पाकिस्तानी न्यूज पोर्टल ट्रिब्यून की रिपोर्ट ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि बिलावल भुट्टो जरदारी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट में विदेश मंत्री के तौर पर शामिल हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि हाल ही में हुई बातचीत के दौरान पार्टी के दिग्गजों के बीच इस बात पर सहमति बनी है। दोनों पक्ष अब पीपीपी के औपचारिक रूप से कैबिनेट में शामिल होने पर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान में जून के पहले सप्ताह में बजट पेश होना है। सूत्रों ने बताया कि शहबाज शरीफ चाहते हैं कि पीपीपी बजट से पहले कैबिनेट में शामिल हो। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि पीपीपी बजट से पहले शामिल होगी या बाद में, लेकिन एक बात तय है कि पीपीपी जून में



कैबिनेट का हिस्सा होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेश मंत्री इशाक डार को पाकिस्तान का उपप्रधानमंत्री नियुक्त किया था। कहा जा रहा है कि इशाक डार को इसीलिए उप प्रधानमंत्री बनाया गया ताकि विदेश मंत्री के पद पर बिलावल के लिए जगह बनाई जा सके। डार का ऑफिस अब प्रधानमंत्री कार्यालय में बनाया जा रहा है और बिलावल के लिए विदेश कार्यालय खाली करने के बाद वहीं से काम करेंगे। बिलावल भुट्टो जरदारी चुनाव से पहले पाकिस्तान की पीएमएल-एन और पीपीपी सरकार में विदेश मंत्री का पद संभाल चुके हैं। मई 2023 में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए बिलावल गोवा पहुंचे थे, जो किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री का 12 साल बाद भारत दौरा था।

# दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा वैश्विक मंदी का असर

**न्यूयार्क, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी अमरीकी अर्थव्यवस्था पर वैश्विक मंदी का असर दिखने लगा है। हालात ऐसे हो चले हैं कि नौकरी बाजार में कदम रखने से पहले अब भारतीयों को इंटर्नशिप करने के प्रस्ताव भी नहीं मिल पा रहे हैं। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि आइवी लीग विश्वविद्यालयों के छात्रों को भी इंटर्नशिप प्रस्ताव पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि आइवी लीग संयुक्त राज्य अमरीका में आठ प्रतिष्ठित निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का एक समूह है, जो अपनी अकादमिक उत्कृष्टता, समृद्ध इतिहास और चयनात्मक प्रवेश प्रक्रिया के लिए जाना जाता है। इस समूह में ब्राउन यूनिवर्सिटी, कोलंबिया यूनिवर्सिटी, कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, डार्टमाउथ कॉलेज, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी और येल यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

**चुनावी वर्ष में स्थानीय छात्रों को ज्यादा रोजगार :** अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के चलते इंटर्नशिप ऑफर नौकरी का अनुभव हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। अमरीका में कई छात्रों, शिक्षा सलाहकारों और भारतीय-अमरीकी पेशेवरों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक मंदी ने प्रवेश स्तर की नौकरी के अवसरों को बुरी तरह प्रभावित किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमरीका में चुनावी वर्ष



में कई कंपनियां स्थानीय छात्रों को नौकरी पर रखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही हैं। जिसके चलते बढ़ती हुई महंगाई, जीवन यापन की बढ़ती लागत और स्थानीय लोगों की बेरोजगारी ने इस साल अमरीका में स्नातक होने वाले भारतीय छात्रों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। 400 छात्रों को नहीं मिला इंटर्नशिप शिक्षा परामर्श कंपनी कॉलेजिफाई के सह-संस्थापक आदर्श खंडेलवाल के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि आइवी लीग स्कूलों सहित पूर्वी तट और पश्चिमी तट में अंतिम वर्ष में लगभग 400 स्नातक ऐसे छात्र थे, जिन्हें इस गर्मी में कोई इंटर्नशिप ऑफर नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि एनवाईयू स्टर्न, यू.सी. बर्कले, ब्राउन यूनिवर्सिटी, पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी और ऑस्टिन में टेक्सास यूनिवर्सिटी जैसे शीर्ष अमरीकी कॉलेजों में भी भारतीय संघर्ष कर रहे हैं। इनमें से बहुत से बच्चे भारत में दाखिला पाने के लिए मदद मांगने के लिए हमारे पास पहुंचे हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान में पढ़ाई कर रहे 22 वर्षीय अंतिम वर्ष के स्नातक छात्र का उदाहरण देते हुए खंडेलवाल ने कहा कि उसने पिछले छह महीनों में कई कंपनियों में आवेदन किया है, लेकिन अभी तक उसे ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप नहीं मिली है। इस वर्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एस.टी.ई.एम.) के छात्र भी कठिन हालात से गुजर रहे हैं। कोविड महामारी से पहले ऐसे छात्रों की नौकरी बाजार में काफी ज्यादा मांग थी, हालांकि अब प्रौद्योगिकी, परामर्श और नए जमाने की कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह हालात ऐसे समय में पैदा हुए हैं जब अमरीकी कॉलेज भारतीयों सहित विदेशी छात्रों को लुभाने में लगे हुए हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमरीका में पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्रों की संख्या अन्य देशों के मुकाबले बहुत ज्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीयू के मास्टर्स कोर्सों में दाखिले के लिए 25 तक आवेदन करें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) इस साल 80 से अधिक मास्टर्स विषयों में दाखिला देने जा रहा है। दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई है। डीयू की ओर से सोमवार को आयोजित वेबिनार में डीयू की डीन एडमिशन प्रो.हनीत गांधी ने छात्रों से जानकारी साझा की। डीयू के यूट्यूब चैनल पर इस बारे में छात्रों ने सवाल भी किए। प्रो.हनीत गांधी ने बताया कि मास्टर्स के लिए छात्र अधिक से अधिक कोर्स और कॉलेज को प्राथमिकता दें। ज्ञात हो कि डीयू नॉर्थ और साउथ कैंपस के अलावा कुछ कॉलेजों में और ग्वायर हॉल में पीजी की डिग्री की पढ़ाई होती है। वेबिनार में बताया गया कि सीयूईटी देने के दौरान जिन अभ्यर्थियों ने दिल्ली विश्वविद्यालय का विकल्प नहीं भरा है, वह भी डीयू की ओर से पीजी दाखिला प्रक्रिया के दूसरे चरण सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, लेकिन बिना सीयूईटी के पीजी में दाखिला नहीं हो सकता है। प्रो. गांधी ने स्पष्ट किया है कि छात्र सीयूईटी फार्म में जो जानकारियां भरी थी उसे ही वह सीएसएएस फार्म में भरें। गलत फार्म भरने पर वह मान्य नहीं होगा। नियमित कॉलेजों के साथ एनसीवेब की छात्राओं को दिल्ली का निवास प्रमाणपत्र देना होगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को जामिया मिलिया इस्लामिया से कहा कि वह अपनी आवासीय कोचिंग में ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) श्रेणी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को प्रवेश देने की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर प्रतिनिधित्व के रूप में निर्णय लें। याचिकाकर्ता ने कहा कि आरसीए, जो कि सिविल सेवा के उम्मीदवारों के लिए एक मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम है, केवल महिलाओं और अल्पसंख्यक या एससी, एसटी समुदायों को इसका लाभ दे रहे हैं। वहीं, मनमाने ढंग से अन्य वंचित श्रेणियों को इससे बाहर कर दिया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता कानून के छात्र सत्यम सिंह ने बिना किसी पूर्व प्रतिनिधित्व के सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाया। इस पर पीठ ने विश्वविद्यालय से जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दे को एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानते हुए निर्णय लेने के लिए कहा। बेंच ने कहा कि जेएमआई को इसे एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानने और कानून के अनुसार चार सप्ताह में निर्णय लेने के निर्देश के साथ वर्तमान रिट याचिका का निपटारा किया जा रहा है।

### बैड कैरेक्टर घोषित किए जाने वाले मामले में अमानतुल्लाह खान को राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस द्वारा बैड कैरेक्टर घोषित किए गए आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। दरअसल दिल्ली पुलिस ने अमानतुल्लाह खान की हिस्ट्री शीट को देखते हुए उन्हें बैड कैरेक्टर घोषित किया था। जिसके खिलाफ अमानतुल्लाह खान ने शीर्ष अदालत का रूख किया था। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिस्ट्री शीट सिर्फ पुलिस के अंदरुनी डॉक्यूमेंट हैं और इसे पब्लिक डोमेन में नहीं लाया जाना चाहिए। अमानतुल्लाह खान ने अपनी याचिका में कहा था कि उनके खिलाफ बनाई गई हिस्ट्री शीट में उनके नाबालिग बेटों क पहचान उजागर की गई है। अदालत में जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जेव विश्वनाथन की खंडपीठ ने कहा, हिस्ट्री शीट पुलिस का आंतरिक दस्तावेज है और उसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। हम अथॉरिटी को यह सलाह देते हैं कि वो अपनी नीति में बदलाव लाएं और यह इस केस में भी लागू होगा। हम पुलिस कमिश्नर को भी सलाह देते हैं कि वो एक संयुक्त आयुक्त रैंक के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नियुक्त करें जो इस विषय पर देखेंगे। वो हिस्ट्री शीट, उसकी सामग्री को देखेंगे ताकि इसकी गोपनीयता बनाई रखी जा सके। इसके अलावा ऐसे व्यक्ति/नाबालिग जो जांच के बाद निर्दोष पाए जाते हैं उनके नाम इस शीट से हटाए जाएं।

### 1500 खरीदारों को नहीं दिया घर, बहन की आलीशान शादी में उड़ा दिए करोड़ों

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माहिरा होम्स समूह के प्रबंध निदेशक सिकंदर सिंह छोकर की पांच दिन की रिमांड पूरी होने के बाद सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभास मेहला की अदालत में पेश किया। अदालत ने उनकी रिमांड तीन दिन और बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। ईडी ने छोकर की नौ दिन की और रिमांड मांगी। ईडी ने कोर्ट को अवगत करवाया कि सेक्टर-68 स्थित माहिरा होम्स के करीब 1500 खरीदारों से वसूली गई करोड़ों की राशि का दुरुपयोग हुआ है। राशि से दिल्ली, गुरुग्राम और उत्तराखंड में बेनामी संपत्ति, लग्जरी कार, गहने अर्जित किए गए हैं। करोड़ों रुपये खातों से नकद निकाले गए हैं। कोर्ट को यह भी बताया कि बहन की आलीशान शादी भी इस राशि से की। ईडी अब तक छोकर, सिकंदर सिंह और विकास के नाम पर 36.5 करोड़ की संपत्ति को इस मुकदमे के साथ जोड़ चुकी है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि पांच दिन के रिमांड के दौरान चार लोगों को सामने बैठाकर पूछताछ की गई थी। अब रिमांड के दौरान सात और लोगों से भी पूछताछ करनी है। जबकि प्रबंध निदेशक के वकील ने ईडी के रिमांड मांगने का विरोध किया और उन्होंने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप गलत है। कोर्ट ने तमाम साक्ष्यों को देखते हुए ईडी को तीन दिन रिमांड की अवधि और बढ़ा दी। रिमांड के दौरान कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिए कि आरोपी को मेडिकल करवाना होगा। इसके अलावा रोजाना दोपहर को दो से तीन बजे के बीच उनके वकील उनसे मिल सकते हैं।

# दिल्ली की कोर्ट से सिसोदिया को फिर लगा झटका, नहीं मिली राहत; 15 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई केस में आप नेता की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने मामले में आरोप तय करने पर आगे की बहस के लिए 15 मई की तारीख भी तय की है। इससे पहले कोर्ट ने 30 अप्रैल को सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। तब उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। सिसोदिया एक साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। 28 अप्रैल को ट्रायल कोर्ट ने ईडी केस में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

ट्रायल कोर्ट ने आप नेता की याचिका ऐसे समय पर खारिज की है जब हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका के संबंध में जवाब देने के लिए हाल ही में सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस स्वर्णा कांति शर्मा की पीठ ने सीबीआई के साथ ही ईडी से भी जवाब मांगा है और मामले की सुनवाई 8 मई के लिए निर्धारित की है। कोर्ट ने हफ्ते में एक बार सिसोदिया को अपनी पत्नी से मिलने की भी अनुमति दी। हालांकि, यह निर्देश भी दिया कि हिरासत पैरोल की अनुमति वाला ट्रायल कोर्ट का आदेश जारी रहेगा। सिसोदिया ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 30 अप्रैल, 2024 के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। जिसने दो मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह उन्हें जमानत देने का सही चरण (स्टेज) नहीं है। कोर्ट ने सिसोदिया की उस दलील को भी खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि मामले की कार्यवाही काफी धीमी गति से आगे बढ़ रही है। अदालत ने कहा कि वह इस स्टेज पर उन्हें नियमित या अंतरिम जमानत नहीं दे सकती।

कथित शराब घोटाले की वजह से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने एक और मुसीबत खड़ी हो गई है। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) जांच की सिफारिश कर दी है। यह केंद्रीय एजेंसी आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच करती है। एलजी को शिकायत मिली थी कि आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से फंडिंग ली। एक अप्रैल को आशू मोंगिया नाम के एक शख्स ने एलजी वीके सक्सेना को लेटर लिखकर जांच की मांग की थी। मोंगिया खुद को वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन का महासचिव बताते हैं। कभी आम आदमी पार्टी के सदस्य रहे मुनीष रायजादा ने भी एलजी से जांच की मांग की थी। अब राजभवन ने गृहमंत्रालय को लेटर लिखकर जांच की सिफारिश कर दी है। मोंगिया का कहना है कि उन्होंने वॉट्सऐप पर एसएफजे के गुरपतवंत सिंह पन्नू का वीडियो देखा था जिसमें उसने दावा किया था कि केजरीवाल ने आतंकी भुल्लर को छोड़ने का वादा करते हुए 16 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की थी। 21 मार्च को केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पन्नू ने एक वीडियो जारी किया था। खालिस्तानी आतंकी ने इससे पहले भी इसी तरह के आरोप लगाए थे। मोंगिया का कहना है कि वॉट्सऐप पर वीडियो देखने के बाद उन्होंने शिकायत करने का फैसला लिया। आम आदमी पार्टी का कहना है कि मोंगिया भाजपा नेता हैं। हालांकि, खुद मोंगिया इससे इनकार करते हुए खुद को हिंदू संगठन का नेता बताते हैं।

राजभवन की ओर से गृहमंत्रालय को भेजे गए लेटर में आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता मुनीश रायजादा का भी जिक्र किया गया है। अमेरिका के शिकागो में डॉक्टर रायजादा 2015 तक आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी थे। संगठन की गतिविधियों को लेकर एक वेबसाइट बनाने की वजह से पार्टी से उन्हें निकाल दिया गया था। पन्नू के वीडियो के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट करके उन्होंने केजरीवाल पर कई आरोप लगाए थे। एलजी को केजरीवाल के खिलाफ शिकायत के साथ एक पेन ड्राइव भी सौंपा गया है, जिसे अब जांच के लिए गृहमंत्रालय को भेजा गया है।

दरअसल, पन्नू ने एक वीडियो जारी करके दावा किया था कि आम आदमी पार्टी ने 2014 से 2022 के बीच उससे 16 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 134 करोड़) रुपए हासिल किए थे। पन्नू ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने आतंकी देवेंद्र पाल सिंह भुल्लर को जेल से रिहा करने का भरोसा दिया था, जिसे पूरा नहीं किया गया। वहीं, आम आदमी पार्टी ने एलजी की ओर से की गई जांच की सिफारिश को केजरीवाल के खिलाफ नई साजिश करार दिया है। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि भाजपा दिल्ली में सभी सात सीटों पर हार रही है।

## टिकट कटने का दुख लेकिन....मान गए कांग्रेस के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव? राज बब्बर को क्या दिया भरोसा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर सोमवार को कांग्रेस के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को मनाने के लिए उनके कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। दावा है कि नाराज कैप्टन अजय यादव को मना लिया गया है और अब वह कांग्रेस के लिए प्रचार करते नजर आएंगे। राज बब्बर ने कैप्टन अजय सिंह यादव के कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। हरियाणा की सबसे बड़ी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर तमाम कांग्रेसियों को एक जुट करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कैप्टन अजय यादव के कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में राज बब्बर पहुंचे। उन्होंने नाराज कैप्टन अजय यादव को मना लिया तो वहीं कप्तान अजय यादव को अपना समधी भी बताया। इस दौरान राज बब्बर ने जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तो वहीं कैप्टन अजय सिंह यादव की तमाम नाराजगी को दूर किया। राज बब्बर ने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा सीट से राज बब्बर नहीं बल्कि कैप्टन अजय सिंह यादव चुनाव लड़ रहे हैं और वह बड़े भाई के साथ-साथ समधि भी हैं। इस दौरान राज बब्बर ने राव इंद्रजीत सिंह पर निशाना साधा। राज बब्बर को भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह यादव ने आश्वासन और भरोसा दिलाया कि वह उनके साथ है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि उन्हें अपने टिकट कटने का उन्हें दुख जरूर है, लेकिन अब आने वाले वक्त में कांग्रेस के लिए प्रचार करते हुए नजर आएंगे। एक बार फिर भाजपा और राव इंद्रजीत सिंह पर जमकर कैप्टन अजय सिंह यादव बरसते हुए नजर आए। एक तरफ बीजेपी और दूसरी तरफ तमाम राजनीतिक पार्टियां लगातार चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। कांग्रेसी उम्मीदवार के लिए सबसे बड़ी चुनौती रूठे हुए नेताओं को माननी है।

## नोएडा यूनिवर्सिटी की पानी की टंकी में मिली महिला की लाश, पति और सास की तलाश में जुटी पुलिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा के गौतम बुद्ध नगर यूनिवर्सिटी में मौजूद पानी की टंकी में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। यह शव स्टाफ क्वार्टर की बिल्डिंग की पानी की टंकी में मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच के मुताबिक महिला उसी बिल्डिंग में अपने पति और सास के साथ रहची थी। पुलिस को शक है कि इन्हीं दोनों ने महिला की हत्या की है और फिर यहां से फरार हो गए। महिला का पति पास में जिम्स अस्पताल में काम करता था। आसपास रहने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि पति पत्नी के बीच अक्सर किसी बात को लेकर झगड़ा होता था। रविवार रात को भी एक झगड़ा हुआ था। पुलिस को शक है कि इस झगड़े के दौरान पति ने महिला की हत्या की वारदात को अंजाम दिया होगा। पुलिस फिलहाल महिला के पति और सास की तलाश में जुटी हुई है। महिला के रिश्तेदारों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। बता दें, पानी की टंकी में शव मिलने के बाद थाना ईकोटेक 1 की टीम के साथ एसीपी, लॉ एंड ऑर्डर डीसीपी और एडिशनल डीसीपी मौके पर पहुंचे थे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर जांच शुरू की थी।

# 6 दिन भी पुलिस को नहीं मिला सुराग, किडनैपर्स ने दूसरे दिन ही कारोबारी के बेटे को मार डाला था; पीएम रिपोर्ट से खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में शिवा ढाबे के कारोबारी कृष्ण शर्मा के बेटे कुणाल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक कुणाल की हत्या अपहरण से दूसरे दिन यानी कि करीब 24 घंटे बाद की गई थी। इससे साफ जाहिर होता है कि अपहरणकर्ताओं ने एक दिन कुणाल को अपने चंगुल में रखा। इस मामले में पुलिस की लापरवाही उजागर हुई है। यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के म्याना गांव के रहने वाले कृष्ण शर्मा के बेटे कुणाल का एक मई की दोपहर करीब 2.17 बजे शिवा ढाबे से अपहरण किया गया था। इस घटना के करीब दो घंटे बाद कृष्ण शर्मा ने पुलिस को बेटे के अपहरण की सूचना दी, लेकिन पुलिस ने शुरुआत में घटना को हल्के में लिया। पुलिस ने सीसीटीवी में कुणाल को ले जाते हुए भी देखा, लेकिन पुलिस का बयान आया था कि कुणाल अपनी मर्जी से





कार में बैठता दिखाई दिया है। पुलिस को नहीं लग रहा था कि उसका अपहरण हुआ है। इसकी वजह से पुलिस मामले में लापरवाही बरतती रही। जब घटना के पांचवें दिन कुणाल का शव बुलंदशहर की नहर में मिला तो पुलिस की नींद खुली। इसके बाद पुलिस ने भाग दौड़ शुरू की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बुलंदशहर में कुणाल के शव का पोस्टमार्टम हुआ। बुलंदशहर पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की वजह सिर और कंधे में चोट लगना आया है। हत्या के बाद शव को नहर में फेंका गया था। रविवार को हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि कुणाल की मौत दो से तीन दिन पहले हुई थी। इसका मतलब अपहरण की घटना के दूसरे दिन हत्या को अंजाम दिया गया। परिवार का कहना है कि पुलिस शुरुआत में तत्परता दिखाती तो आज उनका बेटा उनके पास होता। पुलिस की लापरवाही ने उनके बेटे की जान ली है। एसटीएफ की टीम को हत्याकांड के खुलासे के लिए लगाया है। परिवार के लोगों का पुलिस से भरोसा उठ गया है। परिवार अब एसटीएफ से उम्मीद लगा रहा है कि हत्यारोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा। परिवार, रिश्तेदार और ग्रामीणों में पुलिस के प्रति गहरी नाराजगी है। सोमवार को सांसद डॉक्टर महेश शर्मा व्यापारी के घर सांत्वना देने पहुंचे और हत्यारों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्रमुख सचिव गृह दीपक कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच के साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। सेक्टर बीटा दो कोतवाली पुलिस कुणाल की हत्या के बाद भी हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी है। घटना को पांच दिन से अधिक का समय बीत गया है।

# दिल्ली के रण में उतरे सबसे अमीर उम्मीदवार हैं मनोज तिवारी, दूसरे नंबर पर बिधूड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के प्रमुख उम्मीदवारों में भोजपुरी गायक से नेता बने 53 साल के मनोज तिवारी सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उनकी कुल संपत्ति 28.05 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि वह गाने गाकर, अभिनय करके और एक सांसद के तौर पर ये आय अर्जित करते हैं। दूसरे नंबर पर दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी हैं, जिनकी कुल संपत्ति 21.08 करोड़ रुपये है। 2022-23 के आयकर रिटर्न के अनुसार, 71 साल के बिधूड़ी की आय 14.93 लाख रुपये थी। तीसरे स्थान पर चुनावी मैदान में पश्चिमी दिल्ली से उतरे आप के उम्मीदवार महाबल मिश्रा (69) हैं। उनकी कुल संपत्ति 19.93 करोड़ रुपये है। चौथे नंबर पर दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज हैं। ऑक्सफोर्ड रिटर्न वकील (40) के पास 19 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति है। इसके बाद आप से नाता तोड़कर बसपा का दामन थामने वाले राज कुमार आनंद का नंबर आता है। वे 17.87 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। नई



दिल्ली सीट से पहली बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहीं बांसुरी स्वराज ने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास पास दो वाहन हैं, जिनमें 2023 में खरीदी गई हाई-एंड मर्सिडीज बेंज भी शामिल है। उनके पास हरियाणा के पलवल में संयुक्त संपत्ति का छठा हिस्सा है, जिसकी कीमत 99.34 लाख रुपये है और दिल्ली के पॉश इलाकों में तीन फ्लैट हैं - दो जंतर मंतर पर और एक हेली रोड पर स्थित हैं। अपने चुनावी हलफनामे में, स्वराज ने साल 2022-23 में दाखिल आयकर रिटर्न में अपनी आय 68.28 लाख रुपये बताई। दिल्ली की उत्तर पूर्व सीट से तिवारी के खिलाफ रण में उतरे कांग्रेस के कन्हैया कुमार की कुल संपत्ति 10.65 लाख रुपये है। उन्होंने जेएनयू से पीएचडी की है जो 2019 में पूरी हुई। वहीं पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा की कमलजीत सहरावत ने अपने चुनावी हलफनामे में 1.30 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 27.60 लाख रुपये की अचल संपत्ति घोषित की है। उनके पास हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला से कॉमर्स में मास्टर की डिग्री है।

## सावधान! पासपोर्ट की ये फर्जी वेबसाइट्स बढ़ा रहीं आवेदकों की परेशानी, ऐसे रहें सतर्क; विदेश मंत्रालय ने जारी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पासपोर्ट जल्द बनवाने के चक्कर में आवेदक फर्जी वेबसाइट्स का शिकार हो रहे हैं। फर्जी बेवसाइट पर जल्द अपॉइंटनमेंट भी मिला रहे हैं और फीस की रसीद भी जारी हो रही है, लेकिन फार्म जमा नहीं हो रहा। हर माह बड़ी संख्या में आवेदक इन फर्जी वेबसाइट्स के शिकार हो रहे हैं। लोगों को इस फर्जीवाड़े से बचाने के लिए विदेश मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक साइट पर सभी फर्जी बेवसाइट की लिस्ट जारी की है।

पासपोर्ट जल्द बनवाने की आड़ में ठगी करने वाले गिरोह भी सक्रिय हैं। उन्होंने पासपोर्ट से मिलती-जुलती कई वेबसाइट्स बना रखी हैं। जागरूकता के अभाव में लोग इनमें से किसी भी एक का चयन कर आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। इस दौरान ठग आवेदकों से उनकी पूरी डिटेल ले लेते हैं। इसके साथ ही फर्जी तरीके से जल्द अपॉइंटमेंट दिखाकर और फीस ले लेते हैं। जब आवदेक इस अपॉइंटमेंट के शेड्यूल से अपना फार्म जमा करने पहुंचते हैं तब उन्हें ठगी का पता चलता है। कई वेबसाइट पर डिटेल लेकर पासपोर्ट की असली वेबसाइट पर जाकर आवेदन तो कर देते हैं, लेकिन पैसे ज्यादा वसूलते हैं।

गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से 13 जिलों के लोगों को पासपोर्ट बनाए जाते हैं। रोजाना दो हजार आवेदकों को फॉर्म जमा करने का मौक दिया जाता है। हर माह सैकड़ों की संख्या में आवेदक इन फर्जी वेबसाइट के झांसे में आ जाते हैं। विभाग की मूल वेबसाइट पर फर्जी वेबसाइट की सूची जारी की गई है। सामान्य श्रेणी





में पासपोर्ट आवेदन की फीस 1,500 रुपये है। तत्काल के लिए 3,500 रुपये हैं, लेकिन तत्काल के लिए दो हजार रुपये फॉर्म जमा करते समय ही लिए जाते हैं। फर्जी वेबसाइटों पर तत्काल आवेदन कराकर 3,500 रुपये ले लिए जाते हैं। जब आवेदक फॉर्म जमा करने पहुंचता तो उसे पता चलता है कि जिस वेबसाइट से उसने अपॉइंटमेंट लिया था, उसने केवल 1,500 रुपये ही विभाग की मेन साइट पर जाम किए। दो हजार रुपये अपने खाते में ले लिए। उसके बाद आवेदक को मौके पर फिर से दो हजार रुपये जमा करने पड़ते हैं। एक बार दिए गए अपॉइंटमेंट पर यदि आवेदक नहीं जा पाया तो उसे अपॉइंटमेंट रीशेड्यूल कराने में परेशानी होती है। फर्जी वेबसाइट पर यह सेवा नहीं मिल पाती, क्योंकि आवेदक को पता नहीं चलता और फर्जी वेबसाइट वाले अपनी आईडी के जरिये साथ-साथ आवेदन करते हैं। कई बार रीशेड्यूल के नाम पर रुपये वसूलते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में आसमान से बरस रही आग, पारा 40 डिग्री के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर के इलाके में तेजी से बढ़ती गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि आने वाले दिनों में पारा और तेजी से चढ़ेगा। राजधानी दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम पारा 42 डिग्री पार हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, रात में आंधी आने की भी संभावना जताई गई है। बीते 3 दिन से पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है। दिल्ली में सोमवार को तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ेगी। सोमवार को सफदरजंग मौसम केन्द्र में अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम पारा 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 59 से 23 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग (आईएमडी) ने भविष्यवाणी की है कि मंगलवार को तापमान एक बार फिर बढ़ेगा और इसके 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि मंगलवार देर रात धूल भरी आंधी चलने की भी संभावना है और 45 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस सफदरजंग में इस साल का अब तक का सबसे अधिक तापमान था। आईएमडी का कहना है कि सप्ताह के शेष दिनों में अधिकतम तापमान 41 और 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहना



चाहिए। आईएमडी के वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली में सोमवार को दिन के दौरान तेज सतही हवाएं दर्ज की गईं, जिससे आसमान साफ होने के बावजूद पारा बहुत ऊपर नहीं चढ़ सका। यही कारण है कि हमने रविवार की तुलना में मामूली गिरावट देखी। मंगलवार को आसमान साफ रहेगा और इससे अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। सफदरजंग में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और शहर के अन्य हिस्सों में इससे भी अधिक हो सकता है। श्रीवास्तव ने कहा कि किसी स्टेशन पर मैदानी इलाकों में लू चलने के लिए अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर होना चाहिए, साथ ही सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हीटवेव मानदंडों को पूरा करने के लिए एक स्टेशन को 45 डिग्री सेल्सियस को पार करना होगा। देश के अन्य हिस्सों में ऐसी स्थिति होने के बावजूद, दिल्ली में इस साल अब तक गर्मी की लहर दर्ज नहीं की गई है। नोएडा में अधिकतम तापमान 41.3 दर्ज किया गया नोएडा में भी लोग चिलचिलाती धूप और गर्मी से बेहाल दिखे। सोमवार को नोएडा का अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले के मुकाबले तीन डिग्री ज्यादा है।

# सूर्या के तूफान में उड़ा हैदराबाद



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 55वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में मुंबई की टीम प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उतरेगी जबकि हैदराबाद अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्या और तिलक की 100+ रनों की साझेदारी की बदौलत मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

### मुंबई की सात विकेट से जीत

मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के शतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। एमआई की इस जीत में तिलक वर्मा ने भी अहम योगदान दिया। दोनों के बीच 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों को संघर्ष करते देखा गया। मुंबई के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की। आईपीएल 2024 के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है। मुंबई इंडियंस की इस मैच में झटके के साथ शुरुआत हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे ईशान किशन 26 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टीम को 31 रन के स्कोर पर दो झटे लगे। कमिंस ने रोहित को आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने नमन धीर को आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 37 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर, जानसेन और कमिंस ने एक-एक विकेट चटकाया।

# मजबूरी में आईपीएल 2024 खेल रहे हैं एमएस धोनी

### अगर डेवोन कॉनवे उपलब्ध होते तो...




**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 के अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ धर्मशाला के मैदान पर 16वें ओवर के आखिर में 122 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी तो हर किसी को उम्मीद थी कि आज एमएस धोनी को जल्दी बल्लेबाजी के लिए आना पड़ेगा और एक बड़ी और तेजतर्रार पारी उनके बल्ले से देखने को मिलेगी। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं। उनसे पहले शार्दुल ठाकुर बल्लेबाजी के लिए आए और ऐसे में धोनी की आलोचना हुई कि अगर वे ऊपर बल्लेबाजी नहीं कर सकते तो उनको क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। हालांकि, सच्चाई कुछ और है। एमएस धोनी चोटिल हैं।

दरअसल, रिपोर्ट की मानें तो एमएस धोनी के पैर में चोट है। इस वजह से वे ज्यादा भाग-दौड़ नहीं कर सकते। यही वजह है कि एमएस धोनी आखिरी के एक या दो ओवर में बल्लेबाजी के लिए आते हैं। सीएसके के सूत्रों ने बताया है कि एमएस धोनी के पैर की एक मसल फटी हुई है, जिसके कारण वे तेज नहीं दौड़ सकते। सूत्र ने बताया है कि वे पूरा आईपीएल इस समस्या के साथ खेल रहे हैं। इसके पीछे की वजह एक और है कि टीम में कोई अन्य विकेटकीपर नहीं है। डेवोन कॉनवे टीम का हिस्सा थे, लेकिन वे भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

# महिला टी-20 में भारत का बांग्लादेश पर जीत का चौका

- भारत ने मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता, सीरीज में 4-0 की बढ़त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत का चौका लगाया। चौथा टी-20 बारिश से बाधित रहा, जिस वजह से मैच 14-14 ओवर का कर दिया गया। भारत ने यह मुकाबला डकवर्थ लुईस मैथड से 56 रन से जीता। इसके साथ ही पांच टी-20 मैचों की सीरीज में




भारतीय महिला टीम ने 4-0 की बढ़त बना ली है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 6 विकेट पर 122 रन बनाए। उसकी ओर से प्लेयर ऑफ द मैच हरमनप्रीत ने 26 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 14 ओवर में 68/7 का स्कोर ही बना सकी।


टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर शेफाली वर्मा 4 स्कोर पर आउट हो गई। उन्होंने 4 गेंदों में केवल 2 रन ही बनाए। वहीं स्मृति मंधाना भी 18 गेंदों पर 22 रन बना कर लौट गई। वहीं हेमलता भी 14 गेंदों पर 22 रन बनाईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई। हरमनप्रीत कौर ने 39 और ऋचा घोष ने 24 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष के बीच चौथे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी हुई।

टी-20 वर्ल्डकप

# युगांडा ने अनोखे तरीके से टीम का किया एलान

### 43 वर्षीय नसुबुगा को भी मिली जगह, देखें वीडियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युगांडा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 43 साल के ऑफ स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा को भी शामिल किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंची है। अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कई टीमों ने खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। इस वैश्विक टूर्नामेंट में पहली बार 20 टीमें हिस्सा ले रही है और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर-8 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी जिसमें से चार टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। हाल ही में भारत ने भी रोहित शर्मा की अगुआई में टीम घोषित की थी। हालांकि, पहली बार टी20 विश्व कप में हिस्सा ले रही युगांडा की टीम ने अनोखे अंदाज में टीम घोषित की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



### वीडियो जारी कर घोषित की टीम

न्यूजीलैंड ने भी टी20 विश्व कप के लिए टीम घोषित करते समय अनोखा प्रयोग किया था जिसमें उन्होंने दो बच्चों के द्वारा खिलाड़ियों की घोषणा की थी। अब युगांडा की टीम ने भी नया तरीका अपनाया जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। युगांडा ने एक वीडियो जारी कर टीम की घोषणा की जिसमें एक व्यक्ति बाजार, नाइट क्लब, जिम जा रहा है और हर जगह उसे एक खिलाड़ी के नाम का कार्ड दिया जा रहा है। वह व्यक्ति युगांडा क्रिकेट टीम की जर्सी पहना हुआ है। मालूम हो कि युगांडा ने पिछले साल नवंबर में रवांडा पर नौ विकेट से जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था।

### विश्व कप में हिस्सा लेने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे नसुबुगा

युगांडा ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए 43 साल के ऑफ स्पिनर फ्रैंक नसुबुगा को भी शामिल किया है जो इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। युगांडा ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंची है। ब्रायन मसाबा टीम के कप्तान होंगे, जबकि रियाजत अली शाह उपकप्तान होंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू करेगी अभियान
युगांडा की टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ तीन जून को गुयाना में होने वाले मैच से करेगी।

चैंपियंस ट्रॉफी

# टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेगा भारत? बीसीसीआई का आया यह बयान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों ही टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2012-2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है और भारतीय टीम के इस टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने पर संशय है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस बारे में बयान दिया है। शुक्ला के अनुसार, अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने पर फैसला केंद्र सरकार की इजाजत पर निर्भर करेगा।

### दोनों देशों के बीच नहीं खेली जाती है द्विपक्षीय सीरीज

भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों ही टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से खेलती हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार 2012-2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। भारत और पाकिस्तान की टीमें आखिरी बार पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान भिड़ी थी जिसमें भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अगले महीने न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप के दौरान ग्रुप चरण का मुकाबला खेला जाएगा। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से पहले कई कारकों पर चर्चा की जाती है जिसमें राजनयिक और सुरक्षा पहलू भी शामिल है। सुरक्षा मुद्दे और इतिहास को देखते हुए भारत का टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने पर कोई भी फैसला सावधानी से तथा अधिकारियों से चर्चा के बाद ही लिया जाएगा।

# बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी। टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है।




पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद को पीटन चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है। लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं। वहीं सनराइजर्स के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर मैच उनकी जद से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा, 'वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह अपनी छाप छोड़ेगा। उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है। उसके जैसा बल्लेबाज मिलना मुश्किल है।

# गौतम गंभीर की वजह से निकल रहा है नरेन-रसेल का बेस्ट, इतिहास रचने की दहलीज पर कोलकाता नाइट राइडर्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्सका प्रदर्शन काफी शानदार रहा है. केकेआर ने मौजूदा सीजन में अब तक 11 में से आठ मुकाबले जीते हैं और वह अंकतालिका में पहले नंबर पर है. पिछले दो सीजन में कोलकाता की टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई थी. मगर इस बार वह प्लेऑफ में पहुंचने की दहलीज पर है.




**क्या टॉप पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंचेगी कोलकाता नाइट राइडर्स** – कोलकाता नाइट राइडर्स आने वाले मैचों में यदि अच्छा प्रदर्शन करती है तो उसके पास टॉप पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंचने का मौका होगा. इससे पहले वह कभी भी टॉप पर रहते हुए प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. साल 2012 और 2014 में केकेआर ग्रुप स्टेज में दूसरे स्थान पर रही थी और फिर आगे चलकर चैम्पियन बनी.


कोलकाता नाइट राइडर्स के इस शानदार प्रदर्शन में कैरेबियाई धुरंधरों सुनील नरेन और आंद्रे रसेल की अहम भूमिका रही है. नरेन ने फिल साल्ट के साथ मिलकर कोलकाता को ज्यादातर मुकाबलों में बल्ले से धमाकेदार शुरुआत दिलाई है.

### मनिका बत्रा ने विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद मान्यु को हराया, किया बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी ने सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मनिका बत्रा ने इस दौरान विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज चीन की वांग मान्यु को हराकर अपने सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका ने चीन की दूसरी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-5, 11-7, 12-10 से अपने नाम किया।

**शुरुआती गेम में हारकर की वापसी** – मनिका टोक्यो ओलंपिक टीम की स्वर्ण पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन के खिलाफ शुरुआती गेम हार गई, लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीत कर वापसी की और फिर चौथे गेम में शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर मुकाबला अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने रविवार को रोमानिया की एंड्रिया ड्रैगोमैन को हराया था। वह मंगलवार को अंतिम 16 दौर में जर्मनी की 14वीं रैंकिंग की खिलाड़ी नीना मित्तेलहम से भिड़ेंगी।

**यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि**– भारत की 28 साल की इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने उसके खिलाफ जीत हासिल की। मैं अपने कोच अमन बाल्गु और अपने प्रशिक्षकों के साथ कड़ी मेहनत कर रही हूं। आपको ऐसा कुछ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहना होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### रेखा झुनझुनवाला को शेयर बाजार में हुआ बड़ा नुकसान, शेयर के टूटने से 800 करोड़ डूबे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक रहे दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला को सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्हें यह नुकसान टाटा समुह के स्वामित्व वाली कंपनी टाइटन के शेयरों के टूटने से हुआ है। टाटा समूह के इस शेयर पर झुनझुनवाला परिवार ने बड़ा निवेश कर रखा है। झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न हिस्सेदारी 31 मार्च 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न की हिस्सेदारी थी। शुक्रवार को बाजार की क्लोजिंग के दौरान टाइटन के शेयरों में उनकी होल्डिंग का कुल मूल्य 16,792 करोड़ रुपये था। सोमवार को टाइटन के शेयर 7त्न तक टूट गए। मार्च तिमाही के नतीजों के बाद निवेशकों में टाइटन के शेयरों में खरीदारी के प्रति निराशा दिखी। इस गिरावट से झुनझुनवाला परिवार को खासा नुकसान उठाना पड़ा। उन्हें टाटाइन के शेयर कमजोर होने से करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान टाइटन के शेयर 3,352.25 के अपने निचले स्तर पर पहुंचने के बाद 3281.65 रुपये पर बंद हुए। इसके परिणामस्वरूप कंपनी का नेट वैल्यू 3 लाख करोड़ रुपये से कम होकर 2,91,340.35 करोड़ रुपये रह गया। टाइटन के शेयरों में इस गिरावट से शेयरों में झुनझुनवाला परिवार की हिस्सेदारी का मूल्य 15,986 करोड़ रुपये रह गया। इस तरह झुनझुनवाला परिवार को करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

### 50 प्रतिशत विदेशी उड़ानों पर भारतीय एयरलाइन कंपनियों का होगा कब्जा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय एयरलाइन कंपनियां वित्त वर्ष 2027-28 तक देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात की 50 प्रतिशत जरूरत को पूरा करने में सक्षम होंगी। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को यह अनुमान लगाया है। एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात में भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी (जिसमें देश से होकर गुजरने वाला यातायात भी शामिल है) 2027-28 तक 50 प्रतिशत हो जाएगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 43 प्रतिशत थी। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह सुधार भारतीय एयरलाइन द्वारा अतिरिक्त विमानों की तैनाती और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में नए मार्ग जोड़ने के साथ-साथ विदेशी एयरलाइन की तुलना में बेहतर घरेलू संपर्क के बल पर होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय यातायात में उनकी बढ़ती हिस्सेदारी के चलते भारतीय एयरलाइन कंपनियों की व्यावसायिक स्थिति मजबूत होगी, जो घरेलू क्षेत्र की तुलना में अधिक लाभदायक है। क्रिसिल के अनुसार, भारत का अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में करीब सात करोड़ तक बढ़ गया। यह वैश्विक महामारी से पहले के स्तर को पार कर गया है। वैश्विक महामारी से प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 में यह

# विदेशी ऑर्डर से सेवा क्षेत्र में वृद्धि 14 साल के शीर्ष पर, मजबूत मांग से मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था पर दुनिया का भरोसा बना हुआ है। दुनिया के कई हिस्सों से नए ऑर्डर मिलने के कारण देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां नरमी के बावजूद अप्रैल, 2024 में 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर एचएसबीसी इंडिया का सेवा कारोबारी गतिविधि सूचकांक पिछले माह 60.8 रहा, जो 2010 मध्य के बाद सर्वाधिक है। मार्च, 2024 में सेवा पीएमआई (खरीद प्रबंधक सूचकांक) 61.2 रहा था।

एचएसबीसी इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, अप्रैल में भारत की सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि की रफ्तार थोड़ी धीमी रही। इसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ऑर्डर और आर्थिक वृद्धि का समर्थन मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू कंपनियों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों से नए ऑर्डर मिले। इससे सितंबर, 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि रही। पीएमआई का 50 से अधिक रहना गतिविधियों में विस्तार और इससे नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है।



### कारोबारी भरोसा तीन महीने में सबसे ज्यादा

एक साल आगे के दृष्टिकोण के लिहाज से सेवा क्षेत्र की कंपनियों के बीच कारोबारी भरोसा अप्रैल में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। भंडारी ने कहा, मार्केटिंग संबंधी प्रयासों और दक्षता में वृद्धि के साथ प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण की योजना एवं मांग की स्थिति अनुकूल रहने से कारोबारी आशावाद को बढ़ावा मिला है।

### धीमी रही कर्मचारियों की भर्ती की रतार

नौकरियों के मोर्चे पर रिपोर्ट में कहा गया है कि नए कारोबारी ऑर्डर में तेजी के बीच कुछ घरेलू सेवा प्रदाताओं ने अप्रैल में नई नियुक्तियां की। हालांकि, कुछ कंपनियों ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। रोजगार सृजन की दर पिछले वित्त वर्ष के अंत की तुलना में धीमी रही।

### इनपुट लागत में बढ़ोतरी

वेतन और उच्च खाद्य कीमतों के कारण अप्रैल में कंपनियों को इनपुट लागत में वृद्धि का सामना करना पड़ा। हालांकि, इसकी रफ्तार मार्च से

### भारत ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात को मंजूरी दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात किए जाने की अनुमति दी गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन कुछ देशों को अनुरोध पर उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतें पूरा करने के लिए सरकार निर्यात की अनुमति देती है। इससे पहले भारत ने तंजानिया, जिबूती और गिनी-बिसाऊ सहित कुछ अफ्रीकी देशों को इस चावल के निर्यात की अनुमति दी है। इसके अलावा नेपाल, कैमरून, कोटे डि-आइवरी, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशेल्स जैसे देशों को भी गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई थी। एनसीईएल कई राज्यों में सक्रिय एक सहकारी समिति है।

## मेरी निजी जिंदगी... पत्नी-पिता से विवाद के बीच गौतम सिंघानिया ने बताई राज की बात!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेमंड के सीएमडी गौतम सिंघानिया ने निजी जिंदगी और कारोबार के अलग-अलग होने की बात कही है। पत्नी और पिता से विवाद के बीच उन्होंने कहा है कि उनका निजी जीवन उनके व्यवसायों से जुड़ा नहीं है। कोरोना महामारी के बाद से उनके कारोबार ने जोरदार बढ़त हासिल की। रेमंड कपड़ा और परिधान बनाने वाली प्रमुख कंपनी है। 58 साल के सिंघानिया अभी उनसे अलग हो चुकीं पत्नी नवाज मोदी सिंघानिया से सेटेलमेंट विवाद में उलझे हुए हैं। दोनों ने पिछले साल नवंबर में अलग होने की घोषणा की थी। गौतम के पिता विजयपत सिंघानिया का झुकाव भी बहू की तरफ है। रेमंड के प्रमुख ने ईटी को दिए इंटरव्यू में बताया कि हाल ही में कुछ समूह कंपनियों के बोर्ड से नवाज मोदी को हटाया जाना उनके प्रति विश्वास की कमी के कारण था।

गौतम सिंघानिया बोले, मैं इस पर बात नहीं करना चाहता हूं कि हमारे बीच क्या हुआ है। सभी कारोबार बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनका निजी जीवन निजी है। वह इसे व्यक्तिगत रूप से देखेंगे। उन्होंने दो प्यारी बेटियों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने उनके हित में बयानबाजी करने से इनकार किया है। गौतम सिंघानिया ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि उनका निजी जीवन व्यवसाय क्षेत्र में किसी के लिए भी प्रासंगिक नहीं है।

पिछले साल 22 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) में रेमंड का शेयर 1,666 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया था। ऐसी खबरें आई थीं कि नवाज मोदी सिंघानिया ने संपत्ति का 75त्न हिस्सा मांगा है। उस समय से शेयर में बेहतरी देखी गई है। 3 मई तक शेयर की कीमत 2,227.45 रुपये पर थी।

### तीन कंपनियों की रीस्ट्रचरिंग पर चर्चा

रेमंड समूह की तीन निजी कंपनियों जेके इन्वेस्टर्स (बॉम्बे), रेमंड कंज्यूमर केयर और स्मार्ट एडवाइजरी एंड फिनसर्व ने अप्रैल की शुरुआत में नवाज मोदी सिंघानिया को अपने बोर्ड से हटा दिया था। गौतम सिंघानिया को फिर से एमडी नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी है। नवाज मोदी सिंघानिया ने सवालों का जवाब नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके पति ने पिछले साल सितंबर में उनके और उनकी एक बेटी के साथ मारपीट की थी। दोनों की शादी 1999 में हुई थी। जहां तक रेमंड में उनके निदेशक पद का सवाल है, तो गौतम सिंघानिया ने कहा कि यह कंपनी के बोर्ड पर निर्भर करता है। इसमें स्वतंत्र निदेशकों का अच्छा खासा समूह है।

### बढ़ रहा 10 हजार करोड़ रुपये का ग्रुप

गौतम बोले, 10,000 करोड़ रुपये का रेमंड ग्रुप तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका लाइफस्टाइल डिवीजन ग्रुप में प्रमुख हिस्सेदारी रखता है। इस डिवीजन में परिधान और फैब्रिक शामिल हैं। वहीं, नया रियल एस्टेट व्यवसाय बड़ा होने की संभावना दिखाता है। सिंघानिया ने कहा, हमारे समूह के व्यवसाय तेजी से बढ़ रहे हैं। अपनी शादी में चुनौतियों का सामना कर रहे सिंघानिया के अपने पिता विजयपत के साथ भी अच्छे रिश्ते नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने मार्च में उनके साथ एक फोटो शेयर की थी। गौतम सिंघानिया ने बताया कि वह अपने निजी जीवन को अपने काम में बाधा नहीं बनने देते। उन्होंने कहा, मैं हर दिन को वैसे ही लेता हूं जैसे वह आता है। मुझे लगता है कि अगर आप सही काम करते हैं, तो आपको अच्छी नींद आती है।

## अनाज व्यापारी का बेटा जिसने मारी लंबी छलांग, 13,100 करोड़ का महासाम्राज्य बना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोतीलाल ओसवाल देश के फाइनेंशियल सेक्टर में जाना-पहचाना नाम हैं। वह मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ हैं। उन्होंने को-प्रमोटर रामदेव अग्रवाल के साथ मिलकर 1987 में इस कंपनी की स्थापना की थी। रामदेव अग्रवाल चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। मोतीलाल ओसवाल के शानदार करियर में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज इंडियन मर्चेंट चैंबर के गवर्निंग बोर्ड और बीएसई, एनएसई, सेबी और सीडीएसएल की समितियों में लीडरशिप रोल पर रहना शामिल है। 1.6 अरब डॉलर (करीब 13,100 करोड़ रुपये) की कुल अनुमानित संपत्ति के साथ उन्होंने इस सेक्टर में अहम योगदान दिया है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की स्थापना 1987 में मोतीलाल ओसवाल और रामदेव अग्रवाल ने एक छोटी सब-ब्रोकिंग यूनिट के रूप में की थी। समय के साथ कंपनी पूर्ण-वित्तीय सेवा फर्म के रूप में विकसित हुई है। यह निजी संपत्ति, रिटेल ब्रोकिंग और डिस्ट्रीब्यूशन,



इंस्टीट्यूशनल ब्रोकिंग, एसेट मैनेजमेंट, इंवेस्टमेंट बैंकिंग, प्राइवेट इक्विटी, कमोडिटी ब्रोकिंग, करेंसी ब्रोकिंग और होम फाइनेंस जैसे अलग-अलग प्रोडक्ट और सर्विसेज प्रदान करती है।

### राजस्थान के बाड़मेर से जुड़ी हैं जड़ें

मोतीलाल ओसवाल की यात्रा राजस्थान के बाड़मेर में दूर-दराज के एक गांव पादरू से शुरू हुई। वह एक जैन परिवार से थे जिनका अनाज व्यापार का बैकग्राउंड था। उनके पिता अनाज कारोबारी थे। लेकिन, मोतीलाल ओसवाल ने पारिवारिक व्यवसाय से हटकर औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने का विकल्प चुना। उन्होंने अपनी शिक्षा की यात्रा फालना में एसपीयू जैन कॉलेज और बाद में मुंबई से की। मायानगरी में उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई शुरू की। इसी शहर में उनकी मुलाकात रामदेव अग्रवाल से हुई। इसके बाद एक पार्टनरशिप हुई जिसने फाइनेंशियल इंडस्ट्री को नया आकार दिया।

### कई मुश्किलों का करना पड़ा सामना

शुरुआती दिनों में ओसवाल और अग्रवाल को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जैसे क्लाइंट के ऑर्डर को संभालने के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से सबसे नजदीकी पेफोन तक एक मील पैदल चलना पड़ता था। हालांकि, उनकी दृढ़ता और साझा लक्ष्य ने उन्हें आगे बढ़ाया। ओसवाल की शैक्षिक पृष्ठभूमि और उद्यमशीलता की प्रेरणा ने वित्तीय क्षेत्र में उनके प्रवेश की नींव रखी।

## प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट में कंटेस्टेंटों ने नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट का किया उल्लंघन, की गयी कानूनी कार्रवाई

एजेंसी

**मुंबई :** प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट ने कई कंटेस्टेंट और पार्टिसिपेंट्स द्वारा नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (एनडीए) के गंभीर उल्लंघन के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इस उल्लंघन में संवेदनशील जानकारी का अनधिकृत खुलासा शामिल था, जो कि गोपनीय शर्तों का उल्लंघन है जिस पर सभी प्रतिभागियों ने सहमति व्यक्त की थी। ब्यूटी पेजेंट ग्लोबल लेवल पर एक जाना-माना इवेंट है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र के कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। एनडीए का उल्लंघन करने वाले कंटेस्टेंट दिल्ली, यूएसए, छत्तीसगढ़, संयुक्त




अरब अमीरात, उत्तर प्रदेश, रांची, बैंगलोर, मध्य प्रदेश, हांगकांग और तमिलनाडु से हैं। सख्त एनडीए के बावजूद, कुछ कंटेस्टेंट ने गोपनीय जानकारी लीक कर दी, जो अब इवेंट की रेप्यूटेशन और इंटीग्रेशन के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है। पेजेंट आयोजकों ने नियमों के उल्लंघन के जवाब में तत्काल कानूनी कार्रवाई की है, लीक के सोर्स की पहचान करने और इसमें शामिल सभी पक्षों की पहचान करने के लिए जांच शुरू की है। पेजेंट की कॉन्फिडेंशियल्टी और इंटीग्रीटी को बनाये रखने के उद्देश्य से, आयोजक भविष्य अनधिकृत खुलासों को रोकने के लिए हर्जाना और निषेधाज्ञा राहत की मांग कर रहे हैं।

सूत्रों की मानें तो कॉम्पिटिटर्स द्वारा ब्यूटी पेजेंट के कर्मचारियों के साथ पोचिंग की घटनाएं हुई हैं। इस पोचिंग में कर्मचारियों के कॉन्टेक्ट और कनेक्शनों का अनऑथराइज्ड उपयोग शामिल है, जो कि नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (एनडीए) उल्लंघन के इन्वेस्टिगेशन में चिंता की एक और परत बढ़ता है। ऐसा लगता है जैसे ये रिप्रेजेंटेटिव ही इन सबका कारण हैं। इस इंसीडेंट के बारे में इंक्वायरी के जवाब में, ब्यूटी पेजेंट ने कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट या कमेंट देने से इनकार करते हुए चुप्पी साध ली है।

# टाटा मोटर्स की पंच बनी देश की बेस्ट-सेलिंग कार

- मार्च और अप्रैल में मारुति की गाड़ियों को पीछे छोड़ा
- हाल में टाटा मोट्र्स ने बड़ा बाजार हासिल किया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी से अब सबसे लोकप्रिय कार का तमगा छिन गया है। इस रेस में टाटा मोटर्स ने बाजी मार ली है। भारतीय कार उद्योग में सबसे बड़े उलटफेर में से एक में टाटा की मिनी एसयूवी पंच देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली मॉडल बन गई है। उसने मारुति के लोकप्रिय मॉडल वैगनआर, स्विफ्ट और ब्रेजा को पीछे छोड़ दिया है। पंच ने मार्च 2024 में पहली बार यह उपलब्धि अपने नाम की। मार्च




में पंच की कुल 17,547 गाड़ियां बिकीं जबकि वैगनआर 16,368 यूनिट के साथ तीसरे स्थान पर रही। इंडस्ट्री के एनालिस्ट्स के मुताबिक मार्च में हुंडई की एसयूवी क्रेटा बिक्री के मामले में दूसरे नंबर प रही। उसकी बिक्री कुल 16,458 यूनिट रही।

पंच ने अप्रैल में भी यही कारनामा दोहराया। वैगनआर की 17,850 यूनिट के मुकाबले उसकी बिक्री 19,158 यूनिट रही। मारुति की ब्रेजा एसयूवी 17,113 यूनिट के साथ तीसरे नंबर पर रही। ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि देश की टॉप सेलिंग कार में मारुति का गाड़ी न हो। जिस तरह पंच ने लगातार दो महीने टॉप पोजीशन हासिल की है, उससे लगता है कि आने वाले दिनों में यह ट्रेंड बना रह सकता है। ये आंकड़े भारतीय कार उद्योग में बदलती तस्वीर को दर्शाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में टाटा मोटर्स ने कई बदलाव किए हैं। आज यह बिक्री के हिसाब से मारुति और हुंडई के बाद देश की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। पंच, नेक्सन, टियागो और अल्ट्रोज जैसे मॉडलों से कंपनी ने जबरदस्त वापसी की है।

### कितनी है कीमत

वित्त वर्ष 24 में ऐसे मौके आए जब टाटा ने हुंडई को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। विश्लेषकों का कहना है कि यह देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन सकती है। इसकी वजह यह है कि कंपनी तेजी से नए मॉडल ला रही है और इलेक्ट्रिक कार बाजार में उसका दबदबा है। पंच के पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वर्जन उपलब्ध हैं। इसके पेट्रोल वर्जन की कीमत 6.1 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरू होती है जबकि इलेक्ट्रिक वर्जन की कीमत 11 लाख रुपये से अधिक है। हालांकि, भारतीय बाजार में अब भी मारुति का दबदबा है। मार्च में टॉप 10 सबसे अधिक बिकने वाले मॉडलों में से छह मारुति के थे और अप्रैल में यह संख्या सात थी। जानकारों का कहना है कि मारुति रिटेल मार्केट में मजबूत पकड़ बना रही है। कंपनी वेटिंग पीरियड के मुताबिक मॉडलों के उत्पादन को एडजस्ट करती है। इससे कुछ वाहनों की बिक्री प्रभावित होती है। हालांकि, टाटा का प्रदर्शन बहुत अच्छा है और जैसे-जैसे इसके मॉडल बाजार में ज्यादा स्वीकार्य होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे कंपनी का आत्मविश्वास भी बढ़ता जा रहा है। कंपनी मौजूदा मॉडलों में इलेक्ट्रिक वर्जन जोड़ रही है। साथ ही इलेक्ट्रिक या ग्रीन कारों को लाने पर भी काम कर रही है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़
(मतपत्र/पोस्टल बैलेट/ETPBS एवं पेपर सील कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, राँची का पत्रांक–1290, दिनांक–22.03.2024 के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान पदाधिकारी एवं कर्मियों को मतदान की सुविधा प्रदान करने के निमित्त प्रस्तावित सुविधा केन्द्रों में मतदान की तिथि निम्नवत् निर्धारित है:–

| क्र0 सं0 | सुविधा केन्द्र का नाम | मतदान पदाधिकारी / कर्मी हेतु | मतदान की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | पुलिस लाईन, रामगढ़ (दो सुविधा केन्दों पर) | पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के मतदान हेतु | दिनांक 13 .05.2024 से 16.05.2024 तक |
| 2 | गाँधी मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट सी0एम0 SOE, रामगढ़ | 22–बड़कागाँव के मतदान कर्मियों हेतु | दिनांक 13 .05.2024 से 16.05.2024 तक |
| 3 | गाँधी मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट सी0एम0 SOE, रामगढ़ | 23–रामगढ़ के मतदान कर्मियों हेतु | दिनांक 13 .05.2024 से 16.05.2024 तक |
| 4 | गाँधी मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट सी0एम0 SOE, रामगढ़ | 24–माण्डू के मतदान कर्मियों हेतु | दिनांक 13 .05.2024 से 16.05.2024 तक |
| 5 | गाँधी मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट सी0एम0 SOE, रामगढ़ | 25–हजारीबाग के मतदान कर्मियों हेतु | दिनांक 13 .05.2024 से 16.05.2024 तक |
| 6 | गाँधी मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट सी0एम0 SOE, रामगढ़ | अन्य विधान सभा के मतदान कर्मियों हेतु | दिनांक 13 .05.2024 से 16.05.2024 तक |
| 7 | समाहरणालय परिसर, रामगढ | Essential Service/ Driver/ Conductor/Cleaner आदि अन्य कर्मियों के मतदान हेतु | दिनांक 06 .05.2024 से 30.05.2024 तक |

अतः अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को कार्यालय अवधि के दौरान सभी मतदान पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित सुविधा केन्द्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें एवं सभी अध्यक्ष / सचिव, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, रामगढ़ जिला अपने स्तर से उक्त सुविधा केन्द्रों पर प्रत्याशी / ऐजेन्ट को उपस्थित रहने हेतु निदेशित करेंगें।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, रामगढ।

PR.NO.324505 Election(24-25):D

## NEWS IN Gallery

### केजरीवाल को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली :** दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल अंतरिम जमानत नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर गुरुवार या अगले हफ्ते सुनवाई कर सकता है। शराब घोटाले के आरोप में न्यायिक अभिरक्षा भुगत रहे आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हो गयी है, लेकिन फैसला नहीं आया है। ईडी ने दलील दी है कि बतौर सीएम जमानत दी गयी तो समाज में परिपाटी पैदा होगी। इससे हर कोई जमानत मांगने लगेगा। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा की गयी गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है। कथित तौर पर हुए दिल्ली शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की वजह से केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था।

### पांच करोड़ से ज्यादा की हेरोइन जब्त, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करोड़ों की कीमत की हेरोइन जब्त की है। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त हेरोइन की कीमत पांच करोड़ रुपये से ज्यादा बतायी जा रही है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने महीनों तक चले ऑपरेशन के बाद आरोपियों को उत्तर प्रदेश के बरेली और झारखंड के हजारीबाग से गिरफ्तार किया। उनके पास से कुल 2.269 किलोग्राम हेरोइन और 1.053 किलोग्राम क्रूड (हेरोइन) बरामद की गयी। आरोपियों की पहचान मो. आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, अली उर्फ रुखसार उर्फ राजू और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई है।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने एक्साइज पॉलिसी मामले से जुड़े सीबीआई केस में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और 'आप' नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने मामले में आरोप तय करने पर आगे की बहस के लिए 15 मई की तारीख भी तय की है। इससे पहले तीन मई को हुई सुनवाई में दो घंटे की लंबी बहस के बाद बेंच ने कहा था कि मेन केस यानी जिसमें केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है, इसमें समय लग सकता है।

### के. कविता की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली :** दिल्ली की अदालत ने शराब नीति से जुड़े कथित धन शोधन के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद (एमएलसी) के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 14 मई तक बढ़ा दी। तेलंगाना की एमएलसी कविता को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत को बताया कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है और वह एक हफ्ते में कविता के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर सकती है।


---

वोटिंग के दौरान अनोखा अंदाज

# महिला ने पीएम मोदी को बांधा रक्षा सूत्र

एजेंसी

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह अहमदाबाद के राणीप में अंबिका चार रास्ता निशान विद्यालय पहुंचे और स्कूल में बने बूथ पर उन्होंने मतदान किया। वहीं, वोट डालने के बाद मतदान केंद्र से बाहर आये पीएम मोदी ने भीड़ की ओर हाथ हिलाया और स्याही लगी अपनी उंगली दिखाई। इस दौरान एक भावुक कर देने वाला पल भी आया। यहां भीड़ में खड़ी एक बुजुर्ग महिला ने प्रधानमंत्री की कलाई पर राखी बांधी। पीएम ने हाथ जोड़कर महिला को प्रणाम किया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मोदी को एक बच्चे के साथ हल्के-फुल्के पल साझा करते हुए भी देखा गया। यहां प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए सुबह से लंबी कतारों में लोग खड़े थे। पीएम मोदी ने अपना वोट डालने के बाद मीडिया से बात की और कहा - पूरे भारत में लोगों को बड़ी संख्या में मतदान करके इस लोकतंत्र के त्योहार को मनाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा - मतदान महादान है। मैं लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से भारत में चुनाव कराये जा रहे हैं, वह अन्य लोकतंत्रों के लिए सीखने की प्रक्रिया हो सकती है।





---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म को लेकर विपक्ष पर बोला हमला

# विपक्षी नेताओं में फैशन बन गया है सनातन संस्कृति को गाली देना



एजेंसी

**सीतापुर :** यूपी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म को लेकर विपक्ष पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश की सनातन संस्कृति को गाली देने का एक फैशन सा बन गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सनातन संस्कृति को गाली देना एक फैशन सा बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की ईश्वरीय सत्ता, प्रभु श्री राम और प्रभु श्रीकृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना एक फैशन सा हो गया है। मैं केवल यही कहूंगा कि 'विनाश काले विपरीत बुद्धि'। उन्होंने कहा कि जब किसी की बुद्धि विपरीत होती है तो वो ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देता है, सनातन धर्म को गाली देता है और आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ करता है। उसे नहीं मालूम है कि ये हिंदुस्तान है, यहां की ऋषि परंपरा अपने आप को सिर्फ यज्ञ हवन, साधना तक ही सीमित नहीं रखती, बल्कि विपत्ति आने पर राक्षसों का नरसंहार भी करती है। शांति काल में शास्त्र का चिंतन और विपत्ति काल में शस्त्र का संधान भी ये परंपरा करती रही है। सीएम योगी ने आगे कहा - शस्त्र और शास्त्र की भूमिका बेहतरीन समन्वय है। ये सनातन विरोधी, ये प्रभु राम और कृष्ण की सत्ता को चुनौती देने वाले कहां ठहर पाएंगे। अपनी हार सुनिश्चित देखकर वो एक बार फिर राम के अस्तित्व को चुनौती देने लगे हैं, क्या आप इसे स्वीकार करेंगे, क्या भारत इसे स्वीकार करेगा।

---

पूर्व सीएम येदियुरप्पा का दावा –

## कर्नाटक में 26 सीटें जीतेगी बीजेपी

एजेंसी



**बेंगलुरु :** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा ने मंगलवार को दावा किया कि कर्नाटक की 28 सीटों में से एकाध को छोड़कर, सभी पर पार्टी की जीत होगी। येदियुरप्पा ने अपना वोट डालने के बाद पत्रकारों से कहा - मेरे हिसाब से हम 25-26 सीटें जीतने जा रहे हैं। माहौल बहुत अच्छा है। हम जहां भी जाते हैं लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय-जयकार कर रहे हैं। उस आधार पर मैं बता रहा हूं कि हम 25-26 सीटें जीतेंगे। येदियुरप्पा ने भरोसा जताया कि शिवमोग्गा से भाजपा उम्मीदवार और उनके बेटे बीवाई राघवेंद्र ढाई लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीतेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा - भाजपा उन सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी जहां पहले ही चुनाव हो चुके हैं। बाकी 14 सीटों में (जहां मंगलवार को चुनाव हुए) भले ही एक या दो सीटों पर झटका लगे, हम 24 से 25 सीटें जीतने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा - लोगों की राय नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की है। हम देश में 400 से अधिक सीटें और कर्नाटक से 24-26 सीटों पर जीत हासिल करेंगे, हमारा विश्वास है। पूरे राज्य में एक अनुकूल माहौल है और मैं राज्यव्यापी दौरा करने के बाद आपको यह बता रहा हूं।

---

### बसपा ने टिकट बंटवारे में सर्व समाज को दी उचित भागीदारी : मायावती

**लखीमपुर खीरी :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को लखीमपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के सांसद ने किसानों का उत्पीड़न किया है, उनकी जमानत जब्त करानी है। बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि मुझे मालूम है कि यहां सिख समाज के लोग काफी संख्या में हैं। जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन हुआ है तब भाजपा के लोगों ने ज्यादती की। किसानों को जुल्म-ज्यादती का शिकार होना पड़ा है। यहां भाजपा के जो सांसद उम्मीदवार हैं, उन्होंने किसानों का शोषण किया है। इस चुनाव में उनकी जमानत जब्त कराने का काम करना है। मायावती ने आगे कहा कि बहुजन समाज पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है और उसका किसी भी दल से कोई गठबंधन नहीं है। भाजपा ने किसान आंदोलन को कुचला है। इस चुनाव में कोई नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी काम नहीं आ रही। बसपा ने टिकट बंटवारे में सर्व समाज को उचित भागीदारी दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि हम राशन फ्री दे रहे हैं, जबकि, राशन वह फ्री नहीं दे रही, हम लोग जो टैक्स अदा करते हैं, उससे राशन मिलता है। भाजपा सरकार में रोजगार नहीं है, संविधान को खत्म करने की साजिश हो रही है, जिसे बहुजन समाज कभी सफल नहीं होने देगी।

---

## लोकसभा चुनाव : तीसरे चरण में 10 बड़े नेताओं के भाग्य ईवीएम में कैद

*लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 सीटों पर मंगलवार को मतदान सम्पन्न हो गया। इस फेज में अमित शाह, प्रह्लाद जोशी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान और डिंपल यादव समेत कई बड़े नेताओं के भाग्य का फैसला होगा।*

**लोकसभा चुनाव फेज तीन के बड़े उम्मीदवार**



**✔ अमित शाह (गांधीनगर, गुजरात)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात के गांधीनगर सीट से चुनावी मैदान में हैं। वह दूसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट से पहले लाल कृष्ण आडवाणी चुनाव लड़ते थे। भाजपा यहां 1989 से नहीं हारी है। अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की प्रत्याशी सोनल पटेल से है। 2019 में अमित शाह ने इस सीट से 5.55 लाख से अधिक वोटों के जीत पायी थी।



**✔ ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना, मध्य प्रदेश)**

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से चुनाव लड़ रहे हैं। वह पहले कांग्रेस में थे। 2020 में भाजपा में शामिल हुए थे। 2019 में कांग्रेस के टिकट पर वह चुनाव लड़े थे, लेकिन भाजपा के कृष्ण पाल सिंह से हार गये थे। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के यादवेंद्र राव देशराज सिंह से है।



**✔ डिंपल यादव (मैनपुरी, उत्तर प्रदेश)**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से चुनाव लड़ रही हैं। इस सीट से मुलायम सिंह यादव चुनाव लड़ते थे। उनका मुकाबला बीजेपी के जयवीर सिंह ठाकुर से है।



**✔ सुप्रिया सुले (बारामती, महाराष्ट्र)**

शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले महाराष्ट्र के बारामती से चुनाव लड़ रहीं हैं। 1996 से बारामती का प्रतिनिधित्व पहले शरद पवार और फिर सुप्रिया सुले ने किया। 2019 में सुले ने भाजपा प्रत्याशी कंचन राहुल को 1.5 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हराया था।



**✔ सुनेत्रा पवार (बारामती, महाराष्ट्र)**

सुनेत्रा पवार अजीत पवार की पत्नी हैं। एनसीपी में टूट के बाद दो पार्टी बनी है। एक का नेतृत्व शरद पवार और दूसरे का नेतृत्व अजीत पवार कर रहे हैं। बारामती में चुनावी लड़ाई पवार बनाम पवार है।



**✔ दिग्विजय सिंह (राजगढ़, मध्य प्रदेश)**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश के राजगढ़ से चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने इसे अपना अंतिम चुनाव कहा है। उनका मुकाबला भाजपा के रोडमल नागर से है।



**✔ शिवराज सिंह चौहान (विदिशा, मध्य प्रदेश)**

शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम हैं। पिछले साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने शिवराज को हटाकर नये चेहरे मोहन यादव को सीएम बनाया। शिवराज विदिशा से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है।



**✔ प्रल्हाद जोशी (धारवाड़, कर्नाटक)**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से चुनाव लड़ रहे हैं। जोशी 2004 से इस सीट से जीतते आ रहे हैं। इस बार वह कांग्रेस के विनोद आसुती के खिलाफ मैदान में हैं।



**✔ अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर, प. बंगाल)**

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी 2009 से 2019 तक तीन बार बहरामपुर से कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 2019 में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की अपूर्बा सरकार को 80 हजार से अधिक वोटों से हराया था। इस बार उनका मुकाबला बीजेपी के निर्मल साहा और टीएमसी के पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान से है।



**✔ बदरुद्दीन अजमल (धुबरी, असम)**

ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के अध्यक्ष बदरुद्दीन अजमल 2009 से धुबरी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के रकीबुल हुसैन से है।

---

विपक्षी दलों ने मतदान आंकड़ों में विसंगतियों पर जतायी चिंता, खड़गे बोले –

# चुनाव आयोग की विश्वसनीयता निचले स्तर पर पहुंची

- **आईएनडीआईए समूह के घटक दलों के नेताओं को लिखे पत्र में खड़गे ने जाहिर की चिंता**

एजेंसी



**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। श्री खड़गे ने आईएनडीआईए समूह के घटक दलों के नेताओं को लिखे पत्र में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मतदान आंकड़ों में विसंगतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। उन्होंने कहा - यह पब्लिक डोमेन में है कि कैसे ईसीआई ने शायद इतिहास में पहली बार लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के अंतिम मतदान प्रतिशत जारी करने में विलंब किया। उन्होंने नेताओं से आग्रह किया कि राष्ट्रीय हित में सभी को लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत डेटा जारी करने में विलंब पर ईसीआई से सामूहिक रूप से सवाल पूछना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पत्र में ईसीआई से पूछा - मतदान की समाप्ति की अवधि 19 अप्रैल 19.00 बजे से लेकर 30 अप्रैल को मतदाता मतदान डेटा के देरी से जारी होने तक अंतिम मतदान प्रतिशत में 5.5 की वृद्धि कैसे हुई। इसी प्रकार दूसरे चरण के लिए मतदान की समाप्ति अवधि 26 अप्रैल शाम 19.00 बजे से 30 अप्रैल को डेटा के देरी से जारी होने तक अंतिम मतदान प्रतिशत में 5.74 से अधिक की वृद्धि कैसे हुई।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि इन तथ्यों के आधार पर क्या यह अंतिम परिणामों के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास हो सकता है। उन्होंने जोर दिया कि यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी पहले दो चरणों में मतदान के रूख से घबराये हुए और निराश थे। उन्होंने कहा - पूरा देश जानता है कि सत्ता के नशे में चूर एक निरंकुश शासन कुर्सी पर बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इंडिया समूह का मुख्य उद्देश्य एक जीवंत लोकतंत्र की संस्कृति और देश के संविधान की रक्षा करना है।

---

## चुनाव आयोग न्याय करे : दिग्विजय

**राजगढ़/भोपाल :** मध्य प्रदेश के राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह उनका आखरी चुनाव है और हम अब युवाओं को मौका देंगे। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण को लेकर जारी मतदान के बीच मीडिया से चर्चा के दौरान श्री सिंह ने ईवीएम पर सवाल उठाए हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता चुनाव को प्रभावित कर रहे है। उन्होंने कहा कि ये मेरा आखिरी चुनाव इसलिए है और मैं 77 साल का हो गया हूं और हम नये युवा को मौका देंगे। हमें जीतने की उम्मीद 100 प्रतिशत है।

---

# फर्स्ट टाइम वोटर्स को उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया खास संदेश



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों से चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। देश में चल रहे तीसरे चरण के मतदान के बीच एक वीडियो संदेश में उन्होने कहा कि वोट देना हर नागरिक का अधिकार है और कर्तव्य भी है। विशेष रूप से पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं से उन्होंने मतदान अवश्य करने को कहा है। उपराष्ट्रपति का कहना है कि आपका वोट शासन व्यवस्था में आपकी भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट अवश्य करें, हर हालत में करें। प्रजातंत्र में प्रजा हमारी मालिक है, प्रजा सर्वोपरि है। आपका वोट भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य तय करेगा। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए वोटिंग जारी है। लोकसभा चुनाव के अभी चार चरण और होने हैं। लोकसभा चुनाव की यह प्रक्रिया एक जून तक जारी रहेगी। एक जून को मतदान का आखिरी चरण है और 4 जून को वोटों की गिनती होगी। इस बीच उप राष्ट्रपति ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वोट देना आपका अधिकार और कर्तव्य है। आपका वोट शासन की रूपरेखा, अर्थव्यवस्था की स्थिति और दुनिया में हमारी ताकत को परिभाषित करेगा।

---

**वार-पलटवार** | लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी पर भाजपा का वार, कहा -

# मुस्लिम आरक्षण का जिन्न चिराग से आया बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आरक्षण को लेकर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि चुनाव के वक्त मुस्लिम आरक्षण का जिन्न चिराग से बाहर आ गया है। मंगलवार को राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने इस पर मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने जो आशंकाएं व्यक्त की थीं, वे अब पूरी तरह सच साबित हो रही हैं। मुस्लिम आरक्षण का जिन्न इंडी गठबंधन के चिराग से बाहर आ गया है, जिसका असर दक्षिण से लेकर गंगा के मैदानी इलाकों तक आसमान में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव द्वारा दिये गये बयान में गौर करने वाली बात ये है कि जब उनसे मुस्लिम समुदाय के बारे में सबसे गंभीर बात पूछी गयी तो उन्होंने कहा कि हां, मुसलमानों को मिलना चाहिए, आरक्षण 'पूरा का पूरा।' इससे साफ हो गया कि वे एससी, एसटी और ओबीसी का हिस्सा छीनकर मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को मतदान करने के बाद मीडिया ने लालू प्रसाद यादव से पूछा कि क्या कांग्रेस और इंडी गठबंधन ओबीसी का आरक्षण लेकर मुसलमानों को आरक्षण दे रहे हैं तो लालू ने कहा कि रिजर्वेशन तो मिलना चाहिए। मुसलमानों को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए।



### शिवसेना के पूर्व सांसद राजेंद्र गावित भाजपा में शामिल



**मुंबई :** पालघर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद राजेंद्र गावित मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा में गावित का स्वागत उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने किया। देवेंद्र फड़णवीस ने पत्रकारों को बताया कि गावित पिछले चुनाव में पालघर से भाजपा सांसद चुने गये थे। 2019 में शिवसेना से भाजपा का गठबंधन था और उस वक्त शिवसेना के साथ समझौते की वजह से गावित शिवसेना में शामिल हुए थे और पालघर सीट पर चुनाव लड़कर विजयी हुए थे। इस बार भाजपा और शिवसेना शिंदे समूह के बीच समझौते में पालघर की सीट भाजपा के पास है।

---

### बिहार डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने जतायी कड़ी आपत्ति

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के मुसलमानों के लिए आरक्षण की वकालत करने पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बड़ा हमला बोला है। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू यादव को दो टूक कहा है कि किसी भी कीमत पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि लालू यादव कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन मुसलमानों को विशेष आरक्षण नहीं दिया जायेगा। अति पिछड़े समाज, दलित समाज, पिछड़े समाज और गरीब सवर्ण समाज के लोगों का आरक्षण किसी भी कीमत पर भाजपा खत्म नहीं होने देगी। तेजस्वी यादव की ओर से एनडीए की सरकार को 'राक्षस राज' कहने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि ये उनकी मानसिकता है। उनके पिता ने बिहार को असुरी ताकत से चलाया है, बिहार में जंगल राज स्थापित किया था।

